CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 24°C

मेरठ, रविवार 17 अगस्त 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 76 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 22 सफर 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## राहुल गांधी ने 'वोट चोरी' पर वीडियो किया जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी को लेकर एक बार फिर चुनाव आयोग को घेरा। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया पर 'लापता वोट' लिखकर एक वीडियो शेयर किया। हालांकि, इसमें चुनाव आयोग का जिक्र नहीं किया।

उन्होंने लिखा कि चोरी चोरी, चुपके चुपके अब और नहीं, जनता जाग गई है। इसके बाद कांग्रेस ने एक्स पर लिखा कि आपके वोट की चोरी, अधिकारों की चोरी है। आइए हम सब मिलकर वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाएं और अपने अधिकारों को बचाएं। वीडियो में एक व्यक्ति पुलिस थाने पहुंचता है। खर्राटे ले रहे पुलिसकर्मी से बोलता है। साहब...साहब मुझे रिपोर्ट लिखाना है। पुलिसकर्मी कहता है कि अबे यहां रिपोर्ट नहीं लिखाएगा, तो क्या करेगा। तब वह व्यक्ति कहता है कि मुझे चोरी की रिपोर्ट लिखानी है। पुलिसकर्मी कहता है, अबे क्या चोरी हो गया। व्यक्ति कहता है कि साहब..साहब वोट चोरी हो गया है। उसका वोट चुरा लिया गया है। वह अधिकारियों से कहता है कि लाखों वोट चुराए जा रहे हैं। इससे पुलिसकर्मी यह सोच में पड़ जाते हैं कि क्या उनका वोट भी चुराया गया है। यह एक मिनट लंबा वीडियो है। एक व्यक्ति जब वोट चोरी की रिपोर्ट लिखाने आता है, तो इंस्पेक्टर चौंक कर उठ जाता है। व्यक्ति कहता है कि मेरा वोट नहीं बल्कि लाखों लोगों का वोट चोरी हुआ है।

**एक बार फिर चुनाव आयोग को घेरा, लिखा- चोरी चोरी, चुपके चुपके, अब और नहीं, जनता जाग गई**



## किश्तवाड़ में अब तक 65 शव बरामद

**500 से ज्यादा लोग रेस्क्यू किए गए, 200 अभी लापता**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के चसोटी गांव में सर्च-रेस्क्यू का शनिवार को तीसरा दिन था। 14 अगस्त की दोपहर 12.25 बजे यहां बादल फटा था। इस कारण मलबे में दबने से अब तक 65 लोगों की मौत हो चुकी है। अब तक 40 शवों की पहचान की जा चुकी है। 500 से ज्यादा लोग रेस्क्यू किए गए हैं, जबकि 200 लोग अब भी लापता हैं। घायलों की संख्या 180 है, जिनमें से 40 की हालत गंभीर है। सभी घायलों को किश्तवाड़-जम्मू के अस्पतालों में भर्ती किया गया है। 75 लोगों की डिटेल उनके परिजन ने प्रशासन को दी है। रेस्क्यू में एनडीआरएफ की 3 टीमें, सेना (300+ जवान), व्हाइट नाइट कोर मेडिकल टीम, पुलिस, एसडीआरएफ और अन्य एजेंसियां रेस्क्यू में जुटी हैं। जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला शनिवार को चसोटी पहुंचे। उन्होंने आपदा पीड़ितों से मुलाकात की।

# पुतिन संग ट्रम्प की तीन घंटे चली बैठक, बेनतीजा

### दोनों नेताओं के बीच नहीं हुई कोई डील, 12 मिनट प्रेस कॉन्फ्रेंस कर हुए रवाना

वाशिंगटन, वार्ता



- पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया, ट्रम्प ने बैठक को 10 में से 10 अंक दिए
- रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने कहा : उनके लिए रूस की सुरक्षा सबसे जरूरी

**रूसी राष्ट्रपति** पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने शुक्रवार देर रात अलास्का में मुलाकात की। उनके बीच यूक्रेन जंग खत्म करने पर करीब 3 घंटे मीटिंग हुई। इसके बाद दोनों नेताओं ने सिर्फ 12 मिनट की जाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने पत्रकारों के किसी सवाल का जवाब नहीं दिया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ट्रम्प ने कहा कि मुझे लगता है कि हमारी बैठक बहुत सकारात्मक रही। हमने कई बिंदुओं पर सहमति जताई, लेकिन कोई डील नहीं हुई। कोई समझौता तभी होगा जब वह अंतिम रूप लेगा। ट्रम्प ने इस बैठक को 10 में से 10 अंक दिए। पुतिन ने कहा उनके लिए रूस की सुरक्षा सबसे जरूरी है। उन्होंने अगली मीटिंग मास्को में करने का सुझाव दिया।

### भारत ने कहा: बातचीत से ही समाधान संभव

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की अलास्का में शिखर बैठक के दौरान रूस-यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम से संबंधित बातचीत में हुई प्रगति की सराहना करते हुए कहा है कि केवल संवाद और कूटनीति से ही समाधान संभव है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर सिंह जायसवाल ने शनिवार को कहा कि भारत अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शिखर वार्ता का स्वागत करता है। शांति की दिशा में उनका नेतृत्व अत्यंत सराहनीय है। दोनों नेताओं के बीच बातचीत में प्रगति से यूक्रेन और रूस के बीच संघर्ष के शीघ्र समाधान की उम्मीद जताते हुए प्रवक्ता ने कहा कि भारत शिखर वार्ता में हुई प्रगति की सराहना करता है।

## NCERT सिलेबस का नया कंटेंट बना भारत विभाजन

**कांग्रेस, जिन्ना और माउंटबेटन को दोषी बताया, कंटेंट रेगुलर सिलेबस का हिस्सा नहीं**

नई दिल्ली, वार्ता

**एनसीईआरटी ने** क्लास 6 से 8 और 9 से 12 के लिए 2 नए मॉड्यूल जारी किए हैं। नियमित किताबों से अलग ये मॉड्यूल्स देश के बंटवारे की विभीषिका पर आधारित हैं। इसमें मोहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस पार्टी और लार्ड माउंटबेटन को बंटवारे का दोषी बताया गया है।

मॉड्यूल बताता है कि जिन्ना ने बंटवारे की मांग की, कांग्रेस ने इसे स्वीकार कर लिया और माउंटबेटन ने इसे लागू कर दिया। ये जानकारी विभाजन के दोषी टॉपिक में जोड़ी गई है। मॉड्यूल में देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के एक भाषण का अंश भी शामिल किया गया है। नेहरू ने कहा था कि हम एक ऐसी स्थिति पर आ गए हैं, जहां हमें या तो विभाजन को स्वीकार -शेष पृष्ठ दो पर

### हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग ने कराया विभाजन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने देश विभाजन के बारे में राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा प्रकाशित 'विभाजन के दोषी' शीर्षक मॉडयूल पर सवाल उठाते हुए कहा है कि देश के बंटवारे के लिए हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग की 'जुगलबंदी' जिम्मेदार है और इतिहास का सबसे बड़ा खलनायक आरएसएस है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने संवाददाता सम्मेलन में एनसीईआरटी के -शेष पृष्ठ दो पर

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
• आंखे पथराना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना
• मुंह से झाग निकलना
• मुंह एक तरफ हो जाना
• जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
• मुट्ठियां कसना
• गर्दन टेढ़ी पड़ना
• अचानक झटका-सा लगना
• घे-घे-औं-औं की आवाज आना
अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट
जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।




xmart
To book online visit auto.mahindra.com.
SHREE SHYAM JI AUOTMOTIVE — MEERUT 7428594673, 7302255500; BAGHPAT 7428594673
JAI KUMAR ARUN KUMAR PVT. LTD. — MEERUT 9711831908, 8929469900; MAWANA 9711831908; SARDHANA 9711831908
A2Z AUTOWHEELS PVT. LTD. — MUZAFFARNAGAR 7617595008, 8392954021; SHAMLI 7617595008
SHIVA AUTOCORP — BULANDSHAHAR 7617595010, 8929088709
TIRUPATI VEHICLES PVT. LTD. — BIJNOR 7617595014; SAHARANPUR 7617595014; GAJRAULA 7617595014; DHAMPUR 7617595014; DEOBAND 7617595014; GANGOH 7617595014

संक्षिप्त समाचार

## ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और कोच सिम्पसन का निधन

**मेलबर्न।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान और कोच बॉब सिम्पसन का शनिवार को 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट में एक प्रभावशाली व्यक्ति सिम्पसन ने अपने देश के लिए 62 टेस्ट खेले और टीम के पहले पूर्णकालिक कोच के रूप में, एलन बॉर्डर और मार्क टेलर के कप्तानी कार्यकाल के दौरान 1980 और 1990 के दशक के अंत में टीम को उभरने में मदद की। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चेयरमैन माइक बेयर्ड ने कहा कि बॉब सिम्पसन ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के महान खिलाड़ियों में से एक थे और यह उन सभी के लिए दुखद दिन है, जिन्होंने उन्हें खेलते हुए देखा है या जिन्होंने उनके कोचिंग कार्यकाल के दौरान उनसे कुछ सीखा है।

## जीएसटी को सरल बनाने पर हो चर्चा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि देश में निजी निवेश और निजी खपत कमजोर रहने से अर्थव्यवस्था की गति तेज नहीं हो सकती, इसलिए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार कर उसे सरल तथा सूक्ष्म, लघु मध्यम उद्यम (एसएमएसई) के अनुरूप बनाया जाना चाहिए, इसलिए इस पर व्यापक चर्चा जरूरी है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां एक वक्तव्य में कहा कि अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए जीएसटी में सुधार उनके घोषणा पत्र का हिस्सा रहा है और आखिरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लाल किला की प्राचीर से देश को संबोधित करते हुए इसकी याद आयी। यह देश की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा है। पिछले डेढ़ साल से भी अधिक समय से कांग्रेस बुनियादी रूप से परिवर्तित जीएसटी 2-0 की मांग कर रही है।

# मातृ शक्ति को सम्मान दे रही डबल इंजन सरकार: योगी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार मातृ शक्ति के सम्मान में कई कदम उठा रही है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा की पीएम मोदी की प्रेरणा से कामकाजी महिलाओं के लिए श्रमजीवी छात्रावासों का निर्माण करवा रही है। ये छात्रावास महिलाओं के लिए काफी उपयोगी साबित होगा। मातृ शक्ति के प्रति सम्मान को लेकर यूपी सरकार कदम उठा रही है। कई तरह के रचनात्मक कार्यों को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। योगी ने कहा कि अवंतीबाई लोधी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उन्होंने भारत की आज़ादी के लिए उस समय की तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए नेतृत्व किया था। उनका बलिदान हर भारतवासी के लिए एक प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि बदायूं में एक

**महिलाओं के लिए बनवा रहे श्रमजीवी छात्रावास**

नई महिला पीएसी बटालियन का गठन किया है। एक प्रतिमा की स्थापना भी की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की वीरांगनाओं को सम्मान देने के लिए केंद्र की बीजेपी सरकार और राज्य सरकार मिलकर काम कर रहे हैं। तीन नई महिला बटालियन का गठन वीरांगनाओं के नाम पर किया गया है। कार्यक्रम में शरीक होने से पहले सीएम योगी ने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि स्वाधीनता संग्राम सेनानी, साहस व शौर्य की प्रतिमूर्ति, महान वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी को उनकी जयंती पर विनम्र श्रद्धांजलि! उन्होंने लिखा-आपका क्रांतिकारी संघर्ष, मातृभूमि के प्रति निष्ठा एवं बलिदान हमारी और आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे।

### राजनीतिक साधना के प्रतीक पुरुष थे अटल: सीएम

**लखनऊ (ब्यूरो)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को देश के पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने कहा कि अटल वाकई में राजनीतिक साधना के प्रतीक पुरुष थे। मुख्यमंत्री योगी ने शनिवार को लोकभवन में स्थित अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस मौके पर उनके साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी मौजूद थे। इस दौरान योगी ने पूर्व पीएम को याद करते हुए कहा कि भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, पूर्व प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर आज उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धेय अटल जी की छह दशकों की राजनीतिक यात्रा पूरी भारतीय राजनीति को एक नई दिशा देती है। योगी ने कहा कि उनकी पावन स्मृतियों को नमन। जननायक, भारतीय राजनीति के अजातशत्रु, राष्ट्रधर्म के निर्भीक प्रहरी, पूर्व प्रधानमंत्री, 'भारत रत्न' श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा कि वे भारतीय राजनीति में शुचिता के शिल्पकार, संवाद में सौम्यता तथा संयम के स्वर, राष्ट्रनीति में नैतिकता और राष्ट्रधर्म के ध्वजवाहक थे। श्रद्धेय अटल जी सच्चे अर्थों में राजनीतिक साधना के प्रतीक पुरुष थे। गौरतलब है कि इससे पहले उन्होंने शनिवार को वीरांगना अवंतीबाई लोधी की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सीएम योगी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार मातृ शक्ति के सम्मान में कई कदम उठा रही है।

# कांग्रेस ने भाजपा को मतदाता संघ व उपराष्ट्रपति चुनाव पर घेरा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी को मतदाता सूची, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उपराष्ट्रपति चुनाव पर घेरते हुए कहा कि उनकी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जब-जब यात्रा शुरू की लोकतंत्र ने करवट ली है और इस बार बिहार में वोटर अधिकार यात्रा शुरू की जा रही है, इसलिए वहां बदलाव आएगा।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने शनिवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में यह बात कही। उन्होंने मतदाता सूची मामले में भाजपा को घेरते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय स्वयं संघ (आरएसएस) का नाम लेने पर, उपराष्ट्रपति चुनाव और पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के गायब होने को लेकर भी घेरा। खेड़ा ने बिहार में वोटर अधिकार यात्रा की आधिकारिक जानकारी देते हुए कहा कि गांधी की वोटर अधिकार यात्रा रविवार से बिहार की सासाराम में शुरू हो रही है, जो 16 दिन में 1300 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। उनका कहना था कि यह बिहार में परिवर्तन की यात्रा होगी। उन्होंने लोगों से बड़ी संख्या में यात्रा से जुड़ने का आह्वान किया और यह यात्रा बिहार में बदलाव लाने वाली यात्रा साबित होगी। उन्होंने कहा कि जब भी राहुल गांधी जी यात्रा के लिए निकले हैं, इस देश के लोकतंत्र ने करवट ली है।

# गणशेखरन ने जीता डब्ल्यूटेटे फीडर विएंतियाने पुरुष एकल का खिताब

**विएंतियाने।** भारत के सत्यन गणशेखरन ने डब्ल्यूटेटे फीडर विएंतियाने 2025 टेबल टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल मुक. ाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराकर पुरुष एकल खिताब जीता।

लाओस के आईटीईसीसी मॉल में शुक्रवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 99वें स्थान पर काबिज भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी ने फाइनल में जापान के विश्व नंबर 95 रयोइची योशियामा को 3-0 (11-4, 11-6, 12-10) से हराया। यह मुकाबला सिर्फ 25 मिनट तक चला। टूर्नामेंट की शुरुआत में दूसरे वरीयता प्राप्त जी- सत्यन ने पहले राउंड में लाओस के वाइल्डकार्ड खिलाड़ी अनाने वोंगसा को 3-0 (11-5, 11-4, 11-7) से हराया। इसके बाद उन्होंने सिंगापुर के ली एल्सवर्थ को 3-1 (3-11, 11-2, 11-7, 11-7) और हमवतन अक्ष पॉल को कड़े मुकाबले में 3-2 (11-9, 11-4, 4-11, 10-12, 11-8) से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में सत्यन ने हांगकांग के क्वान टो यिउ को 3-0 (11-3, 11-5, 12-10) से मात दी। चौथी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने प्री-क्वार्टरफाइनल में हांगकांग के यिक मैन पाउ और चुन कित चोय को 3-2 (14-12, 10-21, 11-5, 6-11, 11-6) से हराया। क्वार्टरफाइनल में उन्होंने सऊदी अरब के ओलंपियन अली अलखद्रावी और अब्दुलअजीज बु शुलैबी को 3-2 (8-11, 11-9, 11-5, 8-11, 11-7) से मात दी। वहीं सेमीफाइनल में उन्हें हांगकांग के मैन हो क्वान और हॉन मिंग ली को मात दी।

### यूपी के 20 जिलों में बाढ़: फर्रुखाबाद में गर्भवती ने नाव पर तोड़ा दम

# बाढ़ का पानी गांवों में घुसा, आमजन बेहाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी में गंगा और यमुना समेत कई नदियों के उफान से 20 जिलों में हालात खराब हो गए हैं। कई जिले बाढ़ की चपेट में हैं और बाढ़ का पानी गांवों में घुस गया है। फर्रुखाबाद जिले में बाढ़ से 3 तहसीलों के करीब 50 गांव प्रभावित हैं. यहां एनडीआरएफ और फ्लैट पीएससी की टीमें तैनात हैं। प्रशासन लगातार जल स्तर पर नजर बनाए हुए हैं। बाढ़ में कई बीघा फसल डूब चुकी हैं, आम जनजीवन बेहाल है। इसके अलावा लखीमपुर खीरी में बाढ़ का प्रकोप जारी है। बीते दिन एक मंदिर शारदा नदी के कटाव में समा गया।



पीलीभीत की देवहा नदी में 51000 क्यूसेक पानी छोड़े जाने से नदी उफान पर है। निचले इलाकों में आंशिक रूप से जलभराव के मामले बीच सामने आ रहे हैं। नदी में लगातार बढ़ता जलस्तर देखकर प्रशासनिक टीम अलर्ट मोड पर हैं। निचले इलाकों में जाकर लोगों को अनाउंसमेंट कर जागरूक किया जा रहा है। लोगों को सतर्क रहने के साथ-साथ ऊंचे स्थानों पर जाने की अपील की जा रही है। दरअसल पीलीभीत शहर के करीब से होकर गुजरने वाली देवहा नदी में 40000 क्यूसेक से ऊपर पानी जब भी छोड़ जाता है, तब यह नदी उफान पर आ जाती है। पीलीभीत के हजारा थाना क्षेत्र में बहने वाली शारदा नदी में भी पहाड़ों पर लगातार हो रही बारिश का असर देखा जा रहा है। इस नदी में भी 2 लाख क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया है, जिसके कारण नदी का जलस्तर बढ़ गया है। नदी ने कटान कर अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू कर दिया है। नदी किनारे बसे राहुल नगर कबीरगंज समेत कई गांव के लोग लगातार हो रहे कटान को देखकर भयभीत हैं।

### आज वेस्ट यूपी में भारी वर्षा की चेतावनी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के भारतीय मौसम विज्ञान विभाग लखनऊ केंद्र ने आज रविवार 17 अगस्त के लिए राज्य में बारिश का पूर्वानुमान जारी किया है। इस पूर्वानुमान के अनुसार, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भारी बारिश होने की संभावना है, जिसके लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। लोगों को सलाह दी गई है कि वे खराब मौसम के दौरान सुरक्षित रहें और वज्रपात की घटनाओं से बचने के लिए एहतियात बरतें। मौसम विभाग ने सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, मुरादाबाद, संभल, हापुड़ और रामपुर के आसपास के इलाकों में भारी बारिश का अनुमान जताया है, जबकि सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, आगरा, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, संभल, बदायूं और ललितपुर के आसपास के इलाकों में गरज-चमक के साथ बारिश और वज्रपात की संभावना है।



सेंसेक्स 80539.91
निफ्टी 24619.35



सोना रु. 100023
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 114933
प्रति किलो



# भारत को अमेरिका के जवाब में करने चाहिए बाजार विविधीकरण के समझौते: विश्लेषक

**नई दिल्ली।** विश्लेषकों का कहना है कि भारत को हिंद महासागर तटीय एसोसिएशन के देशों के साथ अपनी मजबूत पहल पर आधारित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) करने का साहिक कदम उठाना चाहिए और 'क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी' (आरसीईपी) तथा 'प्रशांतपारीय भागीदारी के लिए व्यापक एवं प्रगतिशील समझौते' (सीपीटीपीपी) जैसे प्रमुख क्षेत्रीय व्यापार समूहों की सदस्यता प्राप्त करनी चाहिए।

विश्लेषकों की राय है कि इससे न केवल भारत का व्यापारिक दायरा बढ़ेगा, बल्कि षरणनीतिक स्वायत्तताष के प्रति देश की स्पष्ट प्रतिबद्धता का भी संदेश जाएगा, जिससे भारत अपनी शर्तों पर बदलते भू-राजनीतिक समीकरणों को संभाल सकेगा। यह विचार ऐसे समय में आया है, जब

**भारत अपनी शर्तों पर बदलते भूराजनीतिक समीकरणों को संभाल सकेगा**

भारत पर अमेरिका ने सात अगस्त से 25 प्रतिशत आयात शुल्क और रूसी तेल खरीदने के कारण 27 अगस्त से प्रभावी 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को अलास्का में रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के साथ यूक्रेन में शांति के मुद्दे पर बैठक की। ट्रम्प ने बातचीत से पहले कहा कि उन्होंने (रूस ने) अपने तेल ग्राहक भारत को खो दिया है, जो (उसका) 40 प्रतिशत तेल खरीद रहा था। चीन (अब भी) बहुत अधिक खरीद कर रहा है। अगर मैंने (भारत पर) पहले के बाद दूसरा शुल्क लगाया तो यह विनाशकारी होगा, लेकिन यदि मुझे लगाना पड़ा, तो मैं लगाऊंगा, शायद मुझे लगाना ही न पड़े। भारत के पूर्व राजदूत अनिल त्रिगुणायत ने व्यापार समझौते के लिए चल रही बातचीत के बीच अमेरिकी शुल्कों को 'पूरी तरह अनुचित, बेतुके और अतार्किक' बताया। रूसी तेल का बहाना बिल्कुल चलने लायक नहीं है। यूरोपीय संघ, चीन और यहां तक कि अमेरिका भी रूसी युद्ध मशीनरी में धन का ईंधन डाल रहे हैं। अपने हित के लिए ये सभी देश रूस से गैस और दुर्लभ मृदाओं का आयात बढ़ा रहे हैं। रूसी कच्चे तेल के व्यापार पर 'प्रतिबंध नहीं है', केवल कीमतों पर अधिकतम सीमा लगाई गई है और अमेरिका ने बार-बार स्वीकार किया है कि भारत की खरीद ने वैश्विक तेल बाजारों को स्थिर करने में मदद की है, साथ ही यूरोप और अमे. रिका को परिष्कृत उत्पादों की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की है।

## इस सप्ताह 919 सस्ता हुआ सोना चांदी की कीमत 201 बढ़ी

**नई दिल्ली।** इस सप्ताह सोने के दाम में गिरावट रही, जबकि चांदी महंगी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार इस हफ्ते के कारोबार के बाद 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 919 रुपए घटकर 1,00,023 रुपए पर पहुंच गया। पिछले हफ्ते के आखिरी दिन शुक्रवार को यह 1,00,942 रुपए प्रति 10 ग्राम था। चांदी की कीमत हफ्तेभर में 201 रुपए बढ़कर 1,14,933 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। आबुजेए के अनुसार 24 कैरेट सोने का दाम 74 रुपए कम होकर 1,00,023 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया। चांदी की कीमत शनिवार को 342 रुपए कम होकर 1,14,933 रुपए प्रति किलो हो गई है। देश के महानगरों दिल्ली में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 93,050 रही, जबकि मुंबई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 थी। कोलकाता में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,015,00 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 थी, वहीं चेन्नई में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,350 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,900 रही, जबकि भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,01,400 और 22 कैरेट सोने की कीमत 92,950 रही।

# यूपी में सालाना फास्टैग की सुविधा शुरू 3000 देकर 200 बार पार कर सकेंगे टोल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** सालाना फास्टैग की सुविधा 15 अगस्त की आधी रात से शुरू हो गई है। वार्षिक फास्टैग से एक साल में 200 बार टोल प्लाजा से निकला जा सकता है। यदि 365 दिन से पहले 200 बार टोल पार कर लिया, तो फास्टैग को दोबारा रिचार्ज कराना पड़ेगा। यह सुविधा निजी चार पहिया वाहनों को ही मिलेगी।

टोलप्लाजा कर्मियों को इसका प्रशिक्षण भी दिया गया। लखनऊ शहर के आसपास के टोल से औसतन 15000 कारें, जीप, वैन निकलती हैं। इनमें से लगभग एक हजार चार पहिया वाहन टैक्सी कोटे के और शेष निजी वाहन होते हैं। कमोबेश इतने ही इन श्रेणियों के निजी वाहन कानपुर -प्रयागराज राजमार्ग, कानपुर-सागर राजमार्ग, कानपुर-लखनऊ राजमार्ग से निकलते हैं। चेचिस



नंबर से फास्टैग बनवाने वालों को गाड़ी नंबर दर्ज कराना अनिवार्य होगा। जिनमें यह नंबर नहीं है, उन्हें वार्षिक फास्टैग की सुविधा नहीं मिलेगी। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पंकज यादव ने बताया कि निजी वाहन मालिक राजमार्ग यात्र एप से अभी वार्षिक फास्टैग की प्री बुकिंग करा सकेंगे। उनके फास्टैग 15 अगस्त को रात 12 बजते ही एक्टिवेट हो गया। एक बार टोल प्लाजा क्रॉस करते ही वाहन मालिक के पास इसका मैसेज और शेष सुविधा की जानकारी एसएमएस से मिल जाएगी। वार्षिक फास्टैग निजी वाहन की विंड शील्ड पर चिपकाना अनिवार्य है। ऐसा न करने पर उसे ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

### NCERT सिलेबस

करना होगा या निरंतर संघर्ष और अराजकता का सामना करना होगा। मॉड्यूल के अनुसार, 1947 और 1950 के बीच, विभाजन ने भारत की एकता को खंडित किया, शत्रुतापूर्ण सीमाएं बनाईं, सामूहिक हत्याएं और विस्थापन को बढ़ावा दिया। सांप्रदायिक अविश्वास को गहरा किया। पंजाब और बंगाल की अर्थव्यवस्थाओं को तबाह कर दिया। जम्मू-कश्मीर को सामाजिक, आर्थिक और जनसंख्या के तौर पर पतन के रास्ते पर डाल दिया। यह बाद में आतंकवाद के कारण और भी बदतर हो गया। एनसीईआरटीके स्पेशल मॉड्यूल कोर्स का हिस्सा नहीं होते, ये सप्लीमेंट्री मटेरियल होता है, जो कोई खास टॉपिक बच्चों को समझाने के लिए तैयार किया जाता है। इसे पोस्टर्स, चर्चाओं और वाद-विवाद के द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाता है। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर को भी स्पेशल मॉड्यूल में जोड़ा गया था। स्पेशल मॉड्यूल की प्रस्तावना में पीएम नरेंद्र मोदी के शब्दों को भी शामिल किया गया है। मोदी ने कहा था कि बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। हमारी लाखों बहनें और भाई विस्थापित हो गए और लोगों की नासमझी और नफरती हिंसा के कारण कई जानें गईं। संघर्षों और बलिदान की याद में हमारे लोग 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाएंगे। हाल ही में एनसीईआरटी कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की किताब में मुगल शासकों के धार्मिक फैसले, सांस्कृतिक योगदान और क्रूरता की नई व्याख्या की गई है। ये किताब 2025-26 एकेडमिक सेशन से ही स्कूलों में लागू होगी। किताब में बनारस, मथुरा और सोमनाथ में मंदिरों को तोड़ने और जैन, सिख, सूफी और पारसी समुदायों पर अत्याचार की घटनाओं का भी जिक्र है। इस बारे में एनसीईआरटी के एक अधिकारी ने कहा कि इतिहास की घटनाओं को मिटाया या नकारा नहीं जा सकता, लेकिन आज किसी को उनके लिए दोषी ठहराना गलत होगा। सत्ता की लालसा, अत्याचार या गलत महत्वाकांक्षाओं की शुरुआत को समझना ही ऐसा भविष्य बनाने का सही तरीका है, जहां ये घटनाएं दोबारा न हों।

**कांग्रेस ने कहा:**

14 अगस्त को जारी उस मॉड्यूल पर कहा कि इसमें 1938 की तारीख का जिक्र है या नहीं है। बंटवारे के इतिहास में 1938 बहुत महत्वपूर्ण तारीख है। इस वर्ष गुजरात में साबरमती के किनारे हिंदू महासभा का राष्ट्रीय अधिवेशन हुआ था, जिसमें ये स्पष्ट तौर से कहा गया था कि हिंदू और मुसलमान एक देश में नहीं रह सकते। उन्होंने कहा कि 1940, क्या यह है मॉड्यूल में। 1940 में इस जुगलबंदी को आगे बढ़ते हुए मुस्लिम लीग के लाहौर अधिवेशन में जिन्ना ने यही बात दोहराई थी। श्री खेड़ा ने कहा कि मैं दावे के साथ कह सकता हूं, 'इसमें) 1942 की भी ये तारीख भी नहीं लिखी होगी, जब हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग की मिलीजुली सरकार बनी थी। उस समय कांग्रेस ने तमाम प्रांतीय विधानसभाओं से इस्तीफा देकर सड़क पर उतरने के लिए भारत छोड़ो आंदोलन का आह्वान किया था। उस वक्त हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग ने गठजोड़ किया, गठबंधन किया, सरकारें बनाई एनडब्ल्यूएफपी में, बंगाल में, सिंध में और सिध की विधानसभा में विभाजन का प्रस्ताव पारित हुआ था। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि उस समय गठबंधन की सरकार थी हिंदू महासभा और मुस्लिम लीग की थी।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काशीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

राव नदीम एडवोकेट जिन्दाबाद
आवाम-ए-हिन्द पार्टी जिन्दाबाद
ऑल इण्डिया
आवाम-ए-हिन्द पार्टी
मिशन-2027
नया विजन-हमारा मिशन
हिन्दू-मुस्लिम साथ चलेगा, एकता का राज चलेगा।



राव नदीम एड.
राष्ट्रीय अध्यक्ष
साथियों हक और इंसाफ के लिए अपनी आवाज बुलंद करने के लिए आवाम-ए-हिन्द पार्टी से जुड़कर राव नदीम एड. के हाथों को मजबूत करें।
Ph. 9027879829, 9411626066

### सरूरपुर क्षेत्र के डाहर गांव में फैली सनसनी

# दो दिन पुराना शव मिलने से मचा हड़कंप

■ घर के अंदर हुई थी घटना, मां-बाप गहरे सदमे में, क्षेत्र में दौड़ी शोक की लहर



मृतक का फाइल फोटो।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरूरपुर।** क्षेत्र के डाहर गांव में शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब 35 वर्षीय युवक का शव घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। शव करीब दो दिन पुराना होने के कारण बुरी तरह सड़-गल चुका था। जैसे ही परिजनों ने शव देखा, चीख-पुकार मच गई और देखते ही देखते सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। मृतक की पहचान बिंदर पुत्र चंद्र किरण निवासी डाहर के रूप में हुई है। युवक का शव कमरे के अंदर पड़ा था। बदबू फैलने पर आसपास के लोगों को शक हुआ और जब परिजन कमरे में पहुंचे तो उनके होश उड़ गए।

#### मां-बाप का रो-रोकर बुरा हाल

बिंदर के शव को देखकर परिवार में कोहराम मच गया। मां-बाप अपने इकलौते बेटे के शव से लिपटकर बिलखते रहे। उनकी चीख-पुकार सुनकर गांव का हर शख्स गमगीन हो गया। पड़ोसियों और रिश्तेदारों ने किसी तरह परिजनों को संभालने की कोशिश की लेकिन घर का माहौल मातम में बदल गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अजय शुक्ला पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

**थाना प्रभारी ने बताया:** शव की हालत काफी खराब है, यह करीब दो दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ होगी। मामले की जांच हर पहलू से की जा रही है। इस घटना ने पूरे गांव को हिला कर रख दिया। एक ओर युवक की मौत से गांव में शोक की लहर है तो दूसरी ओर लोगों के बीच डर और तरह तरह की चर्चाएं हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इतनी रहस्यमयी हालात में शव का मिलना कई सवाल खड़े करता है। इस घटना ने क्षेत्र के लोगों को झंझोरकर रख दिया है। घटना के हर पहलू पर ध्यान दिया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। घटना का जल्द खुलासा किया जाएगा।

## कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ता पहुंचे दिल्ली मुख्यालय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वतंत्रता दिवस पर मेरठ कांग्रेस सेवा दल के जिला अध्यक्ष विनोद सोनकर के नेतृत्व में कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ता कांग्रेस मुख्यालय इंदिरा भवन दिल्ली पहुंचे। जहां राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडके ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान राहुल गांधी सहित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता गण व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे। विनोद सोनकर ने बताया कि सेवादल हमेशा से गरीबों के हितों की बात करती है हमारा प्रयास है कि कोई भी परेशान न हो।

## आज ग्राम बाफर में होगा ऑल इण्डिया सांगवान खाप मिलन समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ऑल इंडिया सांगवान खाप के द्वारा रविवार को चतुर्थ सांगवान परिवार मिलन समारोह का आयोजन ग्राम बाफर स्थित विवेक रिसोर्ट में किया जा रहा है। खाप अध्यक्ष उत्तर प्रदेश चौधरी बालिस्टर सांगवान ने बताया कि उत्तर प्रदेश में यह सम्मेलन पहली बार हो रहा है। इस सम्मेलन में सांगवान परिवारों के प्रतिभाशाली छात्र एवं विभिन्न क्षेत्रों खेलो, राजपत्रित अधिकारियों, सामाजिक क्षेत्रों आदि में सांगवान परिवारों का नाम रोशन करने वालों को सम्मानित किया जाएगा।

विवेक सांगवान बाफर ने बताया कि सांगवान मिलन समारोह की पूरी तैयारी कर ली गई है। दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश आदि राज्यों से आने वाले सभी सांगवान परिवारों के ठहरने एवं खाने आदि की व्यवस्था पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम में ऑल इंडिया सांगवान परिवार के प्रधान चौधरी सोमवीर सिंह सांगवान, सचिव चौधरी नरसिंह सांगवान विधायक चरखी दादरी, सुनील सांगवान, मनीषा सांगवान, पूर्व विधायक नरपेन्द्र सांगवान, पूर्व विधायक जगजीत सांगवान, पूर्व विधायक विजय भण्डोला सांगवान के अतिरिक्त अलीगढ़ से नरेंद्र सांगवान, पंजाब से हरजीत सिंह सांगवान, मध्य प्रदेश से राकेश सांगवान डीएसपी गुड़गांव गरिमा सांगवान, सांसद राजकुमार सांगवान, पूर्व एमएलसी जगतसिंह, कर्नल अरुण कुमार, चौधरी हरेंद्र सिंह आदि कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

## आजाद समाज पार्टी ने निकाली तिरंगा बाइक रैली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** आजाद समाज पार्टी के नेता सागर लिसाड़ी ने 79 वां स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर विशाल तिरंगा बाईक महारैली का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने विशाल तिरंगा बाइक रैली में देश भक्ति गानों पर झूम उठा। वहीं आजाद समाज पार्टी के नेता सागर लिसाड़ी व फहीम रंगरेज ने बताया कि हमारा देश 15 अगस्त 1947 को आजाद हुआ था जिसका हम भारतीय लोगों जश्न और खुशी मनाते हैं। विशाल तिरंगा बाइक रैली में लगभग तीन हजार से ज्यादा लोगों ने भाग लिया। रैली गांव लिसाड़ी, नूर नगर, रेलवे स्टेशन से होते हुए मेरठ कचहरी बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी की मूर्ति पर माल्यर्पण कर समापन किया गया। इस दौरान चरण सिंह एडवोकेट, बृज मोहन, पिंकल गुर्जर, अली शेर, अमित गुर्जर, साजेब रिजवी, मो. अनस, फाइम रंगरेज आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात युवक का शव मिलने से फैली सनसनी

### शुक्रवार की सुबह पूर्व जिला पंचायत सदस्य सड़क के किनारे मिले थे लहूलुहान

■ 24 घंटे में दो घटनाओं से क्षेत्र में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** चौकी क्षेत्र में बीते 24 घंटे के अंदर दो घटनाएं हो गई जिससे सनसनी फैल गई और लोगों के बीच तरह तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है। पहली घटना शुक्रवार सवेरे की है। चौकी क्षेत्र के ग्राम देदवा गांव के बाहर सोफीपुर मार्ग पर सड़क के किनारे पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजीव निवासी ग्राम चिरोडी थाना दौराला लहूलुहान हालत में पड़े थे सूचना पर लावड़ चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को राहगीरों की मदद से मोदीपुरम एसडीएस ग्लोबल अस्पताल पहुंचाया जहां उनका इलाज चल रहा है। इस घटना के 24 घंटे के अंदर ही शनिवार की सुबह लगभग 10 बजे कस्बे में कोल्ड स्टोरेज के सामने अंदावली रोड पर समय सिंह की ट्यूबवेल पर पेड़ के नीचे एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा था खेतों में काम करने गए लोगों ने इसकी सूचना भाजपा नेता मोहन सैनी को दी।

जिसके बाद मोहन सैनी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी इंचौली थाना प्रभारी जितेंद्र त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे उन्होंने शव की शिनाख्त कराने की काफी कोशिश की लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी शव के पास कोई आईडी या मोबाइल भी नहीं मिला केवल उसके हाथ पर मनोज लिखा हुआ था मृतक की उम्र लगभग 26 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए मेडिकल भिजवाया।

थाना प्रभारी जितेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि पूर्व जिला पंचायत सदस्य संजीव चिरोड़ी घायल अवस्था में मिले थे जिनका निजी अस्पताल ने इलाज चल रहा है उन्होंने बताया कि मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है जांच के बाद सच्चाई सामने आ सकेगी। वहीं अज्ञात शव मिलने पर थाना प्रभारी ने बताया कि युवक के एक हाथ पर मनोज लिखा हुआ है काफी मशक्कत के बाद भी युवक की पहचान नहीं हो सकी है शव को मोर्चरी भेज दिया गया है।

#### हत्या या आत्महत्या पुलिस की जांच में आएगा सामने

अज्ञात शव के गले में एक रस्सी बंधी हुई थी और आधी रस्सी पेड़ पर बंधी हुई थी जिससे कयास लगाए जा रहे हैं कि युवक ने पेड़ से लटककर आत्महत्या की होगी जिसके कुछ समय बाद रस्सी टूट गई होगी और शव नीचे गिर गया। हालांकि अभी कुछ भी कहना संभव नहीं है अब पीएम रिपोर्ट ओर पुलिस की जांच के बाद ही स्थिति साफ हो सकेगी कि युवक ने आत्महत्या की है या उसकी हत्या की गई है। पुलिस की कढ़ी मशक्कत के बाद भी मृतक की पहचान नहीं हो सकी युवक ने नीली जींस और चैक की शर्ट पहनी हुई है।

### एक नजर

## सेंट जेम्स के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने ए वतन तुझको मेरी कसम गीत गाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा सुभाषपुरी स्थित सेन्ट जेम्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 79वां स्वन्त्रता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानाचार्य डॉ. नवीन सिंह व मुख्य अध्यापिका अर्पणा सिंह ने किया। उन्होंने ध्वजारोहण कर राष्ट्रगीत गया। हेड ब्वाय चिराग लाटा ने स्वतन्त्रता दिवस पर अपना भाषण दिया। नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देशभक्ति गीत ए वतन तुझको मेरी कसम गाकर सबको मंत्रमुग्ध किया। मुख्य अध्यापिका द्वारा प्रेरणादायक भाषण दिया गया जिसमें बच्चों को आजादी के लिए संघर्ष करने वाले वीरों के योगदान को स्मरण किया व तिरंगे के महत्त्व को समझाया। प्रधानाचार्य डॉ. नवीन सिंह ने अपने संदेश में आजादी के महत्व को बच्चों को समझाया तथा देश की सुरक्षा व एकता के लिए संदैव तन, मन, धन, से न्यौछावर रहने के लिए प्रेरित किया व बच्चों को राष्ट्र के प्रति उनके कर्तव्य व अधिकारों के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

## सिवालखास में निकाली तिरंगा बाइक रैली



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** स्वतंत्रता दिवस पर ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा जानी क्षेत्र में बड़ी धूमधाम से निकलीं। जिसमें युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा गांव कुराली से निकली। जिसका आयोजन भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी के नेतृत्व में किया गया। यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के संयोजक व नेता राहुल ढडरा रहे। तिरंगा यात्रा में भारत माता और अमर शहीदों का गुणगान किया गया।

इंकलाब जिंदाबाद के नारों ने समा बंधा, जानी क्षेत्र तिरंगा यात्रा सबसे पहले कस्बा सिवाल खास भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर हिमालय पर हुआ। राहुल ढडरा ने कहां की बाबा भीमराव अंबेडकर जैसे महान व्यक्ति बार-बार पैदा नहीं होते उन्होंने संविधान लिखा था राहुल ढडरा ने कहा की हमें फक्र है कि हम तिरंगा झंडा लेकर अपने साथ चल रहे हैं और बड़े जोश और जज्बे के साथ इस पर्व को मना रहे है। तिरंगा यात्रा डालूहेड़ा रावा मोहम्मदपुर बहरामपुर खास नेक ढडरा अमानुल्लापुर सतवाई टिकरी और उसके बाद इसका समापन सिसोला खुर्द में किया गया। इस दौरान महामंत्री मनोज फौजी मंडल उपाध्यक्ष, अनुज जाटव, नरेंद्र सिसोला, रामधन सिसोला, हिमांशु, पवन प्रदेश कार्य सदस्य, राकेश कश्यप, मंडल मंत्री सहदेव जाटव, ब्रजवीर सैनी, मंडल के उपाध्यक्ष बंटी विश्वकर्मा दीपेश आदि मौजूद रहे।

## किड्जी एवं जेड बी स्कूल में ध्वजारोहण, नायाब तहसीलदार का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शांति कालोनी स्थित किडजी एवं जेड बी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नायाब तहसीलदार सचिन चौधरी ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तिरंगा फहराते ही पूरे प्रांगण में भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष गूंज उठे। ध्वजारोहण के बाद बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। नन्हे-मुन्नों ने देशभक्ति गीतों, कविताओं और नृत्यों से दर्शकों का दिल जीत लिया। विद्यालय परिसर देशभक्ति के गीतों और नारों से गूंज उठा।



कार्यक्रम के दौरान स्कूल प्रबंधक शोएब खान व अजमल हुसैन ने नायाब तहसीलदार सचिन चौधरी को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिथि ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमें देश की आजादी के लिए दी गई कुर्बानियों को याद करने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प लेने का दिन है। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## अधिवक्ता अरविंद कुलश्रेष्ठ पांच साल के लिए निलंबित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** एक मुकदमे में गलत पैरवी करना एक अधिवक्ता को भारी पड़ गया बार काउंसिल उत्तर प्रदेश ने अधिवक्ता को 5 साल के लिए न्यायिक कार्य करने से निलंबित कर दिया। सूत्रों के अनुसार शरद जैन व उनकी पत्नी लक्ष्मी देवी के षड़यंत्र में शामिल वकील अरविंद कुलश्रेष्ठ के द्वारा सचिव संजय जैन ऋषभ एकेडमी स्कूल पर झूठा मुकदमा करने के लिए व पैसो की अवैध उगाई के प्रमाणपत्र को झूठा बताने के लिए कोर्ट को गुमराह किया था। जांच में साबित हुआ है कि अधिवक्ता अरविंद न्यायालय को गुमराह करने की कोशिश कर रहे थे संजय जैन की शिकायत पर बार काउंसिल ने इसमें जांच कराई और दोषी अधिवक्ता को निलंबित कर दिया।

## स्वतंत्रता दिवस: डीएवी के विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शास्त्री नगर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में प्राध्यापक सतवीर सिंह विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राध्यापक स्नेह वीर सिंह विभागाध्यक्ष पॉलिटिकल साइंस, दिगंबर जैन डिग्री कॉलेज डॉ. अंशु अग्रवाल सह प्राध्यापिका साइकोलॉजी विभाग तथा डॉ. शर्मा क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी स्कूल, यूपी जोन-ए उपस्थित रहे। बीदेश की समृद्धि एकता और शांति का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराते हुए राष्ट्रीय गान की गूंज से पूरा प्रांगण गूंज उठा। डॉ. अल्पना शर्मा ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं व आशीर्वाद देते हुए संदेश दिया कि आज के विद्यार्थी कल के निर्माता हैं। प्रधानाचार्या अपर्णा जैन ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे देश की आजादी का प्रतीक है, विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करने का इससे श्रेष्ठ अवसर नहीं हो सकता। इसी उपलक्ष्य में डीएवी के विद्यार्थी, जिन्होंने अपनी प्रतिभा से विद्यालय को गौरवान्वित किया, उनकी प्रतिभा को सम्मानित करने हेतु उपलब्धि दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें सत्र 2024-25 के प्रतिभावान छात्रों को प्रोत्साहित किया गया।

## जानी ब्लॉक में मनाया 79 वां स्वतंत्रता दिवस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** शुक्रवार को पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ 79 स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया सभी निजी संस्थान और सरकारी कार्यालय पर तिरंगा फैराकर जन गण मन गया और देश की आन बान और शान के लिए तिरंगे को सैल्यूट किया वहीं जानी ब्लॉक के राजकीय पशुचिकित्सालय में पशु चिकित्सा अधिकारी सुनंदा पांडे ने झंडा फहराया। उन्होंने कहा कि देश के शहीद सुखदेव राजगुरु रामप्रसाद बिस्मिल चंद्रशेखर आजाद जैसे देश भक्त आजादी के लिए कुर्बान हो गए यह बड़े फक्र की बात है कि हम आज अपने तिरंगे झंडे के लिए एक साथ खड़े हैं। इस दौरान फार्मासिस्ट राज बहादुर सिंह व कार्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

# वेंक्टेश्वरा परिसर हुआ देशभक्ति से ओत-प्रोत

### भ्रष्टाचार मुक्त अखण्ड भारत के निर्माण में दें अपना योगदान: सुधीर गिरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** 79वें स्वतन्त्रता दिवस एवं आजादी के अमृत महोत्सव पर वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय संस्थान में 101 फीट ऊंचे विशाल तिरंगे के ध्वजारोहण समेत देशभक्ति से ओत-प्रोत एक दर्जन से अधिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। देर शाम तक चले इस शानदार आयोजन में ध्वजारोहण तिरंगा रैली, सांस्कृतिक संध्या समेत एक दर्जन से अधिक कार्यक्रम आयोजित किये गये।

इस शानदार समारोह में विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियो एवं मेधावियो को सर्टीफिकेट एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया गया। स्वतन्त्रता दिवस पर आयोजित ध्वजारोहण एवं सांस्कृतिक समारोह का शुभारम्भ समूह चेयरमैन सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्ण कान्त दवे, डॉ. मधु चतुर्वेदी, कुलसचिव डॉ. पीयूष कुमार पाण्डेय आदि ने भारत मां की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर एवं ध्वजारोहण करके किया। अपने सम्बोधन में समूह चेयरमैन सुधीर गिरि ने कहा कि सीमा पर जाकर देश के दुश्मनो से लड़ना तो चन्द लोगो के ही नसीब में होता है, पर केवल बार्डर पर लड़ना ही देश सेवा नहीं है।





देश के आम नागरिक, बच्चे, युवा, बुजुर्ग, मातृशक्ति भी अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में रहकर भ्रष्टाचार मुक्त अखण्ड भारत के निर्माण में अपना योगदान देते है, तो ये भी सच्ची देश सेवा की श्रेणी में आता है। कार्यक्रम को प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्ण कान्त दवे एवं कुलसचिव डॉ. पीयूष कुमार पाण्डेय ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर डॉ. राजेश सिंह, डॉ. बी.एस. त्यागी, एच.आर. हेड कुलदीप सिंह, रंजीत सिंह मुलतानी, एपीओ कृष्ण गुजर, डॉ. एस.एन. साहू, डॉ. सुमन कुमारी, प्रीतपाल सिंह एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल में शानदार रहा स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** छीपी टैंक स्थित सेंट थॉमस इंग्लिश मीडियम स्कूल में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह एंव देशभक्ति की भावना से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय को फूलों तथा तिरगें झंडों से सजाया गया। समारोह का आरंभ प्रधानाचार्या अनुग्रह डीन ने राष्ट्रीय ध्वजारोहण के साथ राष्ट्रगान गाया तथा अन्य देशभक्ति से पूर्ण गीत गाए गए। विद्यालय में परेड़ के उपरान्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गयी। जिस में नर्सरी कक्षा से लेकर 12वीं कक्षा तक के छात्र - छात्राओं ने बड़े उत्साह से भाग लिया तथा अपनी प्रतिभाओं का परिचय दिया। इस कार्यक्रम में देशभक्ति से प्रेरित सामुहिक नृत्य, नाटक, कविताएं प्रश्नोत्तरी और भाषण आदि शामिल थे। विशेषतौर से नाटक द्वारा स्वतंत्रता प्राप्ति में देशभक्तों तथा क्रान्तिकारियों और बलिदानियों के योगदान को याद किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की समाप्ति पर प्रधानाचार्या द्वारा स्वतंत्रता दिवस के महत्व तथा देशभक्ति की भावना के विषय में प्रेरक भाषण दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वाईट हाउस एवं शिक्षिकाओं का योगदान रहा।

## सीवीपीएस में मना आजादी का पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल में 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। समारोह की मुख्य अतिथि विद्यालय की अध्यक्षा डॉ. सरोजिनी अग्रवाल एवं विद्यालय निदेशिका डॉ. हिमानी अग्रवाल का स्वागत प्रधानाचार्य एन. पी. सिंह एवं सीनियर कोऑर्डिनेटर मीनू कपूर ने हरित पौधा भेंट कर किया। डॉ. सरोजिनी अग्रवाल ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। छात्रों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं तिरंगा रैली ने सभी का दिल जीत लिया। विद्यार्थियों को द लेजेंड



# जूनियर नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जीता रजत पदक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** गलगोटिया यूनिवर्सिटी ग्रेटर नोएडा में आयोजित हुई चौथी अंडर 15 सब- जूनियर नैशनल बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कुसेन्दर पाल सिंह बॉक्सिंग अकैडमी भराला के प्रशिक्षु अनिक बाबरा ने 58 कि.ग्रा. भार वर्ग में उत्तर प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए रजत पदक जीतकर क्षेत्र व प्रदेश का नाम रौशन किया, अपने प्रीक्वार्टर मुकाबले में तेलंगाना के मुक्केबाज को हराया, सेमी फाइनल मुकाबले मं दमनदीप के मुक्केबाज को हराया, फाइनल मुकाबले में हरियाणा के मुक्केबाज से हार का सामना करना पड़ा। प्रशिक्षु वर्धमान एकेडमी स्कूल कक्षा 8 का छात्र हैं प्रशिक्षु सुबह शाम बॉक्सिंग कोच प्रवीन कुमार व अरुण कुमार की देख- रेख में अभ्यास करता है। पिता अंकित कुमार बक्सर गंगानगर में मेडिकल की दुकान चलाते हैं माता मोनिका गृहणी हैं। प्रशिक्षु के अकैडमी पहुंचने पर क्षेत्र के गणमान्य लोगो ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। खिलाड़ी की इस उपलब्धि पर दौराला भाजपा मण्डल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला, राजीव चौधरी, विशेष तोमर सचिव जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन, बॉक्सिंग कोच प्रवीन कुमार, अरुण कुमार, सत्येंद्र फौजी, सचिन सिवाच, कुलदीप सिवाच, सोनू मलिक, भूपेंद्र कुमार अर्जुन चौधरी, अमित अहलावत, धीरज अहलावत, विवेक विहान, चंद्रहास सिवाच आदि मौजूद रहे।

## अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने जहीर अब्बासी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह व अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दिलनवाज खान के निर्देश पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ हस्तिनापुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष मारूफ अली ने शनिवार को जहीर अब्बासी को मेरठ अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है।

जहीर अब्बासी राष्ट्रीय लोक दल पार्टी के एक कर्मठ सिपाही हैं जो की पार्टी के लिए हमेशा सक्रिय नजर आते हैं। वहीं जहीर अब्बासी ने पार्टी का धन्यवाद कर कहा कि वह राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के हाथों को मजबूत करने का काम करेंगे। और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएंगे। इस अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ताओं और अब्बासी बिरादरी के लोगों का उनके निवास पर ताता लग गया। इस मौके पर अतिर रिजवी, संगठन मंत्री अक्षय प्रधान, अरशद अल्वी, आबिद, इशाक, पिंटू देसवाल, परवेज अब्बासी, ताज राजपूत, वकील अब्बासी, जिया उर्रहमान, आजम अब्बासी, अरशद प्रधान, आस मोहम्मद, समीम अहमद आदि लोगों ने बधाई दी।

## दहेज के लालची वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामराज।** थाना रामराज पुलिस ने एक ऐसे दहेज लोभी अभियुक्त को गिरफ्तार किया है जिसके खिलाफ कोर्ट ने गैर जमानती वारंट निकाला था, जिसने अपनी घटिया मानसिकता के चलते दहेज की मांग पूरी न करने पर उस विवाहिता को घर से मारपीट कर निकाल दिया था। रामराज थाना प्रभारी सुनील कसाना ने बताया कि न्यायालय से गैर जमानती वारंट मिलने पर रामराज थाना क्षेत्र के ग्राम देवल निवासी रमन ग्रेवाल पुत्र सुखदेव सिंह नाम के वारंटी को गिरफ्तार किया है। वहीं बताया जा रहा है कि आरोपी ने दहेज के कारण विवाहिता से मारपीट की थी साथ ही उसे घर से बाहर निकाल दिया था जिसके बाद थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी।

# धूमधाम से मनाया गया आजादी का पर्व

## विभिन्न स्कूलों, संस्थाओं व सरकारी दफ्तरों में कार्यक्रमों का हुआ आयोजन










**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** नगर व क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस समारोह विभिन्न स्कूल, संस्थानों एवं सरकारी कार्यालयो में बड़ी धूमधाम एवं देशभक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति के गीतों पर अपने प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। वहीं स्कूल की ओर से अच्छे कार्यक्रम करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं मैडल देकर पुरस्कृत किया गया। नगर के समीप स्थित डीपीएम पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के सचिव जगदीश त्यागी ने भारत माता की जय के जोशीले नारों के साथ समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा देश है। जिसकी आत्मा इसकी संस्कृति, सभ्यता और एकता में बसती है। आने वाला भारत विज्ञान, शोध और नवाचार के क्षेत्र में विश्व का मार्गदर्शन करेगा।

मोड़खुर्द के समीप स्थित डीमोंटफोर्ट अकादमी में स्वतंत्रता दिवस एवं जन्माष्टमी उत्सव बड़े धूमधाम और हर्ष के साथ मनाया गया। स्कूल की निर्देशिका डॉक्टर गरिमा वर्मा एवं प्रधानाचार्य डॉ समीर वर्मा ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेने तथा भारतीय संस्कृति के अमूल्य धरोहर को सहेजने का संदेश दिया।

रामराज में स्थित दशमेश पब्लिक स्कूल रामराज में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया तथा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की डायरेक्टर डॉक्टर सिम्मी सहोता एवं प्रधानाचार्य आमिर खान ने किया। । नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा किये गये सांस्कृतिक कार्यक्रम नें सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कराया।

वहीं नगर में स्थित श्रीमनफूल सिंह कन्या इंटर कॉलेज में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास देशभक्ति के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य प्रबंधक ब्रह्मचारी सिंह, डॉक्टर अनिल कुमार, प्रधानाचार्या भावना चौधरी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक ब्रह्मचारी सिंह ने भारत माता की जय, हिंदुस्तान जिंदाबाद के जोशीले नारों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

वहीं सदरपुर में स्थित ज्ञानश्री कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल एजुकेशन में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय मंत्री अंकुर राणा, अध्यक्ष विनय देशवाल, सचिव मोहित तोमर, प्राचार्य ज्योति अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। सभी शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके चरित्र पर प्रकाश डाला।

नगर पंचायत कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें चेयरमैन सचिन सुकड़ी, पूर्व चेयरमैन विनोद चहल, समाजसेवी सुमित चहल आदि ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी और हर नागरिक को स्वतंत्रता दिवस के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस मौके पर मुख्य रूप से सभासद राजू राठी, सभासद मोनू जाटव, सभासद चीनू जाटव, सभासद अरुण जाटव, सभासद वीरेंद्र नागर, सभासद पति सूरजपाल सिंह, सभासद पति सचिन कश्यप, दिलावर सिंह, पूर्व सभासद मनोज चहल, खलील सलमानी, सभासद दीपक गुर्जर, सभासद पुत्र मनीष अहलावत आदि लोग शामिल रहे।

वहीं बटावली में स्थित सर्वोत्तम पब्लिक स्कूल में प्रबंधक सोनू यादव ने ध्वजारोहण किया। आरएसएम पब्लिक स्कूल में मुख्य अतिथि विशम्बर सिंह व संचालक मनोज राणा ने ध्वजारोहण किया। वहीं ग्राम पंचायत मौहम्मदपुर सकिश्त में ग्राम प्रधान सुरेंद्रपाल सिंह ने सचिवालय में ध्वजारोहण किया।

# थाना गंगानगर के हिस्ट्रीशीटर की मवाना में हत्या, एनएच-34 के किनारे मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** थाना गंगानगर क्षेत्र में मीनाक्षीपुरम के रहने वाले हिस्ट्रीशीटर की हत्या मवाना क्षेत्र में कर दी गई। उसका शव एनएच-34 पर मवाना खुर्द-बहसूमा बाईपास पर शुक्रवार दोपहर सड़क किनारे कुछ दूरी पर खेतों के पास पड़ा मिला। शव की शिनाख्त सोशल मीडिया पर उसके फोटो वायरल करने के बाद हुई। सूचना पर थाना पुलिस के साथ एसपी देहात मौके पर पहुंचे और घटना की जांच पड़ताल कर अधिनस्थों को इस बाबत निर्देशित किया। परिजनों के मुताबिक वह गुरूवार शाम अपने कुछ दोस्तों के साथ जन्मदिन पार्टी मनाने गया था और उसके बाद नहीं लौटा।

**■ थाना गंगानगर के मीनाक्षीपुरम इलाके का रहने वाला था मृतक अंकित उर्फ आदि गुर्जर**

**पहले नहीं हुई शव की शिनाख्त:** शुक्रवार दोपहर मवाना पुलिस को सूचना मिली कि नेशनल हाइवे-34 मवाना खुर्द-बहसूमा बाईपास पर सड़क से कुछ दूरी पर एक युवक का शव पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने की कोशिश की, लेकिन पता नहीं चलने पर शव को मोर्चरी भेज दिया। शव पर कोई बड़ी चोट आदि के निशान नहीं थे। पुलिस ने मृतक के कपड़ों व हुलिया आदि के बारे में बताते हुए शव का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। उसके बाद मृतक की शिनाख्त अंकित उर्फ आदि गुर्जर पुत्र कमल सिंह निवासी मीनाक्षीपुरम थाना गंगानगर के रूप में हुई। पुलिस के मुताबिक अंकित थाना गंगानगर का हिस्ट्रीशीटर है और उसके विरुद्ध 10 मुकदमें दर्ज हैं। वह गुरूवार शाम को वह अपने कुछ साथियों संग जन्मदिन पार्टी के लिए निकला था और उसके बाद वह घर नहीं लौटा।

**मौके पर पहुंचे एसपी देहात:** शव की शिनाख्त होने के बाद एसपी देहात राकेश मिश्र, सीओ मवाना संजय कुमार जायसवाल मवाना खुर्द पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने इंस्पेक्टर मवाना अखिलेश मिश्र को इस बाबत निर्देशित किया। सीओ मवाना ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का सही कारण स्पष्ट हो पाएगा।

## महंगे गिफ्ट न देने पर एजेंसी कैंसिल कराने की धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** गंगानगर के राधा गार्डन यूनिवर्सल पार्क निवासी राहुल चौधरी पुत्र स्व नरेंद्र सिंह की मवाना नगर में बजाज टू व्हीलर कंपनी की एजेंसी है। राहुल चौधरी ने बताया कि दो दिन पहले उनके व्हाट्सएप पर कंपनी के नवनीत नाम के एक अधिकारी का फोन आया। उक्त अधिकारी के साथ दुष्यंत नाम के दूसरे अधिकारी ने भी उन्हें फोन पर धमकाते हुए कुछ धनराशि और महंगे गिफ्ट की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर उन्होंने उनकी एजेंसी कैंसिल कराने की धमकी दी। आरोपियों ने इस बारे में कंपनी मुख्यालय में किसी भी तरह की शिकायत करने पर राहुल को गंभीर परिणाम भुगतने तक की धमकी दी। पीड़ित ने गाजियाबाद में स्थित ऑफिस में तैनात कंपनी के दोनों अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाने में तहरीर दी।

## भगवान की तरह पूजनीय हैं क्रांतिकारी: शिवकुमार शर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगानगर।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कसेरूखेड़ा व्यापार संघ के द्वारा ध्वजारोहण का कार्यक्रम मैन बाजार कसेरू खेड़ा में किया गया। कसेरूखेड़ा व्यापार संघ के ध्वजारोहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार एवं समाज सेवी शिवकुमार शर्मा एवं एवं भाजपा कार्यकर्ता राजीव रस्तोगी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया किया। इस अवसर पर बोलते हुए शिवकुमार शर्मा ने कहा कि 15 अगस्त एक सामान्य तारीख नहीं बल्कि यह दिन उन सभी वीर शहीदों को नमन करने का दिन है जिन्होंने अपनी जान की परवाह न करते हुए हमें यह आजादी दिलाई उनकी शहादत, उनका संघर्ष, और उनका बलिदान हमारे देश की नींव है इन वीर क्रांतिकारियों के कारण ही आज हम एक स्वतंत्र और गौरवपूर्ण राष्ट्र के नागरिक हैं। शिवकुमार शर्मा ने कहा कि जिस प्रकार से हम घर में देवी देवताओं की पूजा करते हैं उसी प्रकार से हमें अपने स्वतंत्रता सेना. नियों की भी पूजा करनी चाहिए। भाजपा कार्यकर्ता राजीव रस्तोगी ने कहा कि हमारा तिरंगा सिर्फ एक झंडा नहीं है, बल्कि यह उन सपनों का प्रतीक है । इस अवसर पर भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज धस्माना, अजय रस्तोगी जियालाल सहित क्षेत्र के समस्त व्यापारी एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## कस्बा लावड़ में जमियत उलेमा ने की चुनावी बैठक

**मेरठ।** शुक्रवार को नमाज ए जुमा जामा मस्जिद में जमियत उलेमा ए कस्बा लावड़ की चुनाव बैठक पूर्व नगर अध्यक्ष हाजी सैय्यद रियासत अली की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें बतौर आब्जर्वर मौलाना नबील अहमद कासमी उपाध्यक्ष जमियत उलेमा ए जिला मेरठ शरीक हुए। हाफिज मौहम्मद आबिद साहब ने जमियत अध्यक्ष हजरत मौलाना सैय्यद महमूद असद मदनी और राष्ट्रीय महासचिव हजरत मौलाना हकीमुद्दीन कासमी के देश और समाज के लिए ऐतिहासिक कार्यों पर रोशनी डालते हुए युवाओं को आगे बढ़ाने और उनकी ट्रैनिंग पर खुसूसी जौर दिया। मीटिंग में अगले तीन वर्षीय कार्यकाल 2025-27 के लिए सर्वसम्मति से हाफिज मौहम्मद आबिद को नगर अध्यक्ष, मौलाना मौहम्मद तौसीफ कासमी को महासचिव और मौलाना उवैस कासमी को कोषाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा मौहम्मद परवेज मलिक और डॉ. महताब अजीज नगर उपाध्यक्ष, सैय्यद मुगीसुद्दीन उपसचिव, हाफिज मौहम्मद शहबाज सहायक कोषाध्यक्ष और कारी हम्माद इशाअती मीडिया प्रभारी चुने गए। बैठक में तिलावत ए कुरान मौलाना तौसीफ कासमी और नात शरीफ हाफिज आबिद साहब ने पेश की। जिला उपाध्यक्ष मौलाना नबील अहमद कासमी की दुआ पर मीटिंग का समापन हुआ।

# चेहल्लुम पर शहीदों की याद में किया गया मातम



गांव खिर्वा जलालपुर में चेहल्लुम के मौके पर मातम करते हुए अजादार।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** शुक्रवार को मोहर्रम के 40वें दिन चेहल्लुम पर खिर्वा जलालपुर व नगर में शहीदों की याद में मातम जुलूस निकाला गया। जिसमें हजारों की तादाद में अजादारों ने हिस्सा लेते हुए गम ए हुसैन को याद किया। खिर्वा जलालपुर में दोपहर बाद इमामबाड़े से शुरू हुए जुलूस हुसैनी चौक होते हुए कर्बला तक पहुंचा। जिसमें मौजूद अजादारों ने हजरत पैंगम्बर मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की करबला की जंग में हुई शहादत को याद करते मातम किया। देर शाम जुलूस के बाद कर्बला में ताजिया का दफन किया गया। शुक्रवार शाम को नगर में भी चेहल्लुम का जुलूस निकाला गया।

## किठौर-शाहजहांपुर में लहराया तिरंगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वतंत्रता दिवस पर किठौर और शाहजहांपुर क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंगा दिखाई दिया। नगर पंचायत कार्यालयों से लेकर स्कूलों, चौराहों और सामाजिक संस्थाओं तक तिरंगा लहराया गया। जगह-जगह राष्ट्रगान गूंजा और शहीदों को नमन किया गया। नगर पंचायत किठौर की चेयरपर्सन पति सलमान मुनकाद ने विभिन्न स्थलों पर ध्वजारोहण कर लोगों में देशभक्ति का संदेश दिया। उन्होंने झंडा चौक, नगर पंचायत कार्यालय, आरके कॉलेज, आरके पब्लिक स्कूल और अम्बेडकर भवन में तिरंगा फहराया। इस अवसर पर स्थानीय नागरिक, विद्यार्थी और गणमान्य लोग उपस्थित रहे। नगर पंचायत शाहजहांपुर के चेयरमैन वसी उर्र रहमान ने भी स्वतंत्रता दिवस पर कई स्थानों पर ध्वजारोहण किया।

# मवाना व हस्तिनापुर में हुआ ध्वजारोहण





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना/हस्तिनापुर।** नगर में पक्का तालाब के पास स्थापित 101 फिट ऊंचे पोल पर चेयरमैन अखिल कौशिक के साथ भाजपा नेता निपुण चौहान, मधुर कौशिक, पूर्व सभासद शाह आलम, सौरभ कंसल सहित नगर के कई गणमान्य लोगों ने मिलकर तिरंगा फहराया। कृषक इंटर कॉलेज मवाना में प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता आदेश शर्मा, डॉ. विमल चौधरी ने तिरंगा फहराकर बच्चों के समक्ष स्वतंत्रता दिवस पर प्रकाश डाला। हस्तिनापुर में नगर पंचायत परिसर में चेयरपर्सन सुधा खटीक के साथ सभासदों ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान नगर पंचायत का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। विकास खंड माछरा के गांव कायस्थ बड्ढा में ग्राम प्रधान गयाश मोहम्मद, पंचायत सचिव प्रियंका यादव, प्रधानाध्यापिका नीलम कुमारी ने ध्वजारोहण किया।

# सरधना में हर्षोउल्लास से मनाया आजादी का उत्सव







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के मौके पर नगर व देहात क्षेत्र में लोगों ने आजादी का उत्सव बड़े हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शुक्रवार को 15 अगस्त के मौके पर सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों पर झंडारोहण का आयोजन किया गया। इस दौरान आजादी के वीर शहीदों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धाजंलि दी गई। सरधन तहसील, सीओ ऑफिस, नगर पालिका परिषद, थाना परिसर, सरधना ब्लॉक, सरधना देहात कार्यलय समेत सरकारी संस्थानों व गैर सरकारी संस्थानों स्कूल कालेजों में भी ध्वजारोहण करते हुए झंडा फहराया गया। इस दौरान नगर में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें काफी संख्या में लोगों नं भाग लिया।



## परीक्षितगढ़ में धूमधाम से मना राष्ट्रीय पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर व देहात क्षेत्र में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। नगर के डीएम पब्लिक स्कूल में निदेशक रवींद्र चौधरी प्रधानाचार्य विनोद सिंह ने राष्ट्रीय गान गाकर ध्वजारोहण किया। वहीं इकला रसूलपुर स्थित गुडनेस पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया इस मौके पर प्रबंधक फखरे आलम प्रधानाचार्य उमर फारूक स्कूल स्टाफ ने ध्वजारोहण किया। नेहरू स्मारक इंटर कॉलेज चितमाना शेरपुर में पूर्व प्रबंधक उमेश त्यागी मुख्य अतिथि रतनलाल प्रधानाचार्य फरमान अली ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर बच्चों ने देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमें श्री कृष्ण जन्माष्टमी का नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा।

## सपा नेता नदीम चौहान ने सिवाल में दर्जनों जगह किया ध्वजारोहण






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिवाल खास।** 79वें स्वतंत्रता दिवस पर सिवाल खास विधानसभा में सपा नेता पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नदीम चौहान ने दर्जनों जगह ध्वजारोहण किया और दर्जनों सामा. जिक और देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे नदीम चौहान ने गांव गांव जाकर क्षेत्र के स्कूलों में 15 अगस्त के अवसर पर कार्यक्रम करने वाले बच्चों की हौसलजाई की और उन्हें अपनी दुआओं से नवाजा। इस दौरान सपा नेता नदीम चौहान ने कहा कि आजादी की यह 15 अगस्त एक तारीख नहीं है बल्कि 15 अगस्त के दिन और इस तारीख में एक पूरा इतिहास छुपा हुआ है। उन्होंने कहा कि हमें आने वाली पीढ़ी को आजादी का महत्व और इसे पाने के लिए हमारे बुजुर्गों ने जो कुर्बानियां दी है उसे विस्तार से समझाना और बताना होगा। नदीम चौहान ने क्षेत्र के अलग-अलग कॉलेज और अलग-अलग स्कूलों में जाकर भूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया। इस दौरान बच्चों के साथ उनका दोस्ताना व्यवहार और उनकी हौसला बढ़ई का अंदाज देखने लायक था उन्होंने देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की मुबारकबाद दी।

# गापा ने क्षेत्रीय कार्यालय पर किया ध्वजारोहण

## ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन सामाजिक कार्यों में भी निभा रही अहम भूमिका: सरोजनी अग्रवाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के क्षेत्रीय कार्यालय पर शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन के मेरठ में रहने वाले सभी राष्ट्रीय, प्रांतीय पदाधिकारी एवं जिला कार्यकारिणी उपस्थित रही। संस्था के ध्वजारोहण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व एमएलसी सरोजनी अग्रवाल के साथ संस्था के संरक्षण दयाचंद वर्क, राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरी एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष यशपाल सिंह ने संयुक्त रूप से मिलकर ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात पूर्व एमएलसी सरोजनी अग्रवाल ने कहा कि हमें कभी भी वीर स्वतंत्रता सेनानियों को नहीं भूलना चाहिए उन्हीं की को. शिशों के कारण भारत आजाद हुआ था। संस्था के राष्ट्रीय संरक्षक दयाचंद वर्क में कहा कि 15 अगस्त केवल एक तारीख नहीं बल्कि एक ऐतिहासिक दिन है इस दिन भारत को आजादी मिली और भारतवर्ष अंग्रेजों के गुलामी से मुक्त हुआ था। राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरी ने कहा कि आजादी की गाथा को हमें अपनी नई पीढ़ी को भी बताना होगा की किस प्रकार हमारे वीर स्वतंत्रता सेनानियों में अपनी कुर्बानी देकर भारत को आजाद कराया। संस्था के राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीकांत अस्थाना ने भी वीर क्रांतिकारियों की गाथा सुनाई संस्था के क्षेत्रीय अध्यक्ष चौधरी यशपाल सिंह ने भी कहा कि आजादी के पावन दिन पर हम हम सभी उन क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जिन्होंने आजादी लड़ाई में हिस्सा लिया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव अशोक सोम, राष्ट्रीय लेखाकार मनोज कश्यप, प्रदेश महामंत्री अभिषेक द्विवेदी जिला अध्यक्ष संजीव तोमर, जिला महामंत्री शिवकुमार शर्मा, महानगर अध्यक्ष पंकज शर्मा, महानगर महामंत्री विपिन हरित, शाहिद, वसीम खान राशिद, संदीप कुमार, पूर्व पार्षद नरेंद्र यादव, मनमोहन ढल सहित काफी संख्या में पत्रकार एवं व्यापारीगण उपस्थित रहे।

# गेल गैस कंपनी के पाइपलाइन में रिसाव होने से ग्रामीणों में मचा हड़कंप

## यमुना नदी के बीचो बीच पानी के फव्वारे आसमान की तरफ लगे उठने, गेल गैस कर्मचारियों ने की लाइन आपूर्ति बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** काठा गांव में गेल गैस कंपनी के पाइपलाइन में रिसाव होने से हड़कंप मच गया। यमुना नदी के बीचो-बीच गेल गैस कंपनी की पाइपलाइन में भयंकर रिसाव हो गया, जिससे यमुना नदी के बीचो बीच पानी के फव्वारे आसमान की तरफ उठने लगे।

काठा गांव के ग्रामीणों ने जब यह माजरा देखा तो दहशत में आ गए। माजरा देखने के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस और प्रशासन को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद मौके प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे तो पता चला कि गैल गैस कंपनी की पाइपलाइन में रिसाव हुआ है। इस गैस पाइपलाइन के जरिए



दिल्ली एनसीआर में गैस सप्लाई का काम किया जाता है। घटना की



जानकारी लगते ही एसडीएम और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे और इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के अधिकारियों को मामले की जानकारी दी। अभी तक 2 घंटे से ज्यादा हो चुके हैं लेकिन राहत बचाव के लिए कंपनी के कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे हैं। वहीं दूसरी तरफ गैस रिसाव होने का सिलसिला लगातार जारी है। यमुना के बीचो-बीच तेज दबाव के कारण गैस और पानी हवा में ऊपर की तरफ उड़ते हुए दुख रहे हैं। एसडीएम निकेत वर्मा ने बताया कि गेल गैस की पाइपलाइन में पत्थर या अन्य कोई चीज टकराने से रिसाव हुआ है। गेल गैस कर्मचारियों ने लाइन आपूर्ति बंद करदी है और अब मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। जल्द ही इसको दुरुस्त कर लिया जाएगा।

## नगर पंचायत छपरौली कार्यालय में किया ध्वजारोहण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** स्वतन्त्रता दिवस के शुभ अवसर पर धर्मेन्द्र अध्यक्ष नगर पंचायत छपरौली द्वारा कार्यालय परिसर मे ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के बाद एक गोष्टी का आयोजन किया गया, जिसमे राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, निरपेक्षता, सामाजिक एकता, साम्प्रदायिक सौन्दर्य, नशा मुक्ति आदि के बारे मे विचारको ने अपने-अपने विचार रखे तथा बनायी जा रही योजनाओ के बारे मे विस्तार से जानकारी दी, तत्पश्चात् कस्बा छपरौली मे तिरंगा यात्रा निकाली गयी। सधन्यवाद कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। इस अवसर पर तहजूब, विशाल कुमार, सेवाराम, रविन्द्र खोखर, पं. घनश्याम शर्मा, गुलसन मौर्य एडवोकेट, सभासदगण रामकुमार, रूपा स्नेहलता, शकुन्तला, आकाश खोखर, संजय वर्मा, अनिल खोखर, अजीत खोखर, इलियास, अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं निकाय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शहीद यतेन्द्र खोखर बदरखा को नमन कर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के बदरखा गांव में देश के अमर शहीद यतेन्द्र खोखर बदरखा को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए माल्यार्पण किया गया। उनके शहीद स्मारक स्थल पर ध्वजारोहण करते हुए युवा हिंदू वाहिनी भारत के प्रदेश अध्यक्ष व विश्व हिंदू महासंघ शिक्षक एवं बुद्धि जीवी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव शौकेंद्र खोखर बदरखा ने कहा कि अगर आज हम खुले में सांस ले रहे हैं तो यह सब हमारे अमर शहीदों की देन है। हम इन अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं शौकेंद्र खोखर बदरखा ने आज अपने गांव में 79 वे स्वतंत्रता दिवस पर देश के अमर



शहीद यतेंद्र खोखर के शहीद स्मारक स्थल पर ध्वजारोहण किया। गांव के गणमान्य लोगों ने इंकलाब जिंदाबाद अमर शहीद यतेंद्र खोखर अमर रहे के नारे लगाते हुए शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम में आजाद खोखर पंडित मोहन शर्मा यश खोखर तेजस्वी खोकर चेतन खोखर राजीव खोखर उदयवीर खोखर डा.सुधीर विजेंद्र आर्य कंवरपाल खोखर आदि ने देश के अमर शहीद यतेंद्र खोखर की स्मृति स्थल पर ध्वजारोहण किया।

# 79वां स्वतंत्रता दिवस पर निकाली गई देशभक्ति रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग और बलिदान की याद दिलाने वाला 79वां स्वतंत्रता दिवस में परंपरागत सादगी के साथ-साथ उल्लास एवं आकर्षक ढंग से मनाया गया।

जिलाधिकारी ने राष्ट्र वंदना चौक पर वीर शहीदों को नमन करते हुए माल्यार्पण किया तथा बच्चों द्वारा निकाली गई देशभक्ति रैली को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के.पी. मलिक, राज्य मंत्री (वन एवं पर्यावरण, जंतु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन) ने कलेक्ट्रेट प्रांगण में ध्वजारोहण किया। प्रात: 8 बजे जिला, तहसील, ब्लॉक, नगर निकाय सहित सरकारी व गैर-सरकारी भवनों पर भी राष्ट्रीय



ध्वज फहराया गया। इसके उपरांत दोनों गणमान्य व्यक्तियों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर वीर सपूतों की स्मृति को नमन किया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों ने स्वतंत्रता प्राप्ति के इतिहास एवं स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान पर अपने विचार साझा किए। जिलाधिकारी ने कहा कि यह दिन उन सभी शहीदों को नमन करने का अवसर है, जिनके बलिदान से हमें आजादी मिली।

जिलाधिकारी ने स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को शॉल एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान देशभक्ति गीतों से जनपद का वातावरण गुंजायमान रहा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले अस्पतालों एवं चिकित्सकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। साथ ही महिला अस्पताल पहुंचकर उपचाराधीन मरीजों को फल वितरित किए और सेवाभावी कार्यों के लिए कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) पंकज वर्मा, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) शिव नारायण डिप्टी कलेक्टर मनीष यादव, ज्योति शर्मा, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी भास्कर पांडे, वरिष्ठ कोषाधिकारी मनीष कुमार सिंह, जिला आबकारी अधिकारी नवीन कुमार सिंह सहित अनेक अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## एक नजर

### नगर पंचायत अग्रवाल मंडी टटीरी में स्वतंत्रता दिवस मनाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** नगर पंचायत अग्रवाल मंडी टटीरी में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष सपना और अंकित शर्मा लिपिक दीपक कुमार मेंबर यूनिश खान सुभाष मनोज बुलबुल राजीव कुमार सहदेव शर्मा मुर्शलिम रोहित विनोद विकास मौजूद रहे।

# समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित वृद्धाश्रम, संजरपुर कैड़वा का किया भ्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी ने 79 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुदानित वृद्धाश्रम, संजरपुर कैड़वा का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने आश्रम में रह रहे सभी समवासी वृद्ध जनों को फल, मिठाई और हैंड टॉवल वितरित किए तथा उनका हाल-चाल जाना।

जिलाधिकारी ने वृद्ध जनों से संवाद करते हुए कहा कि यदि उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या हो, तो वे बेहिचक अवगत कराएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वृद्धाश्रम में सभी मूलभूत सुविधाएं जैसे साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, मनोरंजन के साधन आदि सुचारू रूप से उपलब्ध रहें। उन्होंने एसडीएम बड़ौत व समाज कल्याण अधिकारी को समय-समय पर वृद्धाश्रम का औचक निरीक्षण करने



के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम में साफ-सफाई, लूडो और कैरम जैसे मनोरंजन साधन, दैनिक समाचार पत्र एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध पाई गईं। जिलाधिकारी के आगमन से सभी समवासी प्रसन्न हुए और उन्होंने जिलाधिकारी को आशीर्वाद दिया। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर सभी वृद्ध जनों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, एसडीएम बड़ौत भावना सिंह, एसडीएम बागपत अमरचंद वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कार्यकर्ताओं ने देश के अमर शहीदों को माल्यार्पण कर किया ध्वजारोहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में विश्व हिंदू महासंघ के तत्वाधान में स्वतंत्रता दिवस पर नगर अध्यक्ष रवि कश्यप की अगुवाई में नगर की पट्टी मेहर से तिरंगा यात्रा रैली निकाली गई जो नगर के बडौली रोड से होती हुई नगर के पीएन शर्मा पार्क शहीद स्मारक पर पहुंची जहां सभी कार्यकर्ताओं ने देश के अमर शहीदों को माल्यार्पण करते हुए ध्वजारोहण के साथ नमन किया। इस अवसर पर विश्व हिंदू महासंघ नगर अध्यक्ष रवि कश्यप ने कहा कि अगर आज हम देश की आजादी में आजादी से जी रहे हैं और खुले में हवा की सांस ले रहे हैं तो यह सब दिन हमारे अमर शहीदों की है जैसे खेत में किसान कड़ी मेहनत करके अपने परिवार को चलना है। इसी तरह हमारे देश का जवान बॉर्डर पर रहकर देश की सेवा कर रहा है। तिरंगा हमारे देश की आन बान शान है हाथों में तिरंगे लेकर सभी कार्यकर्ताओं ने इंकलाब जिंदाबाद वंदे मातरम पर राष्ट्रगान किया। आज पूरा देश आजादी 79वा स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित कर रहा है। इस मौके पर सुंदर पाल सैनी सुरेंद्र मलानिया बिजेंदर कश्यप गौरव शर्मा सुनील प्रजापति पप्पू प्रजापति हरिओम कश्यप पूर्व सभासद ओमप्रकाश कश्यप उर्फ टाटु नगर अध्यक्ष विश्व हिंदू महासंघ रवि कश्यप कृष्णपाल शर्मा संदीप कश्यप आदि मौजूद रहे।

## डॉ.शकील अहमद के निवास पर वीर सपूतों की याद में स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर डा.शकील अहमद के निवास माता कॉलोनी में देश को आजाद कराने वाले वीर सपूतों की याद में स्वतंत्रता दिवस पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्रोताओं की भारी भीड़ व कलाकारों की प्रस्तुति ने भाईचारे की संस्कृति को चार चांद लगाए। बागपत के जाने माने चिकित्सक डा. शराफत अली, एडवोकेट आरिफ बेग, मास्टर असद खान, मास्टर मोहम्मद आलिम, बृजमोहन गौतम, विजय कौशिक अम्बर, यासीन सलमानी रालोद नेता, सुधीर गंधर्व अध्यक्ष, मांगे खां, महंदी हसन, बब्बू सिद्दीकी, डा.मेहरबान रंगरेज, आशु दीवानजी, इकबाल मलिक, हाजी बबलू मलिक, मेहरबान कुरैशी, इरफान, कलाकार फिरोज खान, अकरम राजपूत, दिलशाद, सलीमू, विजय कौशिक अम्बर, बृजमोहन गौतम, मास्टर असद आदि कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र कुमार शर्मा व संचालन मास्टर मोहम्मद आलिम का रहा। प्रोग्राम में आए सभी कलाकारों व श्रोताओं का दिल की गहराई से आभार।

# जनता वैदिक कॉलेज में वीरेंद्र पाल ने किया ध्वजारोहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनता वैदिक कॉलेज में राष्ट्रभक्ति एवं उल्लास से ओत-प्रोत भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण के साथ हुआ, जिसे महाविद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह ने सम्पन्न किया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान गूंज उठा, जिससे परिसर में देशभक्ति का माहौल और भी प्रबल हो गया।कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक समिति की संयोजिका डा.गीता रानी एवं डा. अनुपम तिवारी द्वारा गरिमापूर्ण ढंग से किया गया। इस अवसर पर प्रबंध समिति के उप मंत्री सोदान सिंह एवं डा.महक सिंह ने अपने प्रेरणादायक उद्बोधन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के अमूल्य बलिदान, देश की एकता-अखंडता तथा शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। समारोह में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी, एन.सी.सी. एवं एन.एस.एस. इकाइयों के सदस्यगण तथा



विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में कशिश, अनु तोमर, ललिता आर्या, पंकज कुमार सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओत-प्रोत भाषण एवं कविताएं प्रस्तुत कर वातावरण को भावविभोर कर दिया।

# ध्वजारोहण कर भारत माता के चित्र पर किए पुष्प अर्पित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर की पट्टी चौधरान में चौधरी चौरासी देशखाप एवं अध्यक्ष सर्वसमाज खाप चौधरी सुभाष शर्मा के आवास पर स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में ध्वजारोहण एवं भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित किए हैं। इस मौके पर 84 ब्राह्मण समाज देश खाप चौधरी सुभाष शर्मा ने कहा कि अगर आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं तो यह सब हमारे स्वतंत्रता सेनानियों एवं अमर शहीदों की देन है। हम अपने देश के अमर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते है।

कार्यक्रम में देशखाप (शंभु परिवार) की क्रांतिकारी वंशज़ किशनदेई को याद कर नमन किया गया। अपनी छोटी सैन्य टुकड़ी के



नेतृत्व साथ बड़ौत में डाक बंगले पर देश आज़ादी के लिए अंग्रेजों से हुए संघर्ष में वीर गति को प्राप्त होने पर ऐतिहासिक प्रकाश डाला गया। ऐसी महान क्रांतिकारी वीरांगना और देश की आज़ादी में अपना योगदान देने वाले अनेको वीर शहीदों को याद किया गया। वही इस अवसर पर थंबा चौधरी ओमकार दत्त शर्मा, समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव राजपाल शर्मा, चौधरी वेद प्रकाश शर्मा, जिलाअध्यक्ष राकेश शर्मा, सभासद रमेश शर्मा, इंजी लोकेश वत्स, श्रद्धानंद शर्मा, रवींद्र भारद्वाज,राममेहर शर्मा बीडीसी, राकेश शर्मा दिल्ली पुलिस से सेवानिवृत्ति दरोगा पंडित, राधेश्याम शर्मा, श्याम बिहारी शर्मा,ऋषि पाल बीटीडब्लू, सुरेंद्र शर्मा पटवारी, कृष्णपाल मास्टर, नरेन्द्र शर्मा एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## डीएम ने विद्यालय में ध्वजारोहण कर देशभक्ति एकता और अनुशासन का दिया संदेश



**शाह टाइम्स संवददाता**

**बागपत।** क्रिस्तु ज्योति कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 79 वे स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े हर्ष और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी एवं उप जिलाधिकारी अमर चंद्र वर्मा सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके आगमन पर राष्ट्रीय कैडेट कोर (NCC) एवं बैंड की मधुर धुनों के साथ उनका भव्य स्वागत किया। विद्यालय परिवार ने बुके भेंट कर और तालियों की गड़गड़ाहट से उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम के तहत डीएम ने विद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण कर सभी को देशभक्ति एकता और अनुशासन का संदेश दिया। इसके पश्चात उन्होंने विद्यालय में जूनियर कम्प्यूटर लैब का उद्घाटन कर छात्रों को तकनीकी शिक्षा और प्रयोगात्मक ज्ञान की ओर प्रोत्साहित किया। ध्वजारोहण के बाद डीएम ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान, देश के विकास में युवाओं की भूमिका और शिक्षा के महत्व पर प्रेरणादायक संबोधन दिया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, भाषण और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र कल्लन खान से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगा।

फाजिल खान पुत्र कामिल निवासी ग्राम टांडा थाना छपरौली तहसील बडौत जनपद बागपत।

# आजादी की 79वीं वर्षगांठ पर किया झंडारोहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में स्वतंत्रता दिवस के पावन शुभ अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में शहर अध्यक्ष रामहरी पंवार के नेतृत्व मे कांग्रेस पदाधिकारियों व कर्मठ कार्यकर्ताओ ने शहर मे एतिहासिक स्थल गाँधी चोक पर देश की आजादी का 79 वा वर्षगांठ उत्साह पूर्वक झंडा रोहण किया। राष्ट्रीय गान के उदघोष के साथ



भारत माता की जय के गगनभेदी नारों के साथ देश की आजादी के विषय मे विस्तार से प्रकाश डाला गया। देश की आजादी मे बहुमूल्य योगदान देने वाले अमर शहीदों को याद किया। बताया कि महात्मा गाँधी अपने भ्रमण पर बौत मे इसी स्थान पर आयें थे और झंडा फैहराया और एक सप्ताह यहाँ विश्राम भी किया था तब से ही यहाँ परम्परागत रूप से झंडा फहराया जाता है। तदुपरांत पंडित जवाहर लाल नेहरू व संजय गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया मिष्ठान्न वितरण किया गया।

# जिलाधिकारी ने किया उच्च प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर ध्वजारोहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल द्वारा गोद लिए गए उच्च प्राथमिक विद्यालय गौरीपुर जवाहर नगर का कायाकल्प कर समग्र रूप से सुविधाओं का विकास किया गया। विद्यालय के परिसर तक पहुंचाने के लिए सड़क निर्माणाधीन है, जबकि चारदीवारी, नए टाइल्स और आधुनिक फर्नीचर का काम पूरा कराया गया है। जिसके क्रम में आज 79 वें स्वतंत्रा दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने उच्च प्राथमिक विद्यालय पहुंचकर ध्वजारोहण किया और राष्ट्रगान का वादन हुआ इसके बाद जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत हुए कार्यों का बहुत ही सूक्ष्म स्तर से निरीक्षण किया और विद्यार्थियों से वार्ता की। विद्यार्थी स्कूल का नया स्वरूप देखकर अत्यधिक उत्साहित और भावुक हो उठे और जिलाधिकारी का शुक्रगुजार कर रहे थे। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें। विद्यालय की मूलभूत सुविधाएं बढ़ाना हमारा कर्तव्य है।

वर्तमान में उच्च प्राथमिक विद्यालय में 215 विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जिसमें 117 बालक में 98 बालिकाएं हैं कायाकल्प के अंतर्गत 19 पैरामीटर पर विद्यालय में कार्य किया गया है। यह कार्य सीएसआर फंड के माध्यम से किया गया है। विद्यालय में शिक्षण कार्य हेतु चार अध्यापक एवं एक अनुदेशक कार्यरत हैं। यह विद्यालय बागपत जिलाधिकारी द्वारा 2022 में गोद लिया गया था जिसकी स्थिति अच्छी नहीं थी। विद्यालय का इंफ्रास्ट्रक्चर अच्छा हुआ इससे निश्चित ही विद्यार्थी इस विद्यालय की ओर अधिक आएंगे और एडमिशन भी भविष्य में बढ़ेंगे। स्टूडेंट-फ्रेंडली वातावरण बनाने के लिए कक्षा एवं दीवारों पर रंगीन बाला पेंटिंग की गई है।

साथ ही वाला पेंटिंग कार्य के ज़रिये बच्चों की रचनात्मकता को मंच मिला। शौचालयों की व्यवस्था में सामान्य पृथक शौचालय के साथ दिव्यांग व्यक्तियों के उपयोग के अनुकूल विशेष शौचालय भी बनवाए गए हैं। वाटर कूलर जैसी व्यवस्थाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं, बच्चों के लिए कॉटन कैंडी व आइसक्रीम व्यवस्था भी स्वतंत्रता के अवसर पर सुनिश्चित की गई है। बच्चों ने आज विद्यालय का परिसर भव्य होने से उत्साह के रूप में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया और बच्चों ने विद्यालय में जिलाधिकारी के साथ संयुक्त रूप से प्रति भोज किया। जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूली इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना केवल इमारती सुधार नहीं है, बल्कि बच्चों को सुरक्षा, सम्मान और पढ़ने-लिखने के लिए प्रेरक माहौल उपलब्ध कराना भी है। अधिकारियों को हर ब्लॉक के चुनिन्दा सरकारी स्कूलों को आवश्यकतानुसार गोद लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि बुनियादी सुविधाएँ और पढ़ाई-लिखाई के स्तर में समान सुधार संभव हो सके। स्कूल के प्रधानाध्यापक व शिक्षकों ने इस पहल की प्रशंसा की और बताया कि अब सुरक्षित शौचालय, पक्की सड़क और चारदीवारी से न केवल बच्चों की सुरक्षा बढ़ी है, बल्कि पढ़ाई के लिए स्कूल में उपस्थिति भी बढ़ने की उम्मीद है।

# रोडवेज बस ने पिकअप में मारी टक्कर, एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पिलखुवा कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाइवे-9 पर शुक्रवार की रात सरस्वती अस्पताल के पास एक खराब पिकअप में तेज रफ्तार रोडवेज बस ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में 23 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।

मिली जानकारी के अनुसार बुलंदशहर जिले के थाना नरसेना क्षेत्र के गांव बुगरासी निवासी 23 वर्षीय अर्जुन उर्फ बाबू अपने चालक साथी के साथ पिकअप में गेंदा के फूल लेकर दिल्ली की ओर जा रहा था। जैसे ही वह पिलखुवा के नेशनल हाइवे-9 पर सरस्वती अस्पताल के पास फ्लाईओवर पर पहुंचा तभी अचानक पिकअप खराब हो गया चालक ने पिकअप की रखवाली के लिए अर्जुन को पिकअप वाहन के पास छोड़ दिया और खुद मिस्त्री की तलाश मे चला गया। इसी दौरान हापुड़ की ओर से आ रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने पिकअप में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अर्जुन की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के दौरान हाइवे पर जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने पिकअप को सड़क किनारे करवाकर यातायात को सुचारू किया। पिलखुवा थाना प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि रोडवेज बस के चालक को हिरासत में ले लिया गया है। मृतक अर्जुन के शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। अभी तक परि.



जनों की ओर से कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि शिकायत मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जाँच जारी है।

# वाहन चालकों को वितरित किए निशुल्क हेल्मेट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय युवा वैश्य महासम्मेलन, जनपद हापुड़ ने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और लोगों में हेल्मेट पहनने की जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से एक विशेष हेल्मेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए संगठन ने समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए यह महत्वपूर्ण कदम उठाया। इस पहल का लक्ष्य युवाओं को सशक्त बनाना और समाज के विकास में योगदान देना है।

कार्यक्रम के दौरान संगठन के सदस्यों ने दोपहिया वाहन चालकों को मुफ्त में हेल्मेट वितरित किए और उन्हें हेल्मेट पहनने की अनिवार्यता और इसके लाभों के बारे में जागरूक किया। इस दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने का भी संदेश दिया गया। इस आयोजन में अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर, थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीष प्रताप सिंह और अखिल भारतीय युवा वैश्य महासम्मेलन के प्रमुख सदस्य शामिल हुए। संगठन के जिला अध्यक्ष सचिन गोयल, युवा महामंत्री आशीष मित्तल, युवा कोषाध्यक्ष सजल अग्रवाल, और कार्यक्रम संयोजक राहुल बंसल ने इस पहल को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अन्य उपस्थित सदस्यों में संजय अग्रवाल, मधुर कंसल, मोहित अग्रवाल, प्रशांत बंसल, हर्षित अग्रवाल, प्रदीप गर्ग, कपिल गर्ग, रोहित, वैभव गुप्त, विकास मित्तल, और नीरज गर्ग शामिल थे।



# समाजवादी कार्यालय में धूमधाम से मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र के बुलंदशहर रोड पर स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में ध्वजारोहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण समारोह से हुई। जिसमें पार्टी पदाधिकारीयों और कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर ने कार्यकर्ताओं के साथ स्वतन्त्रता दिवस की 79वी वर्षगांठ पर ध्वजारोहण किया इसके बाद राष्ट्रीय गान किया जाकर शहीदों को नमन किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष आनन्द गुर्जर ने कहा कि हमें अपने वीर सेनानियों के बताए मार्ग पर चलना चाहिए और देश की रक्षा व सम्मान के लिए हर बलिदान देने को तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी में सभी धर्मो और समुदायों के लोगों का अभूतपूर्व योगदान रहा।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक आजादी की 79वीं वर्षगांठ पर शहीदों को नमन करते हुए अपने आप को गौरान्वित महसूस कर रहा है। लेकिन भाजपा सरकार देश की आजादी के स्थान पर देश के प्रत्येक नागरिक के आधकारों पर घात कर रही है तथा बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर द्वारा बनाए गए सविधान में प्रदत्त कानूनी जनहित के अधिकारो को खत्म करने का काम कर रही है। आज देश का हर नागरिक भाजपा की दोगली निति को समझ चुका है तथा भाजपा की दोगली नीति को उजाग करने और जनता के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने के लिए सड़क से लेकर संसद तक सपा मुखिया अखिलेश यादव ने ठान लिया है तथा पीडीए के माध्यम से जनता के अधिकारों को सुरक्षित करने का संकल्प लिया है। इस अवसर पर तेजपाल प्रमुख, अय्यूब सिद्दीकी, राजेश यादव, अख्तर मालिक, इकबाल कुरेशी, आदेश गोस्वामी, संजय गहलोत, संजय गर्ग, संजय अग्रवाल, साकिब मलिक, कमाल मंसूरी, वसीम मेवाती, आजाद अलवी, मोहसिन सलमानी, ज़हीर पहलवान, अंकित जाटव, नीरज पाल राष्ट्रीय महासि. चव सपा, सीमा तनेजा, रेशमा यादव, यशी यादव, रेशमा अंसारी, सैफी, पुरुषोत्तम वर्मा एडवोकेट आदि मौजूद रहे।



# पूर्व प्रधानमंत्री की पुण्यतिथि पर भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र के गढ़ रोड पर स्थित अटल पार्क में बीजेपी कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। जिसमें भाजपा के जिला अध्यक्ष नरेश तोमर के नेतृत्व में सभी कार्यकर्ताओं ने अटल को याद किया।

इस दौरान भाजपा के जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने कहा कि वह एक महान राजनेता होने के साथ-साथ एक उत्कृष्ट कवि, लेखक और विचारक भी थे। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में तीन बार सेवा की और पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे जिन्होंने अपना कार्यकाल पूरा किया। उन्होंने बताया कि वे भारतीय जनता पार्टी के सह-संस्थापक और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस के एक समर्पित सदस्य थे। उनके नेतृत्व में भारत में आर्थिक सुधारों, बुनियादी ढांचे के विकास और विद. ेश नीति में महत्वपूर्ण काम हुए। उनकी कविताएँ, जैसे मौत से ठन गई और गीत नया गाता हूँ, आज भी लोगों को प्रेरित करती हैं।

उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम अटल के जीवन और राष्ट्र के लिए उनके समर्पण को सम्मान देने के लिए आयोजित किया गया था और यह दिखाता है कि उनके सिद्धांत और आदर्श आज भी लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। इस कार्यक्रम में भाजपा के कई प्रमुख कार्यकर्ता और नेता भी शामिल थे।

जिनमें क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल, पवन गर्ग, फ्रुल्ल सारस्वत, कुणाल चौधरी, मोहन सिंह, सुनील वर्मा, महेश तोमर, शशांक गुप्ता, गगन बाटला, विनोद गुप्ता, राजेश सक्सेना, सौदान सिंह, रवि खटीक, संजीव वर्मा, फैज अंसारी, प्रशांत त्यागी, शिव ठाकुर, अनिल त्यागी, कैलाश वर्मा, जतिन साहनी, प्रमोद जिंदल, और श्यामेंद्र त्यागी शामिल थे। सभी ने मिलकर प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया।



# अश्वपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत पुलिस ने गुमशुदा को किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ देहात पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए गुमशुदा लड़के को अथक प्रयास के बाद अल्प समय में सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया है।

थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि शनिवार को ग्राम ततारपुर निवासी एक व्यक्ति ने थाना हापुड़ देहात पर आकर सूचना दी कि 16 वर्षीय धेवता उनके पास रहता था जो बिना बताए घर से कहीं चला गया है जिसकी काफी तलाश करने पर कुछ पता नहीं चला सका। उक्त सूचना पर थाना हापुड़ देहात पुलिस द्वारा तत्काल गुमशुदा लड़के की तलाश हेतु आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लाई गई और ऑपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ देहात पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए गुमशुदा लड़के को अथक प्रयास के बाद अल्प समय में सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा हापुड पुलिस का आभार प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।



# स्वतंत्रता दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ग्राम असौड़ा में 79वें स्वतंत्रता दिवस का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साहपूर्ण माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान पद के भावी उम्मीदवार फुरकान उर्फ भूरे के नेतृत्व में एक विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम के सैकड़ों नौजवानों और स्थानीय निवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



रैली की शुरुआत अमन कॉलोनी स्थित तकी द्वार मार्ग से की गई। हाथों में तिरंगा लिए नौजवानों ने पूरे गांव की गलियों में देशभक्ति के गीतों और नारों के साथ जोश का माहौल बना दिया। रैली जब तिरंगा चौक पहुंची तो लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। वहां मौजूद ग्रामीणों ने शहीदों को याद करते हुए देश की अखंडता और एकता का संकल्प दोहराया। रैली आगे बढ़ते हुए शहीद अमर सेनानी स्तंभ पहुंची। यहाँ फुरकान उर्फ भूरे सहित ग्रामीणों ने शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर शहीदों के बलिदान को याद करते हुए लोगों की आंखें भीग गईं। रैली मेरठ रोड से होती हुई अमन कॉलोनी के 20 फूटा रोड पर जाकर संपन्न हुई। इस दौरान जगह-जगह ग्रामीणों ने देशभक्तों का स्वागत किया और तिरंगे लहराकर आज़ादी के पर्व को और खास बना दिया। इस अवसर पर भावी प्रधान पद उम्मीदवार फुरकान उर्फ भूरे ने कहा ग्राम असौड़ा मेरे लिए एक परिवार है। मेरे दिल में किसी भी तरह का भेदभाव नहीं है। मैं अपने सभी देशवासियों और क्षेत्रवासियों को 79वें स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ देता हूँ। आइए, हम सब मिल-जुलकर भाईचारे और सौहार्द के साथ यह पर्व मनाएँ, किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें और प्रशासन का पूरा सहयोग करें।

## एक नजर

# सट्टा खेल रहे दो सटोरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने सट्टा खेलते हुए दो सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नकदी, सट्टा पर्चा व पैन बरामद किया है।

प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि थाना हापुड़ देहात पुलिस द्वारा सट्टा खेलते हुए दो सटोरियों को देवनन्दनी पुल के नीचे सर्विस रोड से गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से 680 रुपये नकदी, सट्टा पर्चा व एक पैन बरामद हुए हैं। उन्होंने बताया कि सटोरियों की पहचान हितेश पुत्र गंगाशरण निवासी बनखंडा थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ हाल पता जरौठी रोड थाना हापुड देहात जनपद हापुड और रोहित पुत्र रामनिवास निवासी हरजसपुरा थाना हापुड देहात जनपद हापुड के रूप में हुई है। आरोपियों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड़ देहात पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# सोसायटी में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मथुरा।** शहर की प्रमुख ऑनर्स वेलफेयर सोसायटी में 15 अगस्त को 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी निवासी परिसर में इकट्ठा हुए जहां मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री प्रतिनिधि नरदेव चौधरी एव सोसायटी के अध्यक्ष अखिल जैन ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। बच्चों और बड़ों ने राष्ट्रगीत और देशभक्ति के गीत गाकर तिरंगे के प्रति अपना सम्मान व्यक्त किया। इस खास अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें देशभक्ति से जुड़े गीत, नृत्य और भाषण प्रस्तुत किए गए। सोसायटी में हर उम्र के लोग बड़ी उत्सुकता से हिस्सा लेकर देशभक्ति की भावना को नई ताजगी दी। कार्यक्रम का समापन मिठाई वितरण और सभी के मिलजुल कर खुशहाली की कामना के साथ हुआ।

# सर्राफा व्यापारी से 2086 ग्राम सोने की ठगी, महिला समेत दो पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के सर्राफा बाजार में एक चौंकाने वाला ठगी का मामला सामने आया है। गोयल ज्वैलर्स के मालिक कुश गोयल ने अपनी शिकायत में बताया कि उनसे और उनकी दुकान से 2086 ग्राम सोना ठग लिया गया है। इस मामले में उन्होंने छज्जूपुरा निवासी प्रमोद कंसल और उनके बेटे आकाश कंसल पर आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार कुश गोयल ने बताया कि प्रमोद कंसल उनके नियमित ग्राहक थे और वे अक्सर बंधेल ज्वैलरी बनवाने के लिए सोना दिया करते थे। प्रमोद की मृत्यु के बाद उनके बेटे आकाश कंसल को इस व्यवसाय की जिम्मेदारी मिली। कुश का आरोप है कि प्रमोद के समय से लेकर आकाश के समय तक 2086 ग्राम सोने का हिसाब बाकी है जिसे न तो वापस किया गया और न ही उसके पैसे चुकाए गए। जब कुश गोयल ने बार-बार आकाश से अपना सोना मांगा, तो आकाश और उसकी मां विनीता कंसल टालमटोल करते रहे। आरोप है कि जब कुश ने सख्ती से अपनी मांग रखी तो आकाश और विनीता ने उनके साथ न केवल दुर्व्यवहार किया बल्कि उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी भी दी। शिकायत के आधार पर, कोतवाली पुलिस ने आकाश कंसल और उनकी मां विनीता कंसल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# एबीवीपी ने जनपद में निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हापुड़ ने देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। यह यात्रा मेरठ रोड स्थित दीवान इंटर कॉलेज से शुरू हुई और फ्रीगंज रोड से होते हुए शहर के मुख्य मार्गों से गुजरी, जिसका समापन भी दीवान इंटर कॉलेज, मेरठ में हुआ।

इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद के जिला प्रमुख और दीवान इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डा. मनोज कुमार ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा राष्ट्रवादी छात्र संगठन है। उन्होंने कहा कि यह संगठन छात्रों की आवाज बुलंद करने के साथ-साथ सामाजिक कार्यो में भी सक्रिय रूप से योगदान देता है। उनका मानना है कि एबीवीपी लोगों में राष्ट्र प्रेम और देशभक्ति की भावना का संचार करती है। हापुड़ के जिला संयोजक आकाश ने कहा कि परिषद छात्रों के बीच रहकर काम करती है और समाज सेवा के लिए भी प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि देशवासियों में अपने समाज और देश के प्रति सेवा भाव और निस्वार्थ प्रेम की भावना जागृत हो सके। इस कार्यक्रम में एबीवीपी के कई प्रमुख सदस्य और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जिनमें जिला संगठन मंत्री सागर शर्मा, जिला सह संयोजक आरती भारती, विभाग सह संयोजक तुषार भारद्वाज, नगर मंत्री अनुज, नगर सहमंत्री अंजलि मिश्रा और विभाग छात्रा प्रमुख अनुपमा शामिल थे।




# स्वतंत्रता के लिए देश के अमर शहीदों ने दिया बलिदान: पंडित गोपाल शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** यूपी के जनपद हापुड़ के कुचेसर रोड चौपला पर स्थित ऑल इंडिया हिन्दुस्तान काँग्रेस पार्टी कार्यालय पर 79 वे स्वतन्त्रता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहाँ मुख्य अतिथि के रूप मे पहुचें प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष हापुड़ ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं और स्कूली बच्चों ने इस दौरान राष्ट्रगान गाया और राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे झंडे को सलामी दी। तो वही जिलाध्यक्ष अजय शर्मा और प्रदेशाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने स्कूल के बच्चों और पत्रकार बंधुओं को प्रतीक चिह्न भेट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा ने कहा कि सभी प्रदेश एवं देश वासियों को 79 वे स्वतन्त्रता दिवस की शुभकामनाएँ देता हूं। उन्होंने कहा कि आप सभी को ज्ञात होना चाहिए कि हमारे भारत वर्ष में करीब 280 वर्ष पहले ईस्ट इंडिया कंपनी हिन्दुस्तान में आई। कंपनी ने भारत में अपना साम्राज्य स्थापित किया और भारत वासी धीरे-धीरे ईस्ट इंडिया कंपनी में गुलामों की तरह कार्य करने लगे। ब्रिटिश शासन के लोगों ने तानाशाही के दम सपर भारत में 200 वर्षो तक शासन किया जबकि 1857 की क्रांति में अमर शहीद मंगल पांडे की शाहदत्त ने हिन्दुस्तान में क्रांति की लहर दौड़ गई देश मे चारो तरफ से ब्रिटिश शासन के अन्याय के खिलाफ आवाज उठने लगी। झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई, पंडित चन्द्रशेखर आजाद, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, पंडित रामप्रसाद बिस्मिल, तात्या टोपे, अशफ़ाक उलाह खा सहित अन्य अमर शहीदों ने हिन्दुस्तान को आजाद कराने में अपने प्राणों का बलिदान कर दिया। इस अवसर पर मेरठ मंडल अध्यक्ष अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ अमित सागर, मेरठ जिला महासचिव अमीर अहमद, युवा जिलाध्यक्ष सुनील शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी लोकेश शर्मा, कृष्ण शर्मा, महेश शर्मा, शिवम शर्मा, उज्वल शर्मा, महंत एनके त्रिपाठी, रजनीश त्यागी आदि लोग मौजूद रहे।



# सरस्वती इंस्टीट्यूट में मनाया गया आजादी का पर्व

**हापुड़।** सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ हापुड़ ने 79वां स्वतंत्रता दिवस भव्यता, एकता और राष्ट्रभक्ति की गहरी भावना के साथ मनाया। संस्थान के पूरे परिसर में उत्सव का माहौल था।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डा. बर्खा गुप्ता द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुआ। ध्वजारोहण के समय पूरा परिसर राष्ट्रगान की गूंज से गूंज उठा। इस अवसर पर संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी, फैकल्टी, प्रशासनिक प्रमुख और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। अपने संबोधन में डा. बर्खा गुप्ता ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को नमन किया। उन्होंने चिकित्सा छात्रें से केवल कुशल डा. ही नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनने का आहवान किया और उन्हें नैतिक तथा ईमानदार चिकित्सा अभ्यास के माध्यम से देश की प्रगति में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ के महाप्रबंधक एन वर्धाराजन ने कहा कि अनुशासन राष्ट्र निर्माण की नींव है और कर्म ही धर्म है का सिद्धांत ईमानदारी, परिश्रम और नि:स्वार्थ सेवा के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर चेयरमैन डा. जे. रामचन्द्रन और वाइस चेयरपर्सन राम्या रामचन्द्रन ने पूरे सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ परिवार को अपनी शुभकामनाएं और आशीर्वाद प्रेषित किए। साथ ही सीनियर एडवाइजर डा. आरके सहगल, डायरेक्टर एडमिनिस्ट्रेशन आर दत्त और अस्पताल प्रशासक डा. वाईसी गुप्ता ने भी सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी। सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज़ का मानना है कि मानवता की सेवा करना ही सर्वोच्च देशभक्ति है और संस्थान इसी मिशन पर आगे बढ़ रहा है।



# जिले भर में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

## स्वतंत्रता दिवस पर स्वतंत्रता सेनानी सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने स्वतंत्रता दिवस के मौक पर कलेक्ट्रेट में ध्वजारोहण किया तथा कबूतर उड़ाकर शांति का संदेश दिया।

कार्यक्रम की शुरूआत सुबह गांधी मूर्ति से हुई। यहां से प्रभात फेरी निकाली गयी जो अम्बेडकर पार्क पहुंची। यहां बाबा साहेब की प्रतिमा पर जिलाधिकारी द्वारा माल्यार्पण किया गया। कलेक्ट्रेट में स्वतंत्रता सेनानियों, पूर्व सैनिकों को माला पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। क्रासकंट्री दौड़ में विजयी छात्र छात्राओं को पुरस्कार दिये गये जबकि अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भेंट किये गये। सरदार हमीदी इंटर कालेज, गुरूकुल चोटीपुरा महाविद्यालय, जीजीआईसी की छात्राओ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। गांव पंडकी में वृद्धाश्रम में भी वृद्धजनों को सम्मानित किया गया तथा उन्हें फल बांटे गये। राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने सभी को 79वें स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी तथा शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम में एसपी अमित कुमार आनन्द, सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, एडीएम गरिमा सिंह, धीरेन्द्र प्रताप सिंह, डिप्टी कलेक्टर चन्द्रकांता, ब्रजपाल सिंह, शैलेष दूबे, डा. आभा दत्त आदि मौजूद रहे।



अमरोहा। स्वतंत्रता दिवस पर प्रभात फेरी में शामिल डीएम व अन्य।

## तिरंगा लाइटिंग में अमरोहा पालिका प्रथम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** स्वतंत्रता दिवस पर नगर पालिका में चेयरमैन श्रीमति शशि जैन व अधिशासी अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि देश को आजाद कराने में वीर शहीदों ने जो कुर्बानी दी है उसे हमें युवा पीढ़ी के सामने रखना है। अपनी आजादी को बनाये रखने के लिए हमें हर संभव प्रयास करना है। इस अवसर पर सभासद व पालिका स्टाफ मौजूद रहा। उधर हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत स्वतंत्रता दिवस के मौके पर तिरंगा लाइटिंग प्रतियोगिता हुई। जिसमें अमरोहा नगर पालिका को पहला, देहात थाने को दूसरा जबकि जिले के पंचायत भवनों को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। इसके चयन के लिये डीएम निधि गुप्ता वत्स द्वारा एडीएम वित्त एवं राजस्व, एडीएम की संयुक्त टीम का गठन किया गया था। पालिका के प्रथम आने पर अध्यक्ष शशि जैन ने ईओ डा. ब्रजेश कुमार व उनकी टीम को बधाई दी। इसके अलावा उन्होंने ईओ के हर प्रयास की सराहना की।



## जीएमएस में महबूब ने किया ध्वजारोहण



**शाह टाइम्स संवाददाता रजबपुर।** लोक लेखा समिति के सभापति व सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि 200 वर्षो तक अंग्रेजों ने भारत पर राज कर एकता को खंडित करने का काम किया। आज हम वीर सैनानियों की वजह से आजादी की हवा में सांस ले रहे हैं। सदर विधायक महबूब अली ने जीएमएस कालेज आफ फार्मेसी में ध्वजारोहण कर अमर शहीदों को याद किया। उन्होंने कहा कि भारत के वीर सपूतों ने अपने प्राणें की बलि देकर गांधी के नेतृत्व में असहयोग आंदोलन चलाकर देश को आजाद कराया। इस मौके पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## आरके में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस




**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** आरके पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। संरक्षक अजय टंडन ने ध्वजारोहण किया। राष्ट्रगान व झंडा गीत विजयी विश्व तिरंगा प्यारा के साथ राष्ट्रभक्ति के कार्यक्रमों की सुन्दर झांकियां छात्र छात्राओं द्वारा पेश की गयी। संरक्षक अजय टंडन ने कहा कि स्वतंत्रता एक अधिकार नहीं बल्कि जिम्मेदारी है। हमें अपने देश की संस्कृति व मूल्यों को पहचानना होगा। इस मौके पर अध्यक्षिका अदिति टंडन, प्रधानाचार्य डा. शिक्षा सरदाना, रिंकू सक्सैना आदि मौजूद रहे।

## अमर सिंह कालेज में गूंजा आजादी का जश्न



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नगर के अमर सिंह मेमोरियल डिग्री कॉलेज में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कॉलेज प्रांगण तिरंगे की छटा से सजा हुआ था। प्रबंधक अशोक सैनी ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। ध्वजारोहण के बाद छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत, भाषण और कविताएं प्रस्तुत कीं। कॉलेज का माहौल भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारों से गूंज उठा। प्रबंधक अशोक सैनी ने कहा ख्र स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव नहीं बल्कि शहीदों के बलिदान का स्मरण है। आज हमें संकल्प लेना चाहिए कि हम देश के विकास और समाज की सेवा में अपनी ईमानदार भूमिका निभाएँ। युवा पीढ़ी को शिक्षा के साथ राष्ट्रप्रेम और अनुशासन भी अपनाना होगा। कार्यक्रम के अंत में मिठाई वितरण हुआ और सभी ने एक-दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

## स्वतंत्रता दिवस पर अमर शहीदों को किया नमन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** शुक्रवार को नगर में देहात क्षेत्र में देश के राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की 79 वीं वर्षगांठ को धूमधाम एवं देश भक्ति के साथ मनाई गई। नगर व ग्रामीण इलाके में स्थित सभी सरकारी कार्यालयों शिक्षण संस्थान एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा देश के राष्ट्रीय ध्वज को फराह कर उसे सलामी दी गई। वही सरकारी कर्मचारियों को संप्रभुता और अखंडता की शपथ भी दिलाई गई।

नगर स्थित नगर पालिका कार्यालय में चेयरमैन राजपाल सैनी एवं अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह ने ध्वजारोहण कर सरदार भगत सिंह एवं बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर देश के अमर शहीदों को नमन किया। वहीं नगर के तहसील कार्यालय पर उप जिलाधिकारी पुष्कर नाथ चौधरी, कोतवाली पर पुलिस क्षेत्र अधिकारी दीप कुमार पंत, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ धुर्वेद्र सिंह, अंबेडकर पार्क पर भाजपा नेता हेम सिंह आर्य एवं महेंद्र आर्य, ब्लॉक कार्यालय में ब्लॉक प्रमुख ममता गुर्जर, रामसरन एवं सुशीला आनंद हाई स्कूल में प्रबंधक सुशील चंद्र सक्सेना, झम्मन लाल पीजी कॉलेज में निदेशक गोपाल सक्सेना, बेबी फ्यूचर जूनियर हाई स्कूल में प्रबंधक शोएब खान, सरदार बेगम डिग्री कॉलेज में शहजाद खान, खुर्रम आजाद एवं दानिश खान, श्री गंगाराम जगपति हाई स्कूल में प्रबंधन का ममता देवी, वन विभाग कार्यालय सिहाली जागीर मे वन क्षेत्राधिकारी नरेश कुमार ने ध्वजारोहण किया। श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य मुकेश बाबू, सचिन इंडियन गैस एजेंसी के कार्यालय पर पूर्व ब्लाक प्रमुख महावीर सिंह चौहान, मदरसा दारुल उलूम अलकुरेश में पूर्व सभासद एवं सपा नेता बदर कुरैशी ने ध्वजारोहण किया। वही शिक्षण संस्थानों में नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा देशभक्ति से भरे कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। लिटिल चिल्ड्रन एकेडमी सिहाली जागीर में प्रबंधिका ममता गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। मदरसा अरबिया लतीफिया के छात्र छात्राओं ने नगर में तिरंगा रैली निकाली साथ ही देश के अमर शहीदों पर आधारित तराने भी सुनाये। कई स्कूलों में देश के जवानों से प्रेरित होकर बच्चों ने ऑपरेशन सिंदूर पर एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की। वही स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरकारी एवं शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम के अंत में मिठाई का भी वितरण किया गया। स्कूलों एवं मदरसों में देश को आजाद कराने के लिए अपनी जानों कि कुर्बानिया देने वाले अमर शहीदों की कहानियां भी सुनाई गई। विद्यालयों में रंगारंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए देशभक्ति के तराने भी सुनाये गये।

### चेयरमैन ने पालिका में फहराया तिरंगा



## सांसद ने फहराया 108 फिट ऊंचा तिरंगा



**शाह टाइम्स ब्यूरो। रजबपुर।** सांसद कंवर सिंह तंवर ने अपने कैम्प कार्यालय पर 108 फिट ऊंचा तिरंगा फहराया। इस दौरान भारत माता के जयकारों की गूंज दूर तक सुनाई दे रही थी। 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके सांसद कंवर सिंह तंवर ने गांव झकनपुरी स्थित कैम्प कार्यालय पर कार्यकर्ताओं व लोगों को संबोधित करते कहा कि यह तिरंगा हमारे देश की शान है। उन्होंने सभी को स्वत्रंता दिवस की बधाई दी। इस मौके पर जिलाध्यक्ष उदयगिरी गोस्वामी, युद्धवीर सिंह, महेश खडगवंशी, अशोक नागर, मनोज शर्मा, चन्द्रपाल खडगवंशी, हरज्ञान प्रजापति, पिंटू भाटी, ऋषिपाल नागर, राकेश वर्मा, सरोज, ममता मौजूद रहीं।

## देशभक्ति कार्यक्रम से बच्चों ने जीता दिल



**शाह टाइम्स ब्यूरो रजबपुर।** दिल्ली आइडियल पब्लिक स्कूल में स्वत्रंता दिवस धूमधाम से मनाया गया। छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति कार्यक्रम से सभी का दिल जीत लिया। गांव शाहवाजपुर स्थित दिल्ली आइडियल पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस ग्राम प्रधान शहरोज आलम ने ध्वजारोहण किया। प्रधानाचार्य अजरा नकवी व मौ. फैसल ने सभी को स्वतंत्रा दिवस की बधाई दी। इस दौरान बच्चों ने देशभक्ति कार्यक्रम से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। आजादी के लिये अपने प्राणों को बलिदान देने वाले वीरों को श्रद्धांजलि दी गई। विद्यालय परिवार ने देश की एकता, अखंडता का संकल्प लिया।

## भाजपा ने किया पूर्व राज्यपाल का अपमान

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** समाजवादी पार्टी के पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने किसानों के हितेषी पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक का अपमान किया है। जनता इस अपमान को याद रखेगी। बृहस्पतिवार को ग्राम कुआंखेड़ा के निकट स्थित एक वैंकट हॉल पर पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यहां प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि पूर्व राज्यपाल सतपाल मलिक किसानों के सच्चे हितैषी थे। भाजपा में रहते हुए भी पार्टी ने उन्हें कभी भी सम्मान नहीं दिया। मृत्यु उपरांत उन्हें राजकीय सम्मान दिया जाना था, मगर ऐसा नहीं किया गया। जिससे किसानों की भावनाएं आहत हुई है। आने वाले चुनाव में लोग भाजपा को सबक सिखाएंगे। संगठन के जिला अध्यक्ष मस्तराम यादव ने भी पूर्व राज्यपाल के जीवन चरित्र प्रकाश डाला। भारतीय किसान यूनियन के मंडल अध्यक्ष डूंगर सिंह ने उन्हें किसानों का सच्चा मसीहा बताया। इस मौके पर राजेंद्र सिंह अरविंद सिंह, गुरमीत सिंह, जयमल सिंह, अलाउद्दीन सैफी, जीतांबर यादव, आमिर रजा, तेजपाल, अशोक चौधरी, महिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।



## डीएम ने किया रामवीर को सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** सेवानिवृत्त शिक्षक एवं श्री नारायण स्मारक इण्टर कॉलेज के अध्यक्ष रामवीर सिंह को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर डीएम निधि गुप्ता वत्स, सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्रा आदि समेत अन्य अधिकारियों ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कहा कि उनके द्वारा शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में किया जा रहा प्रयास प्रशंसनीय है।

## चेयरपर्सन ने श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर किया गौ पूजन



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नगर पालिका परिषद गजरौला की अध्यक्षा राजेंद्री उर्फ उमा देवी एवं उनके पुत्र प्रमोद कुमार द्वारा श्री कान्हा गौ आश्रय स्थल (गौशाला) में जाकर गौ पूजा की गई तथा गौ माताओं को चारा एवं गुड़ खिलाकर पुष्प वर्षा की गई। गौ माता की आरती करके जनमानस से गौ माता के संरक्षण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पौराणिक, धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गौ को हमारी माता माना गया है। गौ माता में देवी देवता निवास करते हैं। इसलिए गौ माता का संरक्षण करें और उचित मात्रा में भोजन आदि प्रदान करें, ताकि वे संरक्षित रहें। गौ पूजन के बाद प्रसाद का वितरण भी किया गया। चेयरपर्सन ने गौशाला के कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर संजीव सिंह, अंकित सिंह, गौरव कुमार, मोहित कुमार, हरीश, निरंकार, हुकम सिंह, विनोद कुमार, दयानंद शर्मा, शोभित कुमार आदि मौजूद रहे।



गजरौला। पालिका दफ्तर पर ध्वजारोहण करते चेयरपर्सन व ईओ।



गजरौला। ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल में ध्वजारोहण करते अतिथि।

## स्वतंत्रता दिवस पर हुए देशभक्ति के कार्यक्रम

**उल्लास**

**● स्कूल, कॉलेजों में आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम**

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** भारत का 79 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। स्कूल, कॉलेजों, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालयों व स्थानीय नागरिकों ने भी अपने अपने घरों पर ससम्मान राष्ट्रध्वज फहराया। इस दौरान वातावरण में देशभक्ति के गीत और उद्घोष गूंजते रहे।

नगर पालिका कार्यालय पर चेयरपर्सन राजेन्द्री उर्फ उमा देवी, ईओ ललित कुमार आर्य व नगर स्वच्छता प्रेरक पूर्व विधायक हरपाल ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। विकास खंड कार्यालय पर ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चौधरी विरेन्द्र सिंह, बीडीओ प्रतिभा अग्रवाल ने ध्वज फहराया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्साधीक्षक डॉ. योगेन्द्र सिंह ने ध्वजारोहण किया। कोतवाली में सीओ अंजलि कटारिया व प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने ध्वज फहराया। एबीएसए कार्यालय पर बीईओ आरती गुप्ता ने ध्वजारोहण किया। रमाबाई अम्बेडकर राजकीय महाविद्यालय गजरौला में प्राचार्य प्रो.एमए गौरी व राजकीय महाविद्यालय गंगेश्वरी में प्राचार्या डॉ.वंदना भारद्वाज ने ध्वजारोहण किया। विधायक राजीव तरारा ने अपने एमडीए कार्यालय स्थित आवास पर ध्वजारोहण किया। कारमेल पब्लिक स्कूल में प्रबंधक विक्रम सिंह व प्रधानाचार्य सुधांशु शर्मा, नोबल पब्लिक स्कूल में प्रबंधक राजीव उपाध्याय व प्रधानाचार्या नवनीत उपाध्याय, एचसीएम इंटर कॉलेज कुमराला में प्रबंधक सर्वेन्द्र सिंह, ज्ञान भारती इंटर कॉलेज में प्रबंधक रोहताश कुमार शर्मा, प्रधानाचार्य पवन गिरि गोस्वामी व अध्यक्ष नवीन सिंघल, यश पब्लिक इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य नीरज कुमार, श्री नारायण स्मारक इंटर कॉलेज में प्रबंधिका दीपा सिरोही, संस्थापक अनिल सिरोही, प्रधानाचार्य वियजपाल सिंह ने, कमलेश गिल इंटर कॉलेज में सेवानिवृत्त फौजी विरेन्द्र सिंह, रामसरनदास स्मारक इंटर कॉलेज सलेमपुर गौसाईं में प्रधानाचार्य धर्मपाल सिंह, ओपीएस इंटरनेशनल स्कूल में राम प्रकाश गर्ग, नवीन गर्ग, श्वेता गर्ग, डॉ.पूनम पंडित व प्रबंधक डॉ.पराग पंडित ने, रॉयल स्कॉलर्स एकेडमी में प्रबंधक रमेश चंद्र शर्मा, बाल भारती इण्टर कॉलेज बहलोलपुर में प्रबंधक सुमित कुमार व प्रधानाचार्य सरिता निमांकर, सरस्वती शिशु मंदिर गजरौला में प्रबंध समिति के सदस्यों व प्रधानाचार्य रामदास शर्मा, नॉर्दन इण्डिया पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य मनोज गोयल, नागपाल इण्टरनेशनल स्कूल में चेयरपर्सन अंशु नागपाल, निदेशक समीर नागपाल व प्रधानाचार्या निशु सिंह, अल आसिम एकेडमी में चेयरमैन कुंवर काशिफ हुसैन, सिद्धार्थ इंटर कॉलेज में प्रबंधक रविराज सिंह ने, सैंट सेफ इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य इकबाल अहमद सैफी, जीनियस पब्लिक स्कूल नाईपुरा में प्रबंधक व वार्ड सभासद रानी व संस्थापक फुरकान अली, भारतीय समाज सेवा समिति के कार्यालय पर डॉ. योगेन्द्र सिंह ने ध्वजारोहण किया। जय भारत इण्टर कॉलेज द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। वहीं नगर की जुबिलेंट इन्ग्रेविया लिमिटेड में यूनिट हेड विनोद झा ने ध्वजारोहण किया। श्री कृष्णा लाइब्रेरी पर सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष चौ. भूपेन्द्र सिंह ने ध्वजारोहण किया।



गजरौला। ब्लॉक में शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित करतीं प्रमुख व बीडीओ।



गजरौला। नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

# जिले भर में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

## मसवासी सहित क्षेत्र में भर में रही स्वतंत्रा दिवस की धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** नगर पंचायत प्रशासन द्वारा नगर पंचायत को स्वतंत्रा दिवस के अवसर पर दुल्हन की तरह सजाया गया नगर पंचायत कार्यालय पर चेयरमैन दिनेश गोयल ने ध्वजारोहण किया गया इस अवसर पर राष्ट्रगान भी गया गया इस मौके पर ई ओ सचिन कुमार लेखा लिपिक अमित चंद्रा नवनीत नरेश सचिन ,राहुल, राजीव कुमार शर्मा, हरबन्स सागर, सभासद बृजनंदन सागर कुलदीप कुमार भगवती देवल जितेंद्र चंद्रा सोमपाल सागर, जमील अहमद, पूर्व चेयरमैन रघुवीर सिंह आर्य सचिन कुमार तथा सभी सभासद गण तथा गणमान्य नागरिक तथा महिलाएं उपस्थित रहे। वही नगर पंचायत अध्यक्ष ने इस दौरान सभा को भी संबोधित किया ओर आजादी का महत्व को समझाया सर्वहितकारी इंटर कॉलेज में सभापती राजेन्द्र कुमार सक्सेना द्वारा ध्वजारोहण किया गया नगर में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रभात





फेरी निकाली गई तथा देशभक्ति गीतों के साथ सभी बच्चे हाथों में तिरंगा लिए हुए देशभक्ति गीतों को गाते हुए चल रहे थे जिसे नगर वासियों ने बड़े ही उत्साह से देखा इस मौके पर सर्वहितकारी इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओ ने देश भगती गीत नाटक व नृत्य प्रस्तुत किये जिसने सभी को भाव विभोर किया इस मौके पर सभा पती राजेंद्र कुमार सक्सेना ने अपने सम्बोधन मे कहा कि आज का दिन हमे उन वीर योद्धाओं की याद दिलाता है जिन्होने अपनी जानकी परवहा किये बिना देश को आजाद कराने मे एहम भूमिका निभाई हमे उनकी कुर्बानियों का हमेशा सम्मान करना चाहिए वही अन्त मे प्रधानाचार्य डॉक्टर अजय प्रकाश दीक्षित ने सभी का धन्यवाद करते हुए स्वतन्त्रा दीवस की शुभकामनाए दी इस दौरान पूर्व चेयरमैन हरिओम मौर्य पूर्व चेयरमैन रघुवीर सिंहआर्य, ,देवेंद्र कुमार गोयल ,शिशुपाल चौहान, मिठाई लाल करुणा चौहान गणेश दत्त जोशी, विकास देवल सूरज सिंह, देवेंद्र वर्मा, आदि शामिल रहे ।वही वतन पब्लिक जूनियर हाईस्कूल मे प्रधानाचार्य इस्लाम अली ने झंडा फहराया वही मझरा खुशहालपुर के प्रधान साजिद अंसारी ने ,मानपुर उत्तरी मे प्रधान साजिद अली ने, मोती पुरा खोद मे प्रधान हामिद अंसारी, आर सल पार्सल मे प्रधान फारूक अली अंसारी ने, झंडा फहराया मदरसा दरसुल ऊलूम मे सेकेट्री मास्टर मोहम्मद अय्यूब ने झंडा फहराया तथा नगर एवं क्षेत्र के अनेक शिक्षण संस्थान एवं दफ्तरो मैं ध्वजारोहण किया गया तथा धूमधाम से स्वतंत्रता दिवस मनाया गया । इसके अलावा पुलिस चौकी मसवासी में चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला द्वारा ध्वजारोहण किया गया तथा सभी पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## विधायक व पालिकाध्यक्ष ने स्वतंत्रता दिवस पर किया ध्वजारोहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार।** विधायक शफीक अहमद अंसारी ने नगर पालिका परिषद में ध्वजारोहण किया इस दौरान उनकी पत्नी पालिका अध्यक्ष रेशमा परवीन भी मौजूद रही।

इस दौरान राष्ट्रगान हुआ शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण किया बाद में विधायक शफीक अहमद अंसारी ने संबोधित करते हुए कहा कि आज ही के हमारा देश आजाद हुआ था हमें अपने संविधान की रक्षा करनी चाहिए।

उन्होंने देश के शहीद हुए लोगो के अमर शहीद हैं जिन्होंने देश के लिए कुर्बानियां दी है उन्हें हमे कभी नही भूलना चाहिए। उधर तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी अमन दयोल ने तहसील प्रशासन के साथ ध्वजारोहण किया। इस राष्टीय गीत गाया गया।

स्वार अस्पताल में चिकित्सा प्रभारी



डॉ अजीम अहमद ने ध्वजारोहण किया, इस दौरान सभासदों अनीस अहमद,अकील खां, अकील अंसारी, नसीर अहमद अंसारी, इस्लाम अंसारी, जमील अहमद, बंटी, हामिद अल्वी, इरफान अल्वी, विधायक सलाहकार दीपक नागर, नाहिद खां, शफीक बाबू, राशिद अंसारी, शारिक अंसारी व तहसील में तहसीदार कानूनगो जहीन आलम खां, रियाज अहमद, अब्दुल सरूर, कुलदीप भटनागर आदि लोग मौजूद रहे।

## सपाइयों ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** सांसद मोहिबुल्लाह नदवी के कैंप कार्यालय में 15 अगस्त के अवसर पर झंडा ध्वजारोहण किया गया। इस मौके पर मीडिया प्रभारी महबूब पाशा एडवोकेट ने देश को आजाद कराने वाले वीर सपूत स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया और कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने देश आजाद करने के लिए अपने देश के बच्चों के भविष्य के लिए अपनी कुर्बानी दी थी देश कभी भी महान सपूत स्वतंत्रता सेनानियों की कुर्बानियों को नहीं भूलेगा। हमारे देश को आजाद हुए 78 वर्ष हो गए अब हमें अपने देश को विकासशील देशों में शामिल करने के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए। इस अवसर पर नगर पालिका रामपुर प्रति. निधि डॉक्टर अब्दुल सलाम और नगर पालिका बिलासपुर के प्रतिनिधि अतहर खान, राम बहादुर दिवाकर, नरेश यादव, हाफिज नूरी, आसिफ अली, जमील सैफी, अब्दुल्ला, डॉक्टर इंतजार, डॉक्टर मकतूब अहमद सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## टाण्डा में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा/रामपुर।** शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरक. ारी व अर्ध सरकारी कार्यालयों पर ध्वजारोहण किया गया।स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए।नगरपालिका कार्यालय पर पालि. काध्यक्ष साहिबा सरफराज ने ध्वजारोहण किया। पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज और ईओ वंदना शर्मा ने आजादी के महत्व पर प्रकाश डाला। पालिकाध्यक्ष ने नगर में तेजी से हो रहे विकास कार्यों का वर्णन किया।

इससे पूर्व सभासद एम सगीर ने कहा कि खुशी है कि नगर में ढाई साल के बाद विकास कार्य शुरू हो गए हैं,लेकिन जिस गति के साथ विकास पहिया दौड़ना चाहिए था,वह नहीं हुआ। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को संबोधित करते हुए कहा कि सभासद ह वक्त आप से नहीं मिल सकते, हम अपनी समस्या व्हाट्सएप के जरिये आपको अगवत करवा सकते हैं। जिस पर आपको समाधान के सम्बंध में जबाब देना चाहिए।

इस अवसर पर अध्यक्ष पति हाजी सरफराज आलम, वरिष्ठ लिपिक धनीराम सैनी, लेखा लिपिक शुभम भारती और जेई अभिनेष तिवारी सहित सभासद तस्लीम पहलवान, मतलूब मुन्ना, शिवप्रसाद,मोहम्मद शफीक,महमूद नायक और नेता अफसर आदि मौजूद रहे।

नगरपालिका कार्यालय में ध्वजारोहण कार्यक्रम के बाद पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज और ईओ वंदना शर्मा ने झंडा चौक पर वृक्षारोपण किया गया।अधिशासी अधिकारी ने



मनसब अली स्टेडियम का निरीक्षण किया, जहां स्टेडियम में लाइब्रेरी के निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया।

उधर तहसील परिसर में उपजिलाधिकारी राजकुमार भास्कर ने ध्वजारोहण किया।उन्होंने स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए बलिदान देने वाले सपूतों को याद करते हुए स्वतंत्रता के महत्व पर प्रकाश डाला।लेखपाल सहित सभी राजस्व कर्मियों को अपने कर्तव्यों का भलीभांति निर्वहन करने के निर्देश दिए।उधर व्यापार मंडल के कार्यलय पर भी व्यापार मंडल के पद अधिकारी द्वारा ध्वजारोहण किया

इस अवसर पर तहसीलदार निश्चय



कुमार,नायब तहसीलदार विश्वास दीक्षित,अमित कुमार और लेखपालों सहित भाकियू के नगर अध्यक्ष मजहर अली लाला,जिला सचिव साबिर अली,रफीक,फरीद खां, हसीन खां, हसीब, नजाकत अली, वारिस चौधरी, फिरासत अली गामा, जावेद, इंतिजार अली और हसीब,व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष हाजी शकील, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुशर्रफ अली, आशीष वर्मा, अब्दुल समद, वकील एडवोकेट, सलीम कसगर, अब्दुल रशीद, तसलीम, हाजी बहाब, विनोद कुमार वर्मा, जफरयाब, मोहम्मद उस्मान, आदि मौजूद रहे।

## भाकियू (इंडिया) ने मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** 79 वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पहलवान मुनेंद्र गुर्जर के दिशा निर्देश अनुसार जिला अध्यक्ष बाबू अली के नेतृत्व में एवं उनकी पूरी टीम ने मिलकर 15 अगस्त के मौके पर अने. कों कार्यक्रम का आयोजन किया जिसके अंतर्गत ध्वजारोहण कार्यालय भाकियू (इंडिया) पर, कामयाब तिरंगा रैली और इसके साथ्रसाथ काशीपुर गांव भेंट कि गई और वहां विद्यालय में मुख्य अतिथि कि भूमिका पर अनेकों कार्यक्रम में उपस्थित दर्ज कि और वृक्षारोपण उनका खास विषय था जिसके अन्तर्गत 300 पौधों का वितरण




सफलता पूर्वक बच्चों को करा गया और यह टार्गेट दिया गया इसके साथ साथ झंडा आरोहण राष्ट्रीय गान कराया गया।

जिला अध्यक्ष बाबू अली ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारी का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया और यह संदेश दिया कि इसी तरह कारवां को आगे बढ़ाने का काम जारी रखा जायेगा और ज्यादा से ज्यादा सदस्यों को भकियू (इंडिया) से जोड़ा जाएगा।

## नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस जिले भर में धूमधाम से मनाया गया जिसमें सरकारी तथा गैर सरकारी विभागों, स्कूल, कॉलेजों में स्वतंत्रता दिवस की धूम रही।

इस दौरान नन्हे मुन्ने बच्चों ने भी स्वतंत्रता दिवस अपने अपने अंदाज में मनाया रामपुर के पीपल वाला घेर निवासी अब्दुल रऊफ के पुत्र मो. जरियाब तथा आवास विकास नूर महल कॉलोनी स्थित बब्लू की बेटी सिदरा हसीब ने भी आजादी का जश्न मनाया।

इस दौरान उनके परिजनों ने भी बच्चों का सहयोग किया।

## डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया ध्वजारोहण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में परंपरागत रूप से ध्वजारोहण किया।

इस दौरान विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान और देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि देश को आजादी लाखों स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान के परिणामस्वरूप मिली है, जिसे हमें हमेशा संजोकर रखना है। प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने कर्म एवं आचरण से देश की प्रगति में योगदान दे और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सशक्त भारत का



निर्माण करे। उन्होंने कहा कि देश को विकास के पथ पर आगे ले जाने के लिए आवश्यक है कि जो जिस पद पर कार्यरत है वह स्वयं की जिम्मेदारी सही ढ़ंग से निभाये और आम जनमानस की समस्याओं को गम्भीरता से सुने व संतुष्टिपूर्ण निस्तारण करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ. नितिन मदान सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी एवं कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली में डा.चन्द्रप्रकाश शर्मा राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार से सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर रिटायर्ड आर्मी ऑफिसर्स द्वारा संचालित वाई.एस.एस. फाउंडेशन द्वारा नई दिल्ली के दिल कनॉट प्लेस के एनडीएमसी के सम्मेलन केंद्र में रामपुर जनपद के मिलक निवासी वरिष्ठ साहित्यकार डॉ चंद्र प्रकाश शर्मा को समाज हित में किया जा रहे वैज्ञानिकता से ओतप्रोत उत्कृष्ट साहित्य सृजन हेतु राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार से रिटायर्ड आर्मी ऑफीसर्स ने मेडल, ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। देश की 100 महान विभूतियों को अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों हेतु इस पुरस्कार से विभूषित किया गया।

उद्घोषिका द्वारा मंच से घोषणा की गयी कि डॉक्टर चंद्र प्रकाश शर्मा जिनका लेखन विश्व के महान नेता तथा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रशंसित किया गया है तथा जिनके सम्पादकीय लेखों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण ष्क्योंष के भाव का विवेचन करते हुए आध्यात्मिक व दार्शनिक विचारों का गंभीर चिंतन अभिव्यक्त होता है जो वर्तमान युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत हैं, के साथ रेडियो वार्ताकार, दूरदर्शन कवि, शोध



लेखक तथा 6 पुस्तकों के रचयिता को साहित्य जगत में उनकी उल्लेखनीय व उत्कृष्ट सेवाओं हेतु प्रदान किया जा रहा है।

डॉक्टर चंद्र प्रकाश शर्मा को यह पुरस्कार कैप्टन रामचंद्र पाठक ,कैप्टन कर्मपाल सिंह, मेजर पीके सक्सेना, मेजर बीके सक्सेना, मुकेश कुमार, सर्वेश जी सभी सेवा निवृत्त सैन्य अधिकारियों द्वारा प्रदत्त कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हरियाणा के अमन दीप सारण, महाराष्ट्र के प्रमोद एम.गुप्ता, राजस्थान के वैद्य श्यामसुंदर पारीक, उड़ीसा के डॉ. ए.के. पटेल आदि से भेंट और चर्चा हुई।

## व्यापारियों ने शहर में निकाली तिरंगा यात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शुक्रवार को को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कार्यालय तिलक नगर कॉलोनी से प्रारंभ होकर बापू मॉल , मिस्टनगंज चौराहा, अनाज मंडी चौराहा से होकर गांधी समाधि पर तिरंगा यात्रा संपन्न हुई। इसमें संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी के निर्देशन में तिरंगा यात्रा संपन्न हुई और कहा कि यह तिरंगा पर्व है और हम इसे हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। साथ ही हमने ध्वजारोहण अपने कार्यालय पर करके तिरंगा रैली का शुभारंभ किया है। इस तिरंगा रैली में हजारों की संख्या में व्यापारी व पदाधिकारी शामिल हुए हैं रामपुर की सड़कों पर



तिरंगा यात्रा निकालकर एकता एवं भाईचारे के मिसाल कायम की है ।सभी व्यापारी अपने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जयकारों के साथ तिरंगा यात्रा को संपन्न करायेंगे। इस तिरंगा यात्रा में जगह-जगह चौराहा पर व्यापारियों ने संदीप अग्रवाल सोनी का फूल व माला डालकर स्वागत किया और व्यापारियों की रैली में मौजूद युवाओं पर भी फूलों वरसे स्वतंत्रता दिवस पर निकाली रैली को व्यापारियों की भीड़ ने आजादी के रंग में रंग कर देशभक्ति की भावना को दिखाया है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा, युवा जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, मंडल अध्यक्ष अब्दुल बासिक, प्रदेश मंत्री पप्पू खान, प्रदेश संगठन मंत्री फहीम अली, शाहाबाद अध्यक्ष अब्दुल समी, बिलासपुर नगर अध्यक्ष अनस खान, स्वार नगर अध्यक्ष अनवर अली, मिलक नगर अध्यक्ष राजू गुप्ता, भुवनेश्वर भार्गव, युवा नगर अध्यक्ष पुलकित अग्रवाल ,शीवू खान , दिलशाद अहमद, साहाब खान, शादाब खान, बाबू खान, शाहिद खान, प्रवीण गुर्जर मीडिया प्रभारी आदि सैकड़ो की संख्या में व्यापारी व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## तारीखी बन गया जिला अस्पताल में स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शुक्रवार को 79 वां स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम जिला अस्पताल रामपुर में कुछ अनोखे अंदाज में मनाया गया। ऐसा कार्यक्रम पहली बार जिला अस्पताल की तारीख में हुआ था जिसे देख कर सभी हैरत में थे।

सुबह सवेरे पहले सफाई अभियान चलाया गया।

कार्यक्रम को जन गण मन अधिनायक से आरंभ किया गया। देश के लिए बलिदान देने वाले शहीदों को नमन किया गया। इस बीच सीएमएस डॉ डी के वर्मा कुछ भावुक हो गए। पहले मुख्य चिकित्सा अधीक्षक श्री डॉ देवेंद्र कुमार वर्मा ने आजादी का अमृत महोत्सव 5 कबूतर और पांच चिड़ियों को आजाद किया। जिला अस्पताल परिसर में 5 हरे पेड़-पौधे लगाए,रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच प्रोगाम में बेहतर बनाने के लिए सीएमएस डॉ डी के वर्मा ने खुद 5 देशभक्ति के सुंदर गीत गाए और 5 महीनों में 5 बेहतरीन कार्य करने वाले कर्मचारी मुजीब अहमद, रवि, विजय, राजीव कुमार और राजेश कुमार को पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित करके भविष्य में मजीद अच्छे कार्य करने की सलाह दी।

इस खूबसूरत कार्यक्रम का संचालन हरीश धोनी ने किया। 8:00 बजे जिला अस्पताल रामपुर की खूबसूरत इमारत पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ देवेंद्र कुमार वर्मा जी ने ध्वजारोहण किया और झंडे को सलामी दी।

इस अवसर पर सीएमएस ने 250 से ज्यादा स्टाफ को खिताब करते हुए कहा कि आजादी एक बहुत बड़ी नेमत है। हमें खुशी है हम आज आजाद भारत का 79 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मना रहे हैं,



उन्होंने कहा हर मखलूक आजाद रहना पसंद करती है, आजादी के जशन के बीच आज हम ने 10 परिंदों को आसमान में उड़ा कर यह संदेश दिया है हर मखलूक आजाद रहना पसंद करती है तो इन पक्षियों को भी आजाद किया जाए।

सीएमएस डॉ देवेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि हिंदुस्तान को आजाद कराने में सभी ने अपना बलिदान दिया है जिसे हम भुला नहीं सकते। आज ही के दिन हमें अपने शहीदों को नमन करना चाहिए। पी एस एम कालेज की बच्चियों ने भी गीत-संगीत पेश किये।

आज सब से अहम बात यह भी रही जहा सभी को मिठाई बांटी गई वहीं सदर अस्पताल के सीएमएस डॉ डी के वर्मा की ओर से सभी भर्ती मरीजों और स्टाफ की तवाजों खीर और सिवई से की गई। आज दोपहर तक अस्पताल में जशन ए आजादी मनाई गई। इस कार्यक्रम में बिजेंदर सिंग, सौरभ पांडे, अनुभव सहित सभी स्टाफ और मीडिया कर्मी मौजूद थे

## रालोद कार्यकर्ताओं ने धूमधाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोक दल के अल्पसंख्यक जिला कार्यालय पर स्वतंत्रता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के अध्यक्षता जिला अध्यक्ष फैयाज हसन गुड्डू संचालन प्रदेश महासचिव रो. हलखंड प्रभारी मोहम्मद उस्मान बबलू द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में बोलते हुए मोहम्मद उस्मान ने कहा कि देश की आजादी हमारे वीर जवानों ने कराई थी जिनका बलिदान हम कभी भुला नहीं सकते वही जिला अध्यक्ष फैयाज हसन गुड्डू ने कहा कि देश को आजाद करने में जितने महापुरुषों का बलिदान हुआ है। उन्हें शत-शत नमन क्षेत्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ एडवोकेट



शशी वाला ने भी कार्यक्रम में बोलते हुए आजादी के महापुरुषों के बलिदान को याद किया उनके पति सुरेंद्र सिंह ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव फिरोज आलम, क्षेत्रीय महासचिव महफूज खान, मीडिया प्रभारी प्रदेश महासि. चव मुनाजिर हुसैन, नगर अध्यक्ष मंजू खान, मंडल अध्यक्ष तराना बेगम, मो. हसिन, शकील सैफी, नाजिया खान, क्षेत्रीय महासचिव नगर अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सायमा, कमर खान, फुरकान अली, मुस्तकीम, गुलवेज, फरीद, रिजवान अली, कलावती, मनजीत कौर, इमरान खान आदि शामिल रहे।

# जनपद में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**पीलीभीत।** जनपद में देश का 79 वा स्वतंत्रता दिवस बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सरकारी, अद्ध सरकारी, गैर सरकारी कार्यालयों में झंडारोहण किया गया। शहर के मंदिरों को के केसरिया,3 सफेद, और हरे रंग के गुब्बारों से मनोहारी श्रृंगार किया गया। सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में विभिन्न आयोजन हुए। प्रदेश के गन्ना एवं चीनी मिलें राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने अपने आवास, कार्यालय व गांधी स्टेडियम पर ध्वजारोहण किया देश भक्ति की अलख जगाई। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह, एसपी अभिषेक यादव, सीडीओ श्रीवास, सीएमओ डा. आलोक कुमार, सहित सभी अधिकारी कर्मचारियों ने मां भारती के वीर सपूतों को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बांसुरी नगरी भारत माता की जय, अमर शहीद अमर रहे के नारों से गूंज उठी। स्वतंत्रता दिवस का जश्न शहर से लेकर गांव तक मनाया गया। सड़कों पर हिन्दू संगठनों के साथ सरकारी विभागों के द्वारा तिरंगा यात्राएं निकाली गई। नगर पालिका परिषद कार्यालय में पालिक अध्यक्ष डा. आस्था अग्रवाल ने ध्याजारोहण कर भारत मां के वीर सपूतों को नमन किया। नगर पंचायत नौगामा पकड़िया की अध्यक्ष संदीप संतोख संधू ने नगर पंचायत परिसर में ध्याजारोहण कर सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए भारत माता के वीर सपूतों को नमन किया। भाजपा नेता संजीव गंगवार ने किसान सेवा सहकारी समिति बरखेड़ा पर ध्वजारोहण कर मिष्ठान वितरित किया। नवीन मंडी स्थित खाद्यान्न आढ़ती संघ द्वारा बड़ी ही धूमधाम से देश की आजादी का पर्व मनाया गया, इस दौरान समाजसेवी एवं व्यापारी नेता उमेश गंगवार ने तिरंगा यात्रा का नेतृत्व कर देशभक्ति के नारे लगा देश की आजादी का जश्न मनाया।

# नगर में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

**पूरनपुर।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक कॉलेज आफ फार्मेसी के तत्वाधान में नगर के मुख्य मार्ग से कई वर्गों से सैकड़ो की संख्या में भव्य तिरंगा यात्रा निकल गई। जिसमें सामाजिक संगठन के अलावा सभी धर्म के लोग शामिल हुए। शनिवार को आयोजित तिरंगा यात्रा 15 अगस्त पर नगर के पोस्ट ऑफिस के पास पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक के चेयरमैन अमित मिश्रा के नेतृत्व में व्यापार, मंडल अधिवक्ता समाज सहित कई सामाजिक संस्थाओं ने भाग लिया। यह तिरंगा यात्रा पोस्ट ऑफिस से शुरू होकर स्टेशन रोड सराफा बाजार होते हुए पकड़िया चौराहे से कोतवाली रोड से जाकर पोस्ट ऑफिस पर समाप्त हुई। तिरंगा यात्रा का नगर पालिका चौराहे पर फूलों की वर्षा का स्वागत किया गया। तिरंगा यात्रा में मुख्य चौराहे पर पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक के छात्रों ने चार चांद लगा दिए मनमोहक नृत्य के अलावा देशभक्ति पर आधारित नाट्य कार्यक्रमों का मंचन भी किया जिसको नगर वासियों ने काफी सराहना की और छात्रों का मनोबल बढ़ाया। अंत में तिरंगा यात्रा का समापन पंडित राजेंद्र प्रसाद स्मारक के एमडी अमित मिश्रा ने आभार व्यक्त कर किया। तिरंगा यात्रा का संचालन भाजपा नगर उपाध्यक्ष गुंजन सक्सेना एवं त्रिभुवन शर्मा ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से काउंसलर महेंद्र मिश्रा, अनादि मिश्रा उर्फ विकास, विशाल वर्मा भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य अचल मिश्रा, प्रदीप शुक्ला, रवि जयसवाल, नितिन वर्मा, भाई सुभाष गुप्ता, मुनेन्द्र पाल सहित सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## रामरतन लाल विद्या मंदिर स्कूल में मना स्वतंत्रता दिवस



**पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र के गांव सबलपुर खास के निकट देवी स्थान मंदिर पर संचालित रामरतन लाल विद्या मंदिर स्कूल में स्वतंत्रता दिवस उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। सबसे पहले स्कूल की अध्यक्ष श्रीमती साधना पांडे ने ध्वजारोहण किया, मौजूद छात्र–छात्राओं और शिक्षकों ने तिरंगे को सलामी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती मां के सामने दीप प्रज्वलित कर की गई उसके बाद सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। नन्हें मुन्ने बच्चों ने सुंदर सुंदर गीत सुनाकर कर तालियाँ बटोरीं। छात्र छात्राओं के सामूहिक गीत ने समूचे परिसर में देशभक्ति की गूंज भर दी। छात्राओं के विशेष देशभक्ति गीत और विद्यालय द्वारा निकाली गई रैली मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा जिसमें ग्राम पंचायत में रैली चर्चा का विषय बनी रहीं। विद्यालय के आचार्य मधुर वाजपेई, पंकज शुक्ला, द्वारा सुनाई गई कविता ने शहीदों के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

स्कूल के प्रबंधक रामशंकर पांडे ने विद्यार्थियों से देश के प्रति प्रेम, सेवा और अनुशासन को जीवन का उद्देश्य बनाने की अपील की। प्रधानाचार्य प्रदीप मिश्रा ने कार्यक्रम की तारीफ करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को न केवल सपने देखना चाहिए बल्कि राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के आचार्य रूप किशोर मिश्रा, विमल दीक्षित ने किया।

# बच्चों ने राधा-कृष्ण बन धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी



**पीलीभीत।** बेनहर गुरुकुल, टनकपुर रोड कैंपस में कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव बड़े ही उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। कक्षा प्री नर्सरी, नर्सरी और केजी के बच्चों ने श्री कृष्ण की जीवन कथा के विभिन्न दृश्यों को दर्शाते हुए प्रस्तुति दी।

बच्चों ने कृष्ण, राधा, गोपियां, सुदामा, यशोदा और वासुदेव जैसे प्रमुख पात्रों की वेशभूषा धारण की और मटकी से माखन चुराना और मटकी फोड़ना जैसे प्रसिद्ध दृश्यों का मंचन किया। विद्यालय की संस्थापिका रंजीत सैहमी और प्रधानाचार्या डॉ निर्मल कौर ने बाल गोपाल के पालने को झुलाकर उनका स्वागत किया। विद्यालय के प्रबंधक गुरदित्त सिंह सैहमी ने सभी को जन्माष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि बच्चों की प्रस्तुति सराहनीय है और ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों को पौराणिक कथाओं और संस्कृति के बारे में जानने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर अध्यापिकाओं श्वेता गौड़, रेनू भट्ट, मनिका मिश्रा और लोकेश गंगवार ने झांकियों को तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## सड़क किनारे मिला युवक का शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** शनिवार की सुबह थाना छतारी क्षेत्र के दानपुर–पहासू मार्ग पर गांव बमनपुरी के समीप सड़क किनारे युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक की गला रेतकर हत्या की गई है। शनिवार सुबह लोगों ने शव को सड़क किनारे पड़ा देखा। शव की पहचान नहीं हो सकी है।

## जिले में शान से लहराया तिरंगा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिले भर में शुक्रवार को स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कलेक्ट्रेट परिसर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर श्रुति ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों व आमजन ने राष्ट्रगान गाकर देशभक्ति की भावना को अभिव्यक्त किया। इसके बाद श्रुति शांति के प्रतीक कबूतर व गुब्बारें उड़ाए, पौधरोपण भी किया गया। इसके बाद श्रुति उपस्थित स्वतंत्रता सेनानी, स्वतंत्रता सेनानियों के आश्रितों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर विद्यालयों के बच्चों ने देशभक्ति गीत, कविताएं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद पिलखुवा, जनपद-हापुड़

**" सार्वजनिक सूचना"**

भारत देश 15 अगस्त 2025 को 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाने जा रहा है। इस स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर नगर पालिका परिवार शहर को सभी संभ्रांत नागरिकों से अपील करता है कि-

1- 79वं स्वतंत्रता दिवस के दृष्टिगत सभी नागरिक स्वच्छता एवं सफाई पर विषेष ध्यान दें। सड़कों नालियों, नालियों के ढक्कन और तालाबों में गंदगी व कूड़ा न डालें।

2- गीला कचरा ग्रीन डस्टबिन में, सूखा कचरा ब्लू डस्टबिन में एवं हानिकारक कचरा रेड डस्टबिन में डालें।

3- नगर की सफाई में सहयोग करें, कूड़े का पृथक्करण कर डस्टबिन या कूड़ा गाड़ी में ही डालें। अन्यथा नगर पालिका के सफाईकर्मी को दें। 03 वर्ष में कम से कम एक बार सेप्टिक टैंक की सफाई कराएं।

4- खुले में शौच एवं मूत्र त्याग न करें। केवल व्यक्तिगत, सार्वजनिक या सामुदायिक शौचालय का ही प्रयोग करें।

5- प्लास्टिक, थर्मोकोल और पॉलिथिन जैसी प्रतिबंधित सामग्री का उपयोग न करें। यह दंडनीय अपराध है।

6- पानी की बचत करें, पाइप या नल खुला न छोड़ें।

7- सी एंड वेस्ट (निर्माण एवं ध्वस्तीकरण अपशिष्ट) प्रबंधन के नियमों का पालन करें।

8- पर्यावरण एवं स्वच्छता का ध्यान रखते हुए, प्रदूषण-मुक्त 79वां स्वतंत्रता दिवस मनाएं और इसे सामुदायिक रूप से जीरो वेस्ट एवं इको-फ्रेंडली बनाएं।

9- नगर पालिका के सभी प्रकार के कर समय से जमा करें। संपत्ति कर एक महीने के भीतर फॉर्म भरकर जमा करें।

10- "नारी शक्ति अभियान" में सहयोग करें।

11- पालिका के अस्थायी गौ-आश्रय स्थल में गौ-सेवा हेतु स्वेच्छानुसार दान करें और पुण्य लाभ प्राप्त करें।

(इन्द्रपाल सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद पिलखुवा

(विभु बंसल)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद पिलखुवा

समस्त सम्मानित सभासदगण
नगर पालिका परिषद पिलखुवा

## कार्यालय नगर पालिका परिषद डिबाई जनपद बुलन्दशहर।

पत्रांक: 466/न0पा0परि0डि0/2025 | **-: आवश्यक सूचना:-** | दिनांक: 12.08.2025

समस्त मकान/दुकान/प्लाट विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा निम्नलिखित व्यक्तियों को बैनामा किया गया है जिसके नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र कार्यालय नगर पालिका परिषद डिबाई के टैक्स विभाग को प्राप्त हुये है यदि किसी विक्रेता को इससे सम्बन्धित कोई आपत्ति हो तो 10 दिवस के अन्दर पालिका के उक्त विभाग में अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है। वाद-मियाद पूरी होने पर किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवरण निम्नलिखित है:-

| क्र0सं0 | विक्रेता का नाम | क्रेता का नाम | बावत |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती रीनू गर्ग पत्नी श्रह खैम चन्द गर्ग निवासी मौहल्ला चौक बोहरान डिबाई जिला बुलन्दशहर। | कल्पना गुप्ता पुत्री स्व0 जयप्रकाश गुप्ता निवासी शान्ति निकेतन रेलवे रोड डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | विक्रय पत्र |
| 2 | श्री संजय कुमार शर्मा पुत्र श्री भानप्रकाश शर्मा निवासी ग्राम गढिया सुल्तानपुर डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | श्रीमति किरन देवी पत्नी श्री नीरज कुमार निवासी ग्राम खेड़िया बक्श डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | विक्रय पत्र |
| 3 | श्री महेन्द्रपाल सिंह पुत्र श्री पन्नालाल व श्रीमति विरमा देवी पत्नी श्री महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम डिबाई देहात अफजलपुर डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | श्री अशोक कुमार शर्मा पुत्र श्री द्वारिका प्रसाद शर्मा निवासी ग्राम शेखूपुर डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | विक्रय पत्र |
| 4 | श्री बाबूलाल पुत्र श्री भोलाराम निवासी मौहल्ला शेखमचिस्ती डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | श्रीमति शारदा देवी पत्नी श्री लाखन सिंह निवासी मौहल्ला शेखमचिस्ती डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | विक्रय पत्र |
| 5 | श्रीमति चन्द्रवती पत्नी स्व0 तुलाराम निवासी मौहल्ला शेखमचिस्ती डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | श्रीमति शारदा देवी पत्नी श्री लाखन सिंह निवासी मौहल्ला शेखमचिस्ती डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | विक्रय पत्र |
| 6 | श्री तुलाराम पुत्र श्री परम सिंह निवासी मौहल्ला शेखमचिस्ती डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | श्रीमति शारदा देवी पत्नी श्री लाखन सिंह निवासी मौहल्ला शेखमचिस्ती डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | विक्रय पत्र |
| 7 | श्री होतीलाल पुत्र श्री तोताराम निवासी अफजलपुर डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | श्रीमति विमलेश पत्नी श्री त्रिलोकी सिंह निवासी सिखरना कोल, जिला अलीगढ़। | विक्रय पत्र |
| 8 | श्री हरीसिंह पुत्र श्री बंशीधर निवासी मौहल्ला महादेव डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | श्रीमति उषा देवी पत्नी श्री सतीश चन्द्र निवासी ग्राम परिहावली, डिबाई जिला बुलन्दशहर। | विक्रय पत्र |
| 9 | श्रीमति कान्ती पत्नी श्री रमेश चन्द निवासी मौहल्ला ऊंचा डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | श्री सवीला पुत्र श्री तनवीर निवासी मौहल्ला चौधरीखेल डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | विक्रय पत्र |
| 10 | श्रीमति सविता देवी पत्नी श्री मनीष कुमार निवासी ग्राम पैगम्बरपुर डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | श्रीमति रानी देवी पत्नी श्री दिनेश कुमार निवासी मौहल्ला चौधरीखेल डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | विक्रय पत्र |
| 11 | श्रीमति कमला देवी पत्नी श्री जगदीश प्रसाद निवासी मौहल्ला मण्डी हरदेव डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | श्रीमति सुमन देवी पत्नी श्री नरेश कुमार निवासी ग्राम खैरपुर डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | विक्रय पत्र |
| 12 | श्रीमति कौशल शर्मा पत्नी श्री मदन गोपाल निवासी मौहल्ला नमक मण्डी डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | श्रीमति सुमन पत्नी श्री सुरेन्द्र निवासी मौहल्ला पुराना किला डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | विक्रय पत्र |
| 13 | श्री देवेन्द्र कुमार पुत्र स्व0 केवलराम निवासी मौहल्ला सराय किशन चन्द डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | श्रीमति लक्ष्मी देवी पत्नी स्व0 फूलसिंह निवासी मौहल्ला सराय किशन चन्द डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | मृत्यु के स्थान पर |
| 14 | श्रीमति धर्मेश पत्नी श्री कलियान सिंह उर्फ कालीचरण निवासी मौहल्ला सराय किशन चन्द डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | श्रीमति भावना देवी पत्नी श्री विनोद कुमार निवासी ग्राम कुमरौआ डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | विक्रय पत्र |
| 15 | श्रीमति विध्या देवी पत्नी श्री जयप्रकाश सैनी निवासी ग्राम चंदनियां खेड़ा कोल, जिला अलीगढ़ व वीरेन्द्र सैनी पुत्र श्री जयप्रकाश सैनी निवासी ग्राम चंदनियां अलीगढ़ व पप्पू पुत्र श्री हरनारायन निवासी मौहल्ला सराय वैरूनी डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | श्रीमति गड्डो पत्नी श्री जमालुद्दीन निवासी मौहल्ला सराय वैरूनी डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | विक्रय पत्र |
| 16 | श्री रोशन आरा पत्नी श्री सगीर अहमद निवासी मौहल्ला सराय वैरूनी डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | श्री अकील अहमद पुत्र श्री सगीर अहमद निवासी मौहल्ला सराय वैरूनी डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | बसीयत के स्थान पर |
| 17 | श्री गुलाम साबिर पुत्र श्री नासिर हुसैन निवासी मौहल्ला करजीखेल डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | श्री मुकीश अहमद श्री अब्दुल रशीद निवासी मौहल्ला शेखचमिस्ती डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | विक्रय पत्र |
| 18 | श्री अनीस अहमद पुत्र श्री कल्लू खां निवासी मौहल्ला चौधरी डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | श्रीमति रामवती पत्नी श्री भगवती प्रसाद निवासी ग्राम सतोहा डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | विक्रय पत्र |
| 19 | श्रीमति कमलेश पत्नी श्री राकेश सिंह निवासी ग्राम अफजलपुर डिबाई जिला बुलन्दशहर। | माया पत्नी श्री दीपक पुत्री श्री भूपाल सिंह निवासी कुरूआत आंवला ओनला बरेली हाल निवासी मौहल्ला चौक दानपुर डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | विक्रय पत्र |
| 20 | श्रीमति प्रवीन कुमारी पुत्र श्री महीपाल सिंह पत्नी श्री योगेन्द्र सिंह निवासी मौहल्ला सराय वैरूनी डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | श्रीमति निर्मला देवी पत्नी श्री सुरेश चन्द्र निवासी मौहल्ला सराय वैरूनी डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | विक्रय पत्र |
| 21 | श्रीमति द्रोपा पत्नी श्री हरी सिंह व गिर्राज सिंह पुत्र श्री हरी सिंह निवासी मौहल्ला सराय वैरूनी डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | श्रीमती राजकुमारी पत्नी सोनपाल निवासी मौहल्ला सराय वैरूनी डिबाई जिला, बुलन्दशहर। | विक्रय पत्र |
| 22 | श्री आशु अग्रवाल पुत्र श्री गोपाल अग्रवाल निवासी मौहल्ला चौक दुर्गा प्रसाद डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | श्रीमति दुर्गेश पत्नी श्री धर्मेन्द्र सिंह निवासी मौहल्ला महादेव डिबाई, जिला बुलन्दशहर। | विक्रय पत्र |


अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,
डिबाई, बुलन्दशहर।

# हादसे में युवक की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**मोरना।** गांव कम्हेड़ा निवासी, युवक की पानीपत में हुए सड़क हादसे में मौत हो गयी। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। गमगीन माहौल में युवक को सुपुर्दे खाक किया गया।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव कम्हेड़ा निवासी 22 वर्षीय मोहसिन पुत्र सिराजुद्दीन हरियाणा के सोनीपत में अलमारी,संदूक बनाने का काम करता था।शुक्रवार को काम के लिए वह छोटे भाई मोनिस को लेकर बाइक द्वारा सोनीपत जा रहा था।तभी रोहतक-पानीपत हाईवे पर थाना व कस्बा इसराना के निकट बोलेरो गाड़ी ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों भाई सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने उनको एम्बुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मोहसिन को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल मोनिस का उपचार जारी है। मोहसिन की मौत की



खबर मिलते ही गांव में शोक छा गया। पोस्टमार्टम के बाद युवक का शव गांव पहुंचा। जहां गमगीन माहौल में उसे सुपुर्द-ए-खाक किया गया। मोहसिन के पिता सिराजुद्दीन ने बताया कि चार महीने बाद उसकी शादी होनी थी। युवक की मौत से मां परवीना, बहन मो. हसिना, तनिषा, भाई मोईन, मोनिस, सोनिब व अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# गृह क्लेश में युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर जान दी

**मुजफ्फरनगर।** पारिवारिक विवाद के चलते एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। मृतक दो बच्चों का पिता था और एक दिन पहले ही वह पत्नी के साथ ससुराल गया था। वहीं से उसके साथ विवाद शुरू होना बताया जा रहा है। परिजनों ने इस सम्बन्ध में मृतक के ससुरालियों के खिलाफ कार्यवाही के लिए तहरीर दी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा दिया है।

मन्सूरपुर थाना क्षेत्र के गांव बेगरा, जपुर निवासी 30 वर्षीय विपिन पुत्र धीर सिंह मजदूरी करता था, उसकी शादी करीब 30 वर्ष पूर्व तितावी थाना क्षेत्र के गांव नंगला में हुई थी। विपिन दो बच्चों का पिता था बताया जाता है कि शुक्रवार को वह अपनी ससुराल अपनी पत्नी व दो बच्चों के साथ गया था। परिजनों का कहना है कि शुक्रवार की शाम विपिन के परिजनों ने उन्हें सूचना देकर बताया कि विपिन की तबीयत खराब है। परिजनों के अनुसार वह समझ चुके थे कि विपिन के साथ कोई घटना हुई है।

ससुराल के लोगों ने जब विपिन के परिवार को गांव आने के लिए कहा तो उन्होंने इंकार कर दिया था। इसके बाद ससुराल के लोग विपिन को बेगरा. जपुर चौकी पर छोड़कर चले गये। घर आने पर परिजनों ने देखा कि विपिन के शरीर पर चोटों के निशान थे। परिवार के कहने पर भी उसने अपन बारे में कुछ नहीं बताया। शनिवार को सवेरे परिजनों को खबर मिली थी कि विपिन का शव बेगराजपुर रेलवे की नई लाईन के पास पड़ा हुआ है। पहचान होने के बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

विपिन के परिजनों ने बताया कि ससुराल से आने के बाद वह दिमागी रूप से परेशान था, लेकिन पूछे जाने पर उसने कुछ नहीं बताया। परिवार के लोगों ने जब यह आरोप लगाया कि ससुराल के लोगों के उत्पीडन से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया है। एक तरफ जहां परिवार के लोग आत्महत्या के लिए मजबूर करना बता रहे है तो दूसरी इसको हत्या भी बता रहे है। फिलहाल पुलिस ने लगाये गये आरोपों की तहरीर लेकर शव का पोस्टमार्टम कराया और जांच शुरू कर दी है। उधर ससुराल के लोग सभी आरोपों को गलत ठहरा रहे हैं।

## यूथ कांग्रेस के जिला महासचिव बने आमिर

**बुढ़ाना।** आजादी पर्व पर कांग्रेस हाईकमान ने संगठन सृजन कार्यक्रम के चलते संगठन को मजबूत करते हुए यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आकाश त्यागी द्वारा बुढ़ाना निवासी मोहम्मद आमिर उस्मानी को जिले की टीम में जिला महासचिव नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से कस्बे के युवाओं में खुशी की लहर दौड़ गई। युवाओं ने आमिर उस्मानी के आवास पर पहुंचकर मुबा. रकबाद दी। इस अवसर पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डाक्टर जावेद उस्मानी, जिला उपाध्यक्ष अनिल दत्त शर्मा और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता इमरान जिया ने आमिर उस्मानी को मुबारक. बाद देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। मुबारकबाद देने वालों में मुख्य रूप से कलीम उस्मानी, नाजिम अहमद और सलीम अहमद आदि लोग उपस्थित थे। दूसरी और युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष आकाश त्यागी ने बुढ़ाना ब्लाक अध्यक्ष नूर अंसारी, विधानसभा बुढ़ाना अध्यक्ष गुलवीर कश्यप, जिला उपाध्यक्ष मुस्तुफा अहमद व आदिल राणा को जिला महासचिव के पद पर नियुक्त किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### समर्पण ट्रस्ट ने फहराया तिरंगा

**मुजफ्फरनगर।** स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर सेवा समर्पण वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा 79 वे स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर तिरंगा फहराकर स्वतंत्रता दिवस मनाया इस अवसर पर सेवा समर्पण वेलफेयर ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष रेनू चौधरी ने तिरंगा फहराकर व तिरंगे को सलामी देते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय ध्वज हम भारतीयों की आन बान शान है इसलिए हमें अगर अपना बलिदान भी देना पड़े हम कभी पीछे नहीं हटेंगे। इस दौरान मुख्य रूप से रेनू, सीमा गोयल, गीता ठाकुर, रीना जैन पिंकी बंसल, आशा, शालू आदि मौजूद रहे।

### अधिवक्तता बाबू स्वतंत्रवीर आर्य का निधन

**बुढ़ाना।** बार एसोसिएशन बुढ़ाना के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता बाबू स्वतंत्र वीर आर्य का आज शनिवार के दिन आकस्मिक निधन हो गया। वे लगभग 60 वर्ष के थे। उनका पैतृक गांव राजपुर छाजपुर है। जहां रविवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। इनके निधन से सभी अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ गयी। श्री आर्य काफी दिनों से किसी सदमे के चलते बीमार चल रहे थे। सोमवार के दिन बार एसोसिएशन बुढ़ाना के कार्यालय पर एक शोक सभा का आयोजन किया जाएगा और मृतक के परिजनों को सांत्वना देने के लिए काफी अधिवक्ता गांव राजपुर छाजपुर जाएंगे। यह जानकारी बार एसोसिएशन बुढ़ाना के अध्यक्ष विनोद कुमार त्यागी और महासचिव ओमपाल सिंह मलिक डुंगर ने संयुक्त रूप से दी है।

### दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया

**मीरापुर।** लीव इन रिलेशनशिप में रह रही एक युवती ने युवक पर विवाह न करने का आरोप लगाकर उसके विरूद्ध दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिफ्तार कर जेल भेज दिया है।

मीरापुर के मौहल्ला नमक मंडी निवासी शाहरुख पुत्र इकबाल नोएडा में जॉब करता था वहीं सुल्तानपुर निवासी एक युवती से इसकी मुलाकात हुई। मुलाकात बढ़ते बढ़ते प्रेम प्रसंग में बदल गई तथा दोनो लीव इन रिलेशनशिप में नोएडा में मकान लेकर रहने लगे। एक वर्ष तक रिलेशनशिप में रहने के बाद युवती ने युवक पर विवाह करने का दबाव बनाया लेकिन युवक ने मना कर दिया। इसके बाद युवती मीरापुर थाने आ गई और युवक के विरूद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करा दिया। थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा ने बताया कि आरोपी युवक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। युवती को मेडीकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

### गायब हुए युवक को पुलिस ने किया बरामद

**मोरना।** नाटकीय अंदाज में घर से गायब हुए युवक को पुलिस ने बरामद कर परिजनों को सौंप दिया वहीं युवक के अपहरण के फर्जी मामले में अभियुक्त बने व्यक्तियों ने साजिश कर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

थाना भोपा क्षेत्र के भोकरहेड़ी निवासी नेपाल का बेटा रजनीश बीते 11अगस्त को अपने मामा के यहां जाने के लिए बाइक पर सवार होकर निकला था। सिकंदरपुर - रहमतपुर के निकट उसकी बाइक खेत के निकट पड़ी हुई मिली थी। इस संबंध में नेपाल ने गड़वाड़ा के पूर्व प्रधान बिट्टू आदि पर अपहरण का मुकदमा कायम कराया था। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए गायब युवक रजनीश को अमृतसर से बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। इस संबंध में बिट्टू प्रधान ने भी प्रार्थना पत्र दिया है जिसमें आरोप लगाया है कि एक साजिश के तहत उनके विरूद्ध मुकदमा कायम कराया गया है। आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

### हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**मीरापुर।** कस्बे व क्षेत्र में 79वा स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया व स्कूलो में सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। घर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत सभी नगरवासियों ने अपने घरो पर शान से तिरंगा लगाया।

मीरापुर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्कूलो में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन किये गये तथा कस्बे में तिरंगा रैली का आयोजन किया गया जिस कारण कस्बे में देशभक्ति का माहौल बना रहा। स्कूलो में बच्चो को उपहार व मिठाईयां बाटी गई। ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य दीपक धीमान ने, शिखर शिक्षा सदन में पं. सुशील शर्मा ने, बसंत इंटर कालेज में अंजु नागर ने, मदरसा इस्लामिया जामिया में थाना प्रभारी बबलू कुमार व चेयरमैन जमील अहमद ने, सुक्खन लाल कन्या इंटर कालेज में अजय कुमार गोयल ने, श्रीराम पब्लिक स्कूल में सीमा संगल ने, किड्स केयर पब्लिक स्कूल में मंजू डागा ने, एन.एस. पब्लिक स्कूल में नमिता संगल ने, सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल में वैभव कुमार ने, सरस्वती शिशु मंदिर में प्रधानाचार्य सोनू कुमार ने, नन्ही दुनिया जू.हा. स्कूल में वासुदेव शर्मा ने, सनातन धर्म इंटर कालेज में डा. विकास कुमार ने, नगर पंचायत में चेयरमैन जमील अहमद ने, थाना परिसर में थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा ने, शारदा पब्लिक स्कूल सिकंदरपुर में डा. प्रवीण शर्मा ने, मदरसा खैरुल उलूम मुझेड़ा व प्राथमिक विद्यालय मुझेड़ा में डा. आजाद अब्बासी ने ध्वजारोहण किया।

### खैर की लकडी के तस्कर गिरफ्तार

**मीरापुर।** पुलिस ने लकडी तस्करो के खिलाफ अभियान चलाकर पाँच शातिर लकडी तस्करो को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इनके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, दो जिंदा कारतूस, छियासी हजार रुपये नकद, एक कुल्हाड़ी, लोहे का आरा, तीन मोबाइल फोन और सफेद रंग की स्विफ्ट कार बरामद की। मीरापुर थाना प्रभारी निरीक्षक बबलू सिंह के नेतृत्व में पुलिस सम्भलहेड़ा नहर पुल के निकट चौकिंग कर रही थी। उसी दौरान एक कार में पांच संदिग्ध युवक पुलिस को आते हुए दिखाई दिये। पुलिस ने उन्हे रोककर पूछताछ की तो उन्होने संतोषजनक जवाब नही दिया। इसके बाद पुलिस उन्हे थाने ले आई जहां पर कडी पूछताछ के बाद आरोपियों ने बताया कि उन्होने कासमपुर खोला के जंगल से प्रतिबंधित खैर के पेड चोरी काटने कर उनकी तस्करी करना कुबूल कर लिया।

# शुकदेव इण्टर कॉलेज में आजादी का जश्न मना

**मोरना।** 79 वे स्वतंत्रता दिवस के अवसर मोरना भोपा क्षेत्र में स्कूल, कॉलिज, सरकारी कार्यालयों, शहीद स्मारको पर तिरंगा फहराया गया। राष्ट्रगान के उपरांत देश भक्ति का संदेश दिया गया। तथा स्कूल कॉलेजों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गयी।

मोरना स्थित महर्षि शुकदेव इंटर कॉलेज में प्रबन्धक वरूण कुमार व प्रधानाचार्य फूलचन्द ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया, जिसके उपरान्त छात्राओं ने देशभक्ति कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। वहीं मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री अमित राठी, रालोद के मीरापुर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. अमित ठाकरान, राजीव राठी, बबलू यादव, विरेन्द्र सिंह, अनुज पहलवान,परिक्षित राठी, मनीष कुमार, सुन्दर गुर्जर सपा विधानसभा अध्यक्ष सादिक चौहान, रजनीश यादव ने बच्चों का उत्साह बढाया। वहीं हाईस्कूल में हर्षित प्रथम, खुशी द्वितीय, खुशी तृतीय व इंटरमीडिएट कला वर्ग में अशमिका, मोनी, खुशी व विज्ञान वर्ग में इशिका, तनु व खुशी को कॉलेज में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान करने पर मुख्य अतिथि अमित राठी व अमित ठाकरान द्वारा सहयोग राशि व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। वहीं नगर पंचायत भोकरहेडी में अध्यक्षा सरला देवी व पूर्व चेयरमैन राजेश कुमार ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात नगर पंचायत परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन पुत्र सचिन कुमार, प्रेमसिंह, अफजल काजी, सभासद मुस्तकीम अब्बासी, संजीव शील,मरगूब मलिक, भूपेन्द्र वाल्मीकि, सुभाष आदि मौजूद रहे। मोरना स्थित इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल में विराज तोमर, जे.पी.एस. पब्लिक स्कूल में कृष्णकांत शर्मा, इंटर कॉलेज भोकरहेडी में प्रधानाचार्य कैप्टन प्रवीण चौधरी व प्रबन्धक डॉ. कर्णवीर सिंह, मदरसा जामिया शौकुल इस्लाम में मुफ्ती फरीद, सेंट जेवियर्स ग्लोबल स्कूल जटमुझेडा में प्रधानाचार्या मोनिका चौधरी, न्यू. वैल्किन पब्लिक स्कूल जटमुझेडा में चेयरमैन विनय कुमार, स्वामी कल्याणदेव ओमानन्द गर्ल्स डिग्री कॉलेज बेहडा सादात में प्रबंधक अमित पंवार,किसान मजदूर इंटर कॉलेज चौरावाला में प्रधानाचार्य पंकज मक्केवरी, एस.डी. पब्लिक स्कूल, ककरौली में प्रधानाचार्या अंजु शर्मा, आर.जी. पब्लिक स्कूल चौरावाला में प्रधानाचार्य बबीता कौशिक, प्राथमिक विद्यालय भोकरहेडी नं. 1 में सभासद राहुल गर्ग, मदरसा इज़हारूल उलूम भोकरहेडी में मोहतमीम मौलाना अहमद हसन व मौलाना फरमान ने ध्वजारोहण किया।

## सफीपुर पट्टी में थम नहीं रहा गायों की मौत का सिलसिला

**बुढ़ाना।** ग्राम पंचायत सफीपुर पट्टी में आज शुक्रवार के दिन सुन्दर डेरी के पीछे एक मृत गाय पडी थी। जिससे बदबू के चलते हुए आसपास के कुछ लोग परेशान होकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के बुढ़ाना नगर अध्यक्ष इसरार प्रधान के पास पहुंचे और उनको मृत गाय के संबंध में बताया तो उन्होंने तुरंत ही संबंधित अधिकारियों को फोन कर इससे अवगत कराया तो अधिकारियों ने तुरंत मामले का संज्ञान लेते हुए मौके पर तुरंत कर्मचारियों को भेजा और जेसीबी मशीन से गहरा गड्ढा खुदवाकर मृत गाय को दबवाया और आने जाने वाले राहगीरों को राहत दिलाई। बताया जाता है कि लगभग डेढ़ माह में भूख प्यास से इस क्षेत्र में अब तक तीन आवारा पशु दम तोड चुके हैं। एक गाय 13 जुलाई को तहसील के पीछे मृत मिली थी और दूसरी गाय 27 जून को सफीपुर पट्टी मंदवाडा रोड पर मृत अवस्था में मिली थी। कुल मिलाकर रोगी शासन में सफीपुर पट्टी में गायों की बड़ी ही दुर्दशा हो रही है और अधिकारी कोई भी ठोस कदम उठाने को तैयार नहीं दिखते।

# वैल्किन पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस की धूम मची

**भोपा।** न्यू वैल्किन पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास, एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के अध्यक्ष, विनय कुमार उपाध्यक्ष, के. के. आनंद, प्रबंधक, दुष्यंत कुमार, एवं प्रधानाचार्य मनीष कुमार व सीमा द्वारा ध्वजारोहण व राष्ट्रगान के साथ हुआ। तालियों के बीच ध्वजारोहण, झंडा गान तथा देशभक्ति के सामूहिक गीतों के पश्चात, छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों से उपस्थित दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया।

विद्यालय के उपाध्यक्ष, के. के. आनंद ने दोनों कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस का दिन केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि हमारे कर्तव्यों और देश के प्रति जिम्मेदारियों को याद करने का अवसर है। इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों में देशभक्ति के साथ-साथ, रचनात्मकता और स्वच्छ व स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देती हैं

कार्यक्रम को सफल बनाने में रीना चौधरी ,विजय शंकर शर्मा, जितेंद्र त्यागी, पंकज त्यागी,मीना त्यागी, गार्गी चौधरी , रजत धीमान, अलका शर्मा, सोनिया, पार्वती, प्रिया मित्तल, वैशाली, साक्षी, मोनू धीमान, विपुल सहरावत, कपिल देव, निरवेश कुमार, पवन कुमार, अनुराधा, प्रदीप, सनी काकरान, एश्वनी, हिमांशी, तनु, श्रद्धा, वशिका, मोनिका, नीलम, दीपा, सुमन, मुस्कान, खुशबू, भूमिका, अभिषेक, आशीष आदि का सहयोग रहा।

# शत्रु सम्पत्ति बेचने की शिकायत पर गांव पहुंची अधिकारियों की टीम

शाह टाइम्स संवाददाता

**भोपा।** शत्रु सम्पत्ति पर अवैध कब्जा कर दो व्यक्तियों द्वारा उसे अपनी पत्नियों को बेच देने की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए सीकरी गांव में पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने आवश्यक पूछताछ की।

थाना भोपा क्षेत्र के गांव सीकरी निवासी गुलाम मोहम्मद ने उपजिलाधिकारी जानसठ को शिकायत पत्रा देकर बताया की गांव के खसरा नंबर 1991 शत्रु सम्पत्ति है। जिसपर दो व्यक्तियों ने अवैध रूप से कब्जा कर उसका बैनामा अपनी पत्नियों के नाम करने के कारनामें को अंजाम दिया है। शिकायतकर्ता गुलाम मोहम्मद ने बताया की बार बार शिकायत के बावजूद प्रशासन ने इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया।

वहीं बुधवार को तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता नायब तहसीलदार बृजेश कुमार राजस्व निरिक्षक सुनील कुमार आदि ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया। सुनील शर्मा ने बताया की दोनों पक्षों को भूमि संबधित दस्तावेज देने तथा दोनों पक्षों को तहसील कार्यालय, शत्रु सम्पत्ति कार्यालय पर में आकर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा गया है। जिसके बाद अधिकारियों द्वारा जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जायेगी।

# जीडी गोयनका स्कूल में ध्वजारोहण कर दिया देशभक्ति का संदेश

**मुजफ्फरनगर।** जी.डी.गोयनका पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि पवन गोयल तथा अन्य अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय गान गाया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ स्वाति शर्मा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए अपनी ओज पूर्ण वाणी के द्वारा छात्रों को आजादी के महत्व के विषय में बताते हुए कहा कि आज हम सब अपने जिस तिरंगे के नीचे खड़े होकर उसआजादी का जश्न मना रहे हैं,उसके लिए हमारे वीर स्वतंत्रता सेनानियों ने अपना सब कुछ न्यौछावर कर दिया।यह स्वतंत्रता हमें एक दिन में नहीं मिली। इसके पीछे दशकों तक संघर्ष,बलिदान और त्याग की लंबी कहानी है। तत्पश्चात अतुलनीय भारत विषय के अन्तर्गत फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।जिसके अंतर्गत कक्षा नर्सरी - यूकेजी के छात्रों ने विभिन्न राज्यों के परिधान पहनकर प्रदर्शन किया ,कक्षा एक के छात्रों ने राष्ट्रीय चिह्नों से युक्त वस्त्रों का प्रदर्शन किया एवं कक्षा दो के छात्रों ने विभिन्न स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभूषा धारण कर अपनी -अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया। इसके अतिरिक्त विद्यालय के अन्य छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गानें जैसे -" जहाँ डाल -डाल पर सोने की चिड़िया.........., कंधों से कंधे मिलते हैं.........." पर नृत्य,गीत ,भाषण व शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए एक भावनात्मक नृत्य नाटक का आयोजन किया ,जिसने कार्यक्रम में उपस्थित सभी की आँखें नम कर दी। संपूर्ण कार्यक्रम ने सभी दर्शकों को देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत कर दिया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक एवं समिति के अन्य सदस्य सुशील गोयल , कपिल गोयल, मुनीश




गोयल, सुलभ गोयल व शाश्वत गोयल ने छात्रों को संयुक्त रूप से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए उनके मंगल भविष्य की कामना की।विद्यालय की उप प्रधानाचार्या अंजलि आनंद ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया तथा कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारा राष्ट्रीय पर्व है जिसे हमें आपसी मतभेदों को भुलाकर एक साथ देश के सभी नागरिकों को राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाना चाहिए व अपने देश के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करते रहना चाहिए ताकि हम एक सच्चे देशभक्त कहलाएँ। कार्यक्रम के समापन समारोह में पतंग उड़ाने की प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों एवं अभिभावकों ने विशेष रूप से बढ़-चढ़ भाग लिया।

# दुर्गनपुर, लुहसाना, छाजपुर, भसाना व उमरपुर समेत दर्जनों गांवों में किया जनसंपर्क

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** कस्बे के फैज गार्डन में शुरू होने जा रही पीडीए जन महाप. चायत की सभी तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं।

महापंचायत में सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल बतौर मुख्य अतिथि भाग लेंगे। महापंचायत को पूर्ण रुप से सफल बनाने के लिए पिछले माह से सपा के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र पाल बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों व कस्बों का दौरा कर लोगों से महाप. चायत में आने की अपील कर रहे हैं। इसी कड़ी में सपा नेता व महापंचायत के आयोजक सत्येंद्र पाल ने शनिवार को बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के गांव सरनावली, खरड़, कुरावा, दुर्गनपुर, लुहसाना, छाजपुर, भसाना, उमरपुर, हडौली, भौराकला व गढ़मलपुर सागड़ी सहित अन्य कई गांवों में पहुंचकर अपने कारों, ट्रैक्टर और बाइकों के लंबे



काफिले के साथ धुआंधार जनसंपर्क किया और लोगों से डोर टू डोर जनसंपर्क करते हुए कई नुक्कड़ सभाएं भी की।

सभी लोगों से उनके द्वारा आग्रह किया गया कि वे 17 अगस्त की पीडीए महापंचायत में भारी जनसमूह के रूप में पहुंचे और सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के विचारों को सुनकर महापंचायत को सफल बनाएं। इस दौरान सपा जिला सचिव अनेश निर्वाल, रविन्द्र प्रधान, अमन बालियान, रविन्द्र पाल, सचिन कुमार, फ़िरदौस, राहुल, साहिब अंसारी, मासूम अली, रमेश कश्यप, सुमित प्रजापति, मनोज बालियान, जितेंद्र बालियान, रोबिन पाल और अमित पाल आदि सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

# शिविर में 50 लोगों ने किया रक्तदान

शाह टाइम्स संवाददाता

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना परिसर में लगे रक्तदान शिविर में कुल 50 लोगों ने ही रक्तदान किया।

रक्तदान कैंप का उद्घाटन बुढ़ाना नगर पंचायत की चौयरपर्सन के प्रतिनिधि और डीसीडीएफ के पूर्व चेयरमैन सुबोध त्यागी ने अपने कर कमलों द्वारा सैंकड़ों लोगों की मौजूदगी में फीता काटकर किया। उन्होंने अपनी स्वेच्छा से रक्तदान करने आए नेशनल मेडलिस्ट शूटर मौहम्मद हैदर अंसारी का स्वागत कर उनको मेडल व गिफ्ट देकर सम्मानित किया और कहा कि हमें समय समय पर रक्तदान अवश्य करते रहना चाहिए। इससे हम स्वस्थ्य रहते हैं और दूसरों का जीवन भी बच जाता है। शूटर हैदर अंसारी ने बताया कि उन्होंने रक्तदान देश के नाम पर किया है। सभासद इमरान कुरैशी ने रक्तदान के बारे में कहा कि आपका दान किया हुआ रक्त किसी की भी जान बचा सकता है। इसलिए हमें समय समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। इससे शरीर भी स्वस्थ्य रहता है और ताजा खून बनता रहता है। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से सभासद नसीम अहमद, पूर्व सभासद राशिद मंसूरी, तनवीर कुरैशी, अशरफ कुरैशी, शराफत और सभासद राशिद भूरू कुरैशी सहित सैंकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस दौरान यहां पर प्रत्येक रक्तदाता को रक्त के एक कीमती उपहार भी भेंट किए गये।

# आईपीएल में देश के शहीदों को किया नमन

शाह टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरनगर।** इण्डियन पोटाश लिमिटेड की इकाई रोहाना कलां शुगर मिल में 79वें स्वतन्त्रा दिवस के उपलक्ष में देश के शहीदों को

याद में बड़ी धूम-धाम से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि इकाई प्रमुख लोकेश कुमार के करकमलों द्वारा झण्डा रोहण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इकाई प्रमुख लोकेश कुमार को अरुण मुख्य सुरक्षा अधिकारी ने अपनी सुरक्षा कर्मियों के साथ परेड की सलामी दी। प्रतिभाग करने वालो को इकाई प्रमुख द्वारा पुरस्कार वितरण किया।

उक्त कार्यक्रम में आर0के0 तिवारी विभागाध्यक्ष (मानव




संसाधन एवं विधि), अरविन्द कुमार विभागाध्यक्ष(गन्ना), पंकज बालियान विभागाध्यक्ष (उत्पादन), तरूण कुमार गौड़ प्रबन्धक (लेखा), राम अभिलाष उप निरीक्षक आबकारी, नरेश कुमार रस्तौगी चीफ इंजी. (सिविल), प्रमोद आन्नद चीफ इंजी (विद्युत), संजीव चौधरी उप प्रबन्धक (गन्ना), चिन्तराम गौतम उप अभि0, रजत चौधरी सहा0प्रबन्धक (आईटी), प्रमोद कृष्ण त्रिपाठी सहा0 प्रबन्धक (विक्रय), कुबेर दत्त शर्मा लैब इंचार्ज, अरूण कुमार मुख्य सुरक्षा अधिकारी, अमित कुमार, पंकज शर्मा, दिलीप पाण्डेय आदि अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# आजादी के जश्न में डूबे तहसील, स्कूल व सामाजिक संगठन

शाहटाइम्स सवांददाता

**खतौली।** नगर के सरकारी कार्यालयों, विद्यालयों और सामाजिक संगठनों में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। तहसील, कोतवाली, नगर पालिका, सीओ कार्यालय, त्रिवेणी शुगर मिल, सीएचसी खतौली समेत सभी सरकारी दफ्तरों और स्कूलों में ध्वजारोहण कर आजादी का पर्व मनाया गया।

**मोक्ष धाम सेवा समिति:** मोक्ष धाम सेवा समिति ( रजि.) खतौली में संरक्षक रूपचंद जांगिड़ व अध्यक्ष वेद प्रकाश अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर मिठाई वितरण हुआ। कार्यक्रम में प्रबंधक मदन छाबड़ा, कोषाध्यक्ष संजय जैन, वैभव जैन, तरुण सूरी, कमल गर्ग, राजीव अग्रवाल, प्रणय शर्मा, शिव कुमार, राकेश कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**लाल दयाल पब्लिक स्कूल:** लाल दयाल पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस का जश्न धूमधाम से मनाया गया। संस्था के अध्यक्ष कर्मवीर सिंह ने ध्वजारोहण किया। मुख्य अतिथि संस्था की सचिव चंद्रलेखा रहीं। बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्हें देख सभी झूम उठे। प्रधानाचार्य शिल्पी कुमार अरोड़ा, अध्यक्ष कर्मवीर सिंह और सचिव चंद्रलेखा ने बच्चों को पुरस्कृत किया। वहीं अध्यक्ष कर्मवीर सिंह ने एक प्रतिभाशाली बच्ची को स्कॉलरशिप प्रदान कर उत्साहवर्धन किया।

**तहसील बार एसोसिएशन:** खतौली तहसील बार एसोसिएशन ने भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया। मुख्य अतिथि ग्राम न्यायालय खतौली के न्यायाधिकारी दिव्य प्रताप सिंह निमेश व अधिवक्ताओं ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। महासचिव प्रदीप कुमार ने लड्डू वितरण कर शुभकामनाएं दीं। न्यायाधिकारी ने कहा कि अधिवक्ताओं



ने स्वतंत्रता संग्राम में अहम योगदान दिया है। हमें आजादी के साथ देश की एकता और विकास का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर बार के कई वरिष्ठ व कनिष्ठ अधिवक्ता मौजूद रहे।

**लायंस क्लब खतौली:** लायंस क्लब खतौली ने टैगोर जूनियर हाई स्कूल में स्वतंत्रता दिवस मनाया। क्लब अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता व सदस्यों ने ध्वजारोहण किया। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम उपरांत बच्चों को उपहार दिए गए। इस मौके पर सचिव पीयूष जैन, संयोजक आनंद जैन, डॉ. अशोक सिंघल सहित लायंस क्लब के सभी सदस्य व लायनेस साथी उपस्थित रहे।

# सांसद ने पीडीए जन महापंचायत सफल बनाने का किया आह्वान

**बुढ़ाना।** सपा राष्ट्रीय महासचिव व सांसद हरेंद्र मलिक ने सपा बुढ़ाना नगर अध्यक्ष ताज जिया नंबरदार के आवास पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं से भेंट की और कस्बे के फैज गार्डन में 17 अगस्त को होने वाली पीडीए पंचायत को लेकर विस्तृत चर्चा की। यहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व नगर के लोग मौजूद थे।

सांसद हरेंद्र मलिक ने कहा कि सपा सदैव किसानों, मजदूरों, नौजवानों व गरीब वर्ग की आवाज उठाती रही है। भविष्य में आप सब पंचायत संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूती से आगे बढ़ायें और समाजवादी विचारधारा को घर घर तक पहुंचायें। समा. जवादी पार्टी ही ऐसी पार्टी है जो जनता के दुख दर्द को समझते हुए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष करती है। इस मौके पर उन्होंने पीडीए पंचायत से जुड़े बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि



सक्रियता और एक जुटता ही पार्टी की असली ताकत है। नगर अध्यक्ष ताज जिया नंबरदार ने सांसद हरेंद्र सिंह मलिक का स्वागत करते हुए आश्वासन दिया कि नगर इकाई समाजवादी पार्टी को बुढ़ाना में और अधिक मजबूत करने के लिए सतत प्रयासरत रहेगी। उन्होंने कहा कि नगर के सभी साथी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और मेहनत से संगठन को मजबूत करेंगे। यहां जिला एवं नगर इकाई के कई प्रमुख कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान शजाउद्दीन पूर्व वाइस चेयरमैन, नौशाद काला पूर्व सभासद, मन्नू कुरैशी, आसिफ कुरैशी, अल्ताफ कुरैशी, तौसीफ राही आदि लोग मौजूद रहे।

# पाक में बाढ़ का कहर, मृतकों का आंकड़ा 300 के पार

## खैबर पख्तूनख्वा में हुई बारिश ने तबाही मचाई



■ सड़कों, पुलों, इमारतों और बिजली प्रतिष्ठानों सहित बुनियादी ढांचे को बुरी तरह नुकसान पहुंचाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हुई बारिश ने तबाही मचा दी है। कई दिनों से हो रही मूसलधार बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं ने अब तक 300 से अधिक लोगों की जान ले ली है। प्रांतीय अधिका. रियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि अचानक आई बाढ़ में 307 लोग मारे गए, जिनमें से बुनेर में कम से कम 184 लोगों की मौत हुई।

शांगला में 36 लोगों की मौत हुई, जबकि मनसेहरा में 23, स्वात में 22, बाजौर में 21, बट्टाग्राम में 15, लोअर दीर में पांच, जबकि एबटाबाद में एक बच्चा डूब गया। शुक्रवार को आई विनाशकारी बाढ़ ने सड़कों, पुलों, इमारतों और बिजली प्रतिष्ठानों सहित बुनियादी ढांचे को बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया है। डान की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने कहा कि बाढ़ के दौरान लापता हुए लोगों की संख्या का पता पानी कम होने के बाद ही चल पाएगा। पीडीएमए ने नुकसान का आकलन जारी रखते हुए बताया कि सात घर नष्ट हो गए और 38 क्षतिग्रस्त हो गए, जिनमें से ज्यादातर स्वात जिले में हैं। पीडीएमए ने आगे बताया कि तीन स्कूल नष्ट हो गए और तीन अन्य क्षतिग्रस्त हो गए। डान की रिपोर्ट के अनुसार, प्राधिकरण ने चेतावनी दी है कि प्रांत के विभिन्न हिस्सों में 21 अगस्त तक बारिश जारी रहेगी। खैबर पख्तूनख्वा सरकार ने शनिवार को एक दिन के शोक की घोषणा की है। इसमें बचाव अभियान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुए एमआई-17 हेलीकाप्टर के चालक दल के पांच सदस्यों को श्रद्धांजलि दी गई, जो शहीद हो गए। अचानक आई बाढ़ के बाद बुनेर जिले में बचाव दल की 1122 टीमों ने 300 स्कूली बच्चों समेत 2,071 फंसे हुए लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। उपायुक्त काशिफ कय्यूम ने बताया कि आपदा प्रभावित इलाकों में राहत कार्य जारी रहने के कारण पूरे जिले में आपातकाल घोषित कर दिया गया है। मनसेहरा में दपुलिस ने कघन घाटी के ऊपरी इलाकों में फंसे सात पर्यटकों को बचाया। वे सिमिक्सर झील घूमने आए थे, लेकिन बारिश और भूस्खलन के कारण फंस गए। पूरे दिन जिले में बारिश होती रही, जिससे सिंधु, सिरेन और कुनहर नदियां और उनकी सहायक नदियां खतरनाक रूप से उफान पर आ गईं। जिला प्रशासन ने सिरेन घाटी में पर्यटकों के आने पर प्रतिबंध लगा दिया है। सिंधु नदी में जल स्तर बढ़ने के कारण स्थानीय अधिकारियों द्वारा उचार नाला क्षेत्र में काराकोरम राजमार्ग पर आवाजाही प्रति. बंधित करने के बाद खैबर पख्तूनख्वा और गिलगित-बाल्टिस्तान के बीच यात्रा करने वाले यात्री और पर्यटक ऊपरी कोहिस्तान में फंस गए। एबटाबाद शहर बुरी तरह प्रभावित हुआ, लगभग सभी मुख्य सड़कें जलमग्न हो गईं, जिससे बाढ़ जैसे हालात पैदा हो गए। पीएमए काकुल रोड, मीरपुर मंडियन रोड, सप्लाई रोड, काराकोरम हाईवे, सेठी मस्जिद रोड, इकबाल रोड, बांदा दलाजक, बांदा खैर अली खान रोड, त्रकाना और सिएना लैबोरेटरी के पास लिंक रोड सहित प्रमुख सड़कें जलमग्न हो गईं। निचले दीर के कंबट और शाही इलाकों के दूसरी तरफ पानी का बहाव तेज होने के कारण शाही इलाके में 25 से ज्यादा पर्यटक और उनके वाहन फंस गए। फ्रंटियर कोर 181 विंग, रेस्क्यू 1122 और जिला प्रशासन के जवानों ने उन्हें बाहर निकाला। बाढ़ का पानी 132 किलोवाट ग्रिड स्टेशन में घुस गया, जिससे 41 फीडर ट्रिप हो गए और पूरे क्षेत्र में बिजली का प्रसारण पूरी तरह ठप हो गया। मालम जब्बा को बिजली आपूर्ति करने वाला फीडर भी जलमग्न हो गया, जिससे भारी नुकसान हुआ। अचानक आई बाढ़ में कई बिजली के खंभे और ट्रांसफार्मर भी बह गए।



अलास्का। एंकोरेज में संयुक्त बेस एल्मेंडोर्फ-रिचर्डसन में अपनी बैठक से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन।

## लेबनान के प्रधानमंत्री ने की हिज्जबुल्लाह की गृहयुद्ध की धमकी की निंदा

**बेरूत।** लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने हिज्जबुल्लाह नेता नईम क़ासिम के समूह को निरस्त्र करने के सरकार के फैसले को लेकर गृहयुद्ध की धमकी दिए जाने की निंदा की है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर अपने वीडियो पोस्ट में कहा कि कासिम के भाषण में गृहयुद्ध की छिपी हुई धमकी थी और ये धमकियां पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं। उन्होंने उन दावों को भी निराधार बताया कि लेबनानी सरकार 'एक अमेरिकी-इज़रायली परियोजना' चला रही है। उन्होंने कहा कि हमारे फ़ैसले पूरी तरह से लेबनानी हैं, जो हमारी मंत्रिपरिषद के भीतर लिए गए हैं और कोई भी इन्हें हम पर थोपता नहीं है। इससे पहले कासिम ने शुक्रवार को इजरायली हमले के जवाब में कहा था कि हिज्हजबुल्ला अपने हथियार नहीं छोड़ेगा और जरुरत पड़ने पर युद्ध के लिए तैयार है।

## संक्षिप्त समाचार

### नाइजर में भारी बारिश से 23 लोगों की मौत, 21 घायल

**नियामी।** नाइजर में मूसलाधार बारिश से इस वर्ष अब तक 23 लोगों की मौत हो गई है और अन्य 21 लोग घायल हो गए। राष्ट्रीय अग्निशमन समूह के कमांडर ने यह जानकारी दी। लेफ्टिनेंट कर्नल अली अब्दुल अजीज ने कहा कि बारिश के कारण 3615 घर ढह गए और 5855 परिवार विस्थापित हो गए जिससे कुल 42559 लोग प्रभावित हुए। उन्होंने लोगों से अपील की है कि बारिश के दौरान या उसके बाद वे जलमार्गों को पार करने, जल निकासी मार्गों को अवरुद्ध करने, संभावित खतरनाक क्षेत्रों में रहने तथा अस्थाई आश्रयों में रहने से बचें।

### विदेश सचिव विक्रम मिस्री कल दो दिन की यात्रा पर नेपाल जाएंगे

**नई दिल्ली।** विदेश सचिव विक्रम मिस्री रविवार को नेपाल की दो दिन की आधिकारिक यात्रा पर रवाना होंगे। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि मिस्री की दो दिन की यह यात्रा नेपाल के विदेश सचिव अमृत बहादुर राय के निमंत्रण पर हो रही है। मंत्रालय ने कहा है कि भारत तथा नेपाल के बीच मज़बूत और मैत्रीपूर्ण संबंध हैं और दोनों देशों के बीच हाल के वर्षों में सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में ठोस प्रगति हुई है।

### कनाडा में जंगल की आग बुझाते समय हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त

**ओटावा।** कनाडा के दक्षिण-पूर्वी प्रांत नोवा स्कोटिया में जंगल की आग से बुझाते समय एक हेलीकॉप्टर शुक्रवार दोपहर एक झील में दुर्घटनाग्रस्त हो गया लेकिन पायलट को सुरक्षित बचा लिया गया। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। प्रांतीय प्राकृतिक संसाधन विभाग का हवाला देते हुए सीबीसी न्यूज ने कहा कि एनापोलिस काउंटी में आग बुझाने के दौरान हेलीकॉप्टर झील में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### पश्चिमी रूस में आग लगने से 11 लोगों की मौत, 130 घायल

**मास्को।** पश्चिमी रूस के रियाजान क्षेत्र में एक औद्योगिक कारखाने में आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई और 130 अन्य घायल हो गए। रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने शनिवार को अपने टेलीग्राम चैनल पर बताया कि मलबा हटाने के दौरान दो और लोगों के शव मिले। इस मामले में ताजा सूचना मिलने तक 11 लोगों की मौत हो गई और 130 लोग घायल हो गए। मंत्रालय के अनुसार इससे पहले एक व्यक्ति को मलबे से बचाया गया था जिसका पता एयर-मोबाइल समूह ग्रुप ने लगाया था।

# रूस से तेल लेने वाले देशों पर प्रतिबंध नहीं: ट्रम्प

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा: भारत पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ से रूस ने एक बड़ा ग्राहक खोया



■ भारत साफ कर चुका है कि ट्रम्प की धमकियों के बाद रूसी तेल खरीदारी में कोई रोक नहीं लगी है

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वो फिलहाल रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर प्रतिबंध लगाने पर विचार नहीं कर रहें है। ट्रम्प ने कहा कि मुझे इसके (टैरिफ के) बारे में दो या तीन हफ्ते में सोचना पड़ सकता है, लेकिन हमें इसके बारे में तुरंत सोचने की जरूरत नहीं है। फॉक्स न्यूज के साथ इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा कि भारत के रूसी तेल व्यापार पर 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगने से रूस ने एक बड़ा तेल ग्राहक खो दिया है। चीन पर इसी तरह के टैरिफ रूस के लिए विनाशकारी होंगे। अगर मुझे ऐसा करना पड़ा, तो मैं करूंगा, लेकिन शायद मुझे ऐसा करने की जरूरत नहीं होगी।

दरअसल, ट्रम्प ने भारत पर रूस से तेल और हथियार खरीदने के लिए 6 अगस्त को 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया था। 27 अगस्त से लागू होगा। इसके बाद भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत हो जाएगा। हालांकि, भारत साफ कर चुका है कि ट्रम्प की धमकियों के बाद रूसी तेल खरीदारी में कोई रोक नहीं लगी है। वही, ट्रम्प-पुतिन ने अलास्का में शुक्रवार (15 अगस्त) देर रात यूक्रेन जंग पर बातचीत की। भारत ने इस कदम का स्वागत किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा: दुनिया रूस-यूक्रेन जंग खत्म होते देखना चाहती है। ट्रम्प-पुतिन की बातचीत से पहले अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने भारत पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की धमकी दी थी। ब्लूमबर्ग से बात करते हुए उन्होंने कहा था-ये टैरिफ शुक्रवार को अलास्का में होने वाली अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की मुलाकात के नतीजे पर निर्भर करेगा।

इससे पहले ट्रम्प ने भी 13 अगस्त को चेतावनी दी थी कि अगर मॉस्को शांति समझौते पर सहमत नहीं हुआ तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। एक अलग इंटरव्यू में फॉक्स न्यूज से बात करते हुए स्कॉट बेसेंट ने कहा कि व्यापार को लेकर बात. चीत में भारत का कुछ ज्यादा अड़ियल रुख रहा है। इस महीने की शुरुआत में बातचीत तब रुक गई थी, जब ट्रम्प ने भारत के रूस से व्यापार और अन्य मतभेदों पर चर्चा आगे बढ़ाने से मना कर दिया था। भारत, चीन के बाद रूसी तेल का सबसे बड़ा खरीदार है। यूक्रेन युद्ध से पहले भारत रूस से सिर्फ 0.2 प्रतिशत (68 हजार बैरल प्रतिदिन) तेल इम्पोर्ट करता था। मई 2023 तक यह बढ़कर 45 प्रतिशत (20 लाख बैरल प्रतिदिन) हो गया, जबकि 2025 में जनवरी से जुलाई तक भारत हर दिन रूस से 17.8 लाख बैरल तेल खरीद रहा है। पिछले दो साल से भारत हर साल 130 अरब डॉलर (11.33 लाख करोड़ रुपये) से ज्यादा का रूसी तेल खरीद रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत पर 6 अगस्त को 25 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने का ऐलान किया था। उन्होंने इससे जुड़े एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन किए। यह आदेश 27 अगस्त से लागू होगा। एग्जीक्यूटिव ऑर्डर में कहा गया है कि रूसी तेल खरीद की वजह से भारत पर यह एक्शन लिया गया है। इससे पहले उन्होंने 30 जुलाई को भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ का ऐलान किया था। अब भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगेगा। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस कार्रवाई को गलत बताया है। एकरिपोर्ट के मुताबिक, अब इसके जवाब में भारत भी चुनिंदा अमेरिकी प्रोडक्ट्स पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है।

## यूरोपीय संघ के नेताओं ने जेलेंस्की के साथ संयुक्त वक्तव्य तैयार किया: डोनाल्ड टस्क

**ब्रुसेल्स।** पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क ने शनिवार को कहा कि यूरोपीय संघ(ईयू) के नेताओं ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत पर विस्तृत जानकारी दिए जाने के बाद यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की के साथ संयुक्त वक्तव्य तैयार किया है। टस्क ने एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति ट्रम्प की ओर से दी गई जानकारी और अलास्का बैठक के परिणामों का मूल्यांकन करने वाले यूरोपीय नेताओं के बीच बातचीत समाप्त हो गई है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मन चांसलर फेडरिक मर्ज़, ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, इतालवी प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी के साथ हमने ज़ेलेंस्की की राय सुनी और एक संयुक्त वक्तव्य तैयार किया। पुतिन और ट्रम्प शुक्रवार को अलास्का के एंकोरेज में मिले। दोनों नेताओं के बीच बातचीत तीन-पर-तीन प्रारूप में हुई और दो घंटे 45 मिनट तक चली।

# गुटेरेस पुतिन-ट्रम्प बैठक के सकारात्मक नतीजों के प्रति आशान्वित

■ हम सदस्य देशों के बीच निरंतर रचनात्मक संवाद का स्वागत करते हैं: स्टीफन

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने अमेरिका के अलास्का में हुए रूस-अमेरिका शिखर सम्मेलन का स्वागत किया है। यह जानकारी गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने दी। दुजारिक ने कहा कि हमने अलास्का में शुक्रवार को अमेरिका और रूसी संघ के राष्ट्रपतियों के बीच हुई शिखर वार्ता पर ध्यान दिया है। हम सदस्य देशों के बीच निरंतर रचनात्मक संवाद का स्वागत करते हैं।

उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र इस बात पर ज़ोर दे रहा है कि कोई भी शांति प्रयास या समझौता संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र के सिद्धांतों के अनुरूप होना चाहिए जिसमें यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान भी शामिल है। उन्होंने कहा कि गुटेरस ने यूक्रेन में शांति की दिशा में पहला कदम उठाते हुए तत्काल पूर्ण रूप से बिना शर्त युद्धविराम का अपना आह्वान दोहराया है। प्रवक्ता के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र इस दिशा में सभी सार्थक प्रयासों का समर्थन करता है। गौरतलब है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बीच शिखर बैठक अलास्का के एंकोरेज स्थित एल्मेंडॉर्फ-रिचर्डसन सैन्य अड्डे पर हुई। यह वार्ता लगभग तीन घंटे तक चली। बैठक में रूसी पक्ष की ओर से रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और रूसी राष्ट्रपति के सहायक यूरी उशाकोव तथा अमेरिका की ओर से विदेश मंत्री मार्को रुबियो और अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ ने भाग लिया। इस बीच दुजारिक ने कहा हम एक न्यायसंगत, स्थायी और व्यापक शांति स्थापित करने की दिशा में पहला कदम उठाते हुए तत्काल, पूर्ण और बिना शर्त युद्धविराम चाहते हैं जो यूक्रेन की संप्रभुता, उसकी क्षेत्रीय अखंडता और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सीमा के अंदर यूक्रेन की स्वतंत्रता को बरकरार रखे तथा संयुक्त राष्ट्र घोषणापत्र, अंतर्राष्ट्रीय कानून और सभी प्रासंगिक संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों के अनुरूप हो।

## ब्राजील के स्वास्थ्य मंत्री ने पारिवारिक वीजा रद्द करने पर अमेरिका की आलोचना की

■ इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी प्रशासन ने ब्राजील के सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था

**साओ पाउलो।** ब्राजील के स्वास्थ्य मंत्री एलेक्जेंडर पैडिल्हा ने शुक्रवार को अमेरिकी सरकार द्वारा उनकी पत्नी और 10 वर्षीय बेटी के पर्यटक वीजा रद्द करने के निर्णय को 'कायरतापूर्ण' करार दिया और कहा कि यह उन लोगों को डराने की कोशिश है जो वाशिंगटन के सामने झुकने से इनकार करते हैं।

पैडिल्हा के अनुसार, यह कदम ब्राजील के पूर्व राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो पर ब्राजील द्वारा लगातार चलाए जा रहे मुकदमे के कारण लगाए गए अमेरिकी प्रतिबंधों का हिस्सा है जो तख्तापलट की कोशिश करने के आरोप में नजरबंद हैं। ग्लोबोन्यूज के साथ एक साक्षात्कार में पैडिल्हा ने कहा कि बोल्सोनारो का गुट इस कदम के पीछे है तथा उन्होंने इस सोच का मजाक उड़ाया कि 10 साल का बच्चा अमेरिका के लिए खतरा बन सकता है। इस महीने की शुरुआत में अमेरिकी प्रशासन ने ब्राजील के सामानों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया था और ब्राजील के सुप्रीम फेडरल कोर्ट पर बोल्सोनारो मामले को छोड़ने के लिए दबाव डाला था।

## अल्जीरिया में बस दुर्घटना में 18 की मौत

**अल्जीयर्स।** अल्जीरिया की राजधानी अल्जीयर्स के पूर्व में ईएल हर्राच क्षेत्र में शुक्रवार को एक यात्री बस पुल से नदी में गिरने से कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और अन्य नौ घायल हो गए हैं। अल्जीरिया की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने इस दुर्घटना की जानक. ारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना शाम लगभग 5:45 बजे हुई। उन्होंने बताया कि घायलों में से दो की हालत गंभीर है। पीड़ितों को स्थानीय अस्पताल ले जाया गया है जबकि मृतकों के शवों को शवगृह में रखा गया है। एजेंसी ने दुर्घटना की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर 25 एम्बुलेंस, 16 गोताखोर और चार नावों को भेजकर बचाव कार्य शुरू किया।

# सीएटल के स्पेस नीडल पर पहली बार तिरंगा फहराया

## वर्ष 1962 में वर्ल्ड फेयर के लिए निर्मित स्पेस नीडल अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के तकनीकी केंद्र सीएटल का प्रतीक है

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अमेरिका के सीएटल शहर में उस समय एक ऐतिहासिक पल देखने को मिला जब पहली बार प्रतिष्ठित स्पेस नीडल पर भारतीय तिरंगा फहराया गया। वर्ष 1962 में वर्ल्ड फेयर के लिए निर्मित स्पेस नीडल अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिम क्षेत्र के तकनीकी केंद्र सीएटल का प्रतीक है।

इस ऐतिहासिक क्षण में सीएटल के मेयर ब्रूस हेरेल, भारत के महावाणिज्य दूत और शहर के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने हिस्सा लिया उन्होंने अमेरिका के प्रशांत उत्तर-पश्चिम में एक तकनीकी केंद्र के रूप में सीएटल को स्थापित करने में भारतीय अमे. रिकी प्रवासियों के योगदान की सराहना की। भारतीय वाणिज्य दूतावास द्वारा अलग से एक सामुदायिक स्वागत समारोह का आयोजन सुंदर केरी पार्क में किया गया, जहां से सीएटल के क्षितिज का व्यापक दृश्य दिखाई दे रहा था तथा पृष्ठभूमि में स्पेस नीडल के शीर्ष पर भारत का तिरंगा ध्वज लहरा रहा था, जहां बड़ी संख्या में भारतीय अमेरिकी समुदाय के सदस्य इस ऐतिहासिक दृश्य देखने के लिए उपस्थित थे। केरी पार्क स्वागत समारोह में कई अमेरिकी गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए जिनमें अमेरिकी कांग्रेस सदस्य एडम स्मिथ, वाशिंगटन सुप्रीम कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश माननीय डेबरा एल- स्टीफंस, सिएटल पोर्ट कमिश्नर सैम चो और सीएटल पार्क एवं मनोरंजन के अधीक्षक/निदेशक एपी डियाज़ शामिल हैं। स्मिथ ने ऐतिहासिक समारोह का स्वागत किया और कहा कि स्पेस नीडल के ऊपर फहराया गया भारतीय तिरंगा इस क्षेत्र की विविधता और भारत तथा प्रशांत उत्तर-पश्चिम के बीच मजबूत संबंधों का प्रतीक है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय गीत, भारतीय कला रूपों को प्रदर्शित करने वाली सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुति और प्रसिद्ध कलाकार और अभिनेता पीयूष मिश्रा द्वारा काव्य पाठ शामिल रहा। सीएटल, स्पोकेन, टैकोमा और बेलेव्यू सहित किंग काउंटी ने 15 अगस्त को भारत दिवस घोषित किया। ल्यूमेन स्टेडियम, टी-मोबाइल स्टेडियम, वेस्टिन, सीएटल ग्रेट व्हील और स्पेस नीडल सहित कई प्रतिष्ठित इमारतें तिरंगे के रंगों में रोशन हुईं। टैकोमा डोम, टैकोमा सिटी हॉल और टैकोमा पुलिस व अग्निशमन विभाग के मुख्यालयों पर भी तिरंगा फहराया गया। उल्लेखनीय है कि नवंबर 2023 में सीएटल में भारत के छठे वाणिज्य दूतावास के खुलने के बाद से भारत और इस क्षेत्र के बीच संबंध और गहरे हुए हैं।

# द.कोरिया के विदेश मंत्री के साथ सार्थक बातचीत: जयशंकर

## दोनों देशों में हिन्द-प्रशांत और समकालीन वैश्विक विकास पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ



■ हमने विशेष रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूरे होने पर बढ़ते सामंजस्य और जुड़ाव की सराहना की

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री चो ह्यून के साथ अपनी वार्ता को सार्थक बताते हुए कहा है कि इससे द्विपक्षीय सहयोग मजबूत बनेंगे। दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्री भारत यात्रा पर हैं और उन्होंने शनिवार को यहां डॉ. जयशंकर के साथ वार्ता की।

दोनों नेताओं के बीच बैठक के बाद डा. जयशंकर ने कहा कि कोरियाई विदेश मंत्री के साथ उनकी बातचीत सार्थक रही। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि आज सुबह दक्षिण कोरिया के विद. ेश मंत्री चो ह्यून से मिलकर प्रसन्नता हुई। व्यापार, विनिर्माण, समुद्री क्षेत्र और लोगों के बीच आदान-प्रदान के साथ-साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वच्छ ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र में नए अवसरों पर हमारे द्विपक्षीय सहयोग को आगे बढ़ाने पर उपयोगी चर्चा हुई। हिन्द-प्रशांत और समकालीन वैश्विक विकास पर भी विचारों का आदान-प्रदान हुआ। हमने विशेष रणनीतिक साझेदारी के 10 वर्ष पूरे होने पर बढ़ते सामंजस्य और जुड़ाव की सराहना की। वार्ता शुरू होने से पहले डा. जयशंकर ने अपने प्रारंभिक वक्तव्य में कहा कि दक्षिण कोरिया के साथ रणनीतिक साझेदारी की 10वीं वर्षगांठ पर भारत दोनों देशों के बीच संबंधों को प्रगाढ़ बनाने तथा इन्हें नई ऊंचाई पर ले जाने का इच्छुक है। विदेश मंत्री चो का स्वागत और उन्हें कोरिया का विदेश मंत्री चुने जाने पर बधाई देते हुए डा. जयशंकर ने कहा कि अपने पुराने मित्र का नए सहयोगी के रूप में स्वागत करते हुए उन्हें प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा कि कोरिया के राष्ट्रीय दिवस और भारत के स्वतंत्रता दिवस के ठीक एक दिन बाद उनका भारत यात्रा पर आना दोनों देशों के बीच रिश्तों के महत्व को दर्शाता है। डा. जयशंकर ने कोरिया के राष्ट्रीय मुक्ति दिवस की शुभकामनाएं देते हुए का कहा कि यह यात्रा कई मायनों में बहुत ही महत्वपूर्ण समय पर हो रही है-यह हमारी विशेष रणनीतिक साझेदारी की 10वीं वर्षगांठ है, और मुझे कनाडा के कनानसकिस में आपके राष्ट्रपति से मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री के साथ रहने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वैसे यह एक बहुत ही अच्छी मुलाकात थी और मैं आपको बताना चाहूंगा कि उनके बीच बहुत गहरा रिश्ता था।

# दक्षिण कोरिया में सैनिकों की संख्या में छह वर्षों में आई 20 प्रतिशत की कमी

## जिसका एक बड़ा कारण युवा पुरुषों की घटती संख्या है और यदि यह जारी रहा, तो परिचालन संबंधी कठिनाई उत्पन्न हो सकती है

**सोल।** दक्षिण कोरिया में पिछले छह वर्षों में सेना में सैनिकों की संख्या में 20 प्रतिशत की कमी आने से कुल संख्या 450000 रह गई है, जिसका मुख्य कारण विश्व में सबसे कम जन्म दर वाले देश में अनिवार्य सेवा के लिए भर्ती होने की आयु वाले पुरुषों की जनसंख्या में भारी गिरावट और पुरुषों का सेना के प्रति रूझान में कमी आना है।

दक्षिण कोरिया की जन्म दर पिछले एक दशक में काफी गिरी है जिससे क्षेत्रीय खतरों और वैश्विक संघर्षों के बीच सेना के लिए परेशानी पैदा हो गई हैं। सीएनएन की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक दक्षिण कोरिया में पिछले छह वर्षों में सैनिकों की संख्या में 20 प्रतिशत की गिरावट आई है जिसका एक बड़ा कारण युवा पुरुषों की घटती संख्या है और यदि यह जारी रहा तो परिचालन संबंधी कठिनाई उत्पन्न हो सकती है। इस बीच रक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट में इस गिरावट के लिए 'जटिल कारकों' को ज़म्मिदार ठहराया गया है जिनमें जनसंख्या में गिरावट और सेना में 'सैनिकों जैसा कठोर व्यवहार' होने के कारण पुरूषों में सैन्य अधिकारी बनने की इच्छा में आई कमी भी शामिल है। हालांकि रिपोर्ट में इसके बारे में विस्तार से नहीं बताया गया है। रिपोर्ट के मुता. बिक वर्ष 2019 के 563000 की तुलना में इस वर्ष जुलाई तक सैनिकों की कुल संख्या 450000 रह गई है। पिछले सप्ताह सांसद चू मी-ए द्वारा साझा की गई रिपोर्ट में चेतावनी दी है कि अगर स्थाई सेना (सदस्यों) की संख्या में गिरावट जारी रही तो उच्च-स्तरीय जनशक्ति हासिल करना और परिचालन संबंधी कठिनाई उत्पन्न हो सकती है यह खबर पश्चिमी देशों के प्रमुख सहयोगी दक्षिण कोरिया के लिए उस बुरे समय में आई है जबकि उसके यहां बड़ी संख्या में अमेरिकी सैनिक तैनात हैं और उसकी अमेरिका के साथ पारस्परिक रक्षा संधि भी है।

# महिला दरोगा सहित पुलिसकर्मी घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुलंदशहर।** कोतवाली क्षेत्र में झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस टीम पर हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपियों ने पुलिस टीम के साथ अभद्रता व मारपीट की।

जिसमे महिला दरोगा समेत पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने चौकी प्रभारी की तहरीर पर छह महिलाओं समेत आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। औद्योगिक क्षेत्र चौकी प्रभारी रघुवीर सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गुरुवार की रात सरकारी कॉलोनी तेल मिल के पास महिलाओं के आपस में झगड़ा होने की सूचना पर वह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे थे।

घरेलू बंटवारे को लेकर कुछ महिलाएं व पुरुष आपस में मारपीट कर रहे थे। महिला दरोगा रजनी मावी, हेड कांस्टेबल संतोष ने झगड़ा कर रही महिलाओं को छुटाने का प्रयास किया तो, ज्योति, चंचल, ममता, बीना, रूक्मिणि, अन्नू शर्मा ने उनके साथ अभद्रता करते हुए हमला कर दिया।

# परिक्रमा मार्ग से लेकर पर्यावरण संरक्षण की परियोजनाएं हैं शामिल

**मथुरा।** मुख्यमंत्री ने बताया कि आज जिन योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया गया है हैं उनमें परिक्रमा मार्गों का सौंदर्यीकरण, प्रवेश द्वार, कुंडों का जीर्णोद्धार, श्रद्धालुओं की सुविधा, कनेक्टिविटी, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। उन्होंने पांचजन्य सभागार में भजन–कीर्तन और श्रीकृष्ण लीलाओं के आयोजन को भक्तिमय माहौल का हिस्सा बताया। मुख्यमंत्री ने जनप्रति. निधियों और संतों के प्रयासों की सराहना की, जिनके सहयोग से बृजक्षेत्र के विकास के प्रस्ताव स्वीकृत हुए। उन्होंने कहा कि सरकार और समाज मिलकर भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और संवर्धित करने के लिए कटिबद्ध हैं। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कान्हा और राधारानी के वेश में आए छह बच्चों को अपनी गोद में लिया और उन्हें दुलार किया। सीएम ने बच्चों को अपने हाथों से खीर भी खिलाई, साथ ही उनका अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया। इससे वहां मौजूद सभी लोग भावुक हो गए। उन्होंने बच्चों के माथे पर तिलक लगाया, मोती की माला पहनाई और उन्हें खिलौने भेंट किए। सीएम का यह सहज भाव देखकर श्रद्धालु अभिभूत हो गए। मुख्यमंत्री ने संतजनों का किया सम्मान मुख्यमंत्री ने परमपूज्य फूलडोल बिहारी लाल, हरिशंकर नागा, अनंत प्रभु जी, बलराम बाबा, सुतीक्ष्ण दास, राम देवानंद, सनंत कुमार, लाडली दास, अनंताचार्य, जयरामदास, कृष्णा देवी, माधवदास, लाडली एवं नृत्यदास जी को पुष्पमाला, अंगवस्त्रम, मिष्ठान आदि उपहार देकर सम्मानित किया।





## आधार कार्ड बदल ठगने वाला शातिर पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** पुलिस ने आधार कार्ड में फर्जी पते डलवाकर बैंक खाते खुलवाकर ठगी करने वाले आगरा के एक शातिर बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शातिर के पास से दो मोबाइल फोन, एक पैन कार्ड, एक ड्राईविग लाईसेंस, अलग–अलग पते के दो आधार कार्ड, एक वोटर आईडी कार्ड, एक पास बुक व चैक बुक बरामद की है। साइबर क्राइम थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश चतुर्वेदी ने बताया कि थाना ककोड़ के गांव शेरपुर निवासी दीपचंद पुत्र विजयपाल सिंह ने 5 नवंबर 2024 को साइबर थाने पर तहरीर दी थी। जिसमें बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके एसबीआई बैंक खाते को थर्ड पार्टी एड कर 28 जनवरी 2024 को 2 लाख 95 हजार रुपये आरटीजीएस के माध्यम से उज्जीव स्माल फाइनेंस बैंक में ट्रांसफर कर लिये हैं। जबकि उनके द्वारा कोई भी इंटरनेट बैंकिंग की सुविधा नहीं ली गयी थी।





























